सूर्योदय 7:00 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 18.2 अधि |
| धर्मशाला | 6.9 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81765.86 |
| निफ्टी | 24708.40 |
| सोना 77,890 | चांदी 95,897 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे रोहित, गुलाबी गेंद से बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगा भारत

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024 | 21 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 350, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### इसरो ने लांच किया प्रोबा 3 मिशन, होगी सूर्य स्टडी



**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने वीरवार को पीएसएलवी-सी 59 रॉकेट के जरिए प्रोबा-3 मिशन को सफलतापूर्वक लांच किया। प्रोबा-3 (प्रोजेक्ट फॉर ऑनबोर्ड ऑटोनोमी) में दो उपग्रह हैं, जिनमें दो अंतरिक्ष यान ने एक साथ उड़ान भरी। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया कि प्रक्षेपण के लगभग 18 मिनट बाद दोनों उपग्रहों को 'सही कक्षा' में स्थापित कर दिया गया। प्रोबा-3 दुनिया की पहली प्रेसिशन फॉर्मेशन फ्लाइंट सैटेलाइट है। प्रोबा-3 मिशन के तहत कोरोनाग्राफ और ऑकुल्टर सैटेलाइट को स्पेस में भेजा गया है। ये सैटेलाइट सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेंगे।

### पुष्पा-2 फिल्म के प्रीमियर में भगदड़, एक महिला की मौत

**हैदराबाद।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा -2' का बुधवार को हैदराबाद में प्रीमियर हुआ, जिसमें भगदड़ मच गई। संध्या थियेटर के बाहर भगदड़ मचने से एक महिला की मौत हो गई और दो घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह अफरा-तफरा तब मची, जब स्क्रीनिंग के दौरान एक्टर अल्लू अर्जुन को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी और वहां भगदड़ जैसा माहौल बन गया था।

### बिटकॉइन की कीमत 1,00,000 डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करंसी बिटकॉइन ने 1,00,000 डॉलर की उछाल दर्ज की है। बिटकॉइन 4.39 प्रतिशत की बढ़त के बाद 1,03,095 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। बिनेंस में क्षेत्रीय बाजारों के प्रमुख विशाल सचेंद्रन के अनुसार, दुनियाभर की सरकारें और संस्थान ब्लॉकचेन तकनीक को अपना रहे हैं, इससे क्रिप्टो करंसी बाजार में सकारात्मकता का संचार हुआ है। साथ ही डिजिटल एसेट को अपनाने और निवेश का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मरीजों को खरीदनी पड़ रही महंगी दवाइयां -पेज 2
- हिमाचल में दो दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना -पेज 3
- ईसपुर में प्रवासी मजदूरों की 12 झुग्गियां जलकर राख -पेज 10
- दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास ने राजनीति से लिया संन्यास -पेज 13
- मात्र 100 रनों पर सिमटी महिला टीम -पेज 14


# हर हलके में बनेंगे स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

## सीएम सुक्खू ने नवाजे 21 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, निषाद को 7.80 करोड़ का इनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में 21 खिलाड़ियों को 14.77 करोड़ रुपए की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाए जाएंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों का शूटिंग रेंज, स्वीमिंग पूल, बॉक्सिंग, कुश्ती, लॉन टेनिस कोर्ट बना रहे हैं और पूरे 68 विधानसभा क्षेत्रों में इसका निर्माण कार्य अगले वर्ष शुरू करने जा रहे हैं। एक खेल परिसर पर 50 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होगी, जहां स्विमिंग पूल की व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इंडोर अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्टेडियम बनाने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं, जो कि अक्तूबर 2025 में बनकर तैयार हो जाएंगे। 20 महीने के भीतर यह स्टेडियम बनकर तैयार हुआ है। मुख्यमंत्री ने ऊना जिले से संबंध रखने वाले निषाद कुमार को 7.80 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की। निषाद ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में रजत पदक, पेरिस पैरालंपिक 2024 में रजत पदक, पैरा एशियन गेम्ज चीन-2023 में स्वर्ण पदक व वर्ल्ड गेम्ज पुर्तगाल-2022 में रजत पदक हासिल किया था। मंडी जिले से संबंध रखने वाले अजय कुमार को 2.50 करोड़, बिलासपुर जिले की हैंडबाल खिलाड़ी कुमारी दीक्षा, कुमारी शालिनी ठाकुर, कुमारी प्रियंका ठाकुर, कुमारी निधि शर्मा, सोलन जिले की मिताली शर्मा, भावना और कुमारी मेनका को एशियन गेम्ज चीन, 2023 में हैंडबाल खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 3-3 लाख रुपए प्रदान किए।

मंडी जिले से संबंध रखने वाली कुमारी अंजलि देवी को 3 लाख, शिमला जिले की क्रिकेट खिलाड़ी कुमारी रेणुका सिंह ठाकुर को 13.32 लाख व हमीरपुर जिले के विकास ठाकुर को 2 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने मंडी जिले के आशीष कुमार को 5 लाख तथा हमीरपुर जिले के विजय कुमार को 2 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पद्मश्री अजय ठाकुर और खेल जगत से जुड़ी हस्तियों को भी सम्मानित किया।



अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मंत्री विक्रमादित्य सिंह व अन्य।

### 6 खिलाड़ियों को दिए 33.32-33.32 लाख रुपए

**सिरमौर** जिले की ही कबड्डी खिलाड़ी कुमारी सुषमा शर्मा को 33.32 लाख व बिलासपुर जिले की कबड्डी खिलाड़ी कुमारी निधि शर्मा को 33.32 लाख रुपए प्रदान किए गए। सोलन जिले की कबड्डी खिलाड़ी कुमारी ज्योति को भी 33.32 लाख रुपए प्रदान किए गए। वहीं, एशियन गेम्ज 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे ऊना जिले के कबड्डी खिलाड़ी विशाल भारद्वाज को 33.32 लाख व सिरमौर जिले की कबड्डी खिलाड़ी रितु नेगी को 33.32 लाख और कुमारी पुष्पा को 33.32 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की। शिमला जिले की फेंसिंग खिलाड़ी ज्योतिका दत्ता को एशियन गेम्ज चीन 2023 और एशियन गेम्ज 2018 जकार्ता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 3 लाख रुपए प्रदान किए।

### सीएम ने स्टेज से उतर दिव्यांग खिलाड़ी को दिया सम्मान

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने एक बार फिर संवेदनशीलता का परिचय दिया। खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए जब एक-एक कर सभी खिलाड़ियों को मंच पर बुलाया जा रहा था, तो इसी बीच बोशिया खिलाड़ी अंजली देवी का नाम पुकारा गया, जो व्हील चेयर पर बैठी थीं। जब मुख्यमंत्री ने देखा कि व्हील चेयर पर बैठी खिलाड़ी मंच पर नहीं आ सकती तो संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उन्होंने मंच पर खड़े गणमान्य लोगों को स्टेज से नीचे उतरने का इशारा किया और खुद पहल करते हुए स्टेज से नीचे उतर गए। सीएम मंच से उतरे और पैरा खिलाड़ी अंजली को उनके स्थान पर ही जाकर सम्मानित किया। वह खुद बोशिया पैरा खिलाड़ी अंजली देवी के पास पहुंचे और उन्हें तीन लाख रुपए का चेक के साथ-साथ हिमाचली टोपी और शॉल भेंट की। मुख्यमंत्री के इस कदम को देखकर पूरा पंडाल जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# देवेंद्र फडणवीस बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

## शिंदे और अजित पवार ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ



**एजेंसी, मुंबई**

भाजपा विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने वीरवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे व अजित पवार ने डिप्टी सीएम के पद की शपथ ली।

शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा भाजपा नीत महायुति के हजारों समर्थक शामिल हुए। नागपुर दक्षिण पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित फडणवीस (54) तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने फडणवीस और शिंदे और पवार को पद की शपथ दिलाई। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में भाजपा के 132 सीट जीतने के साथ ही फडणवीस मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार बनकर उभरे थे। महायुति के घटक दलों-भाजपा, शिवसेना और राकांपा के पास विधानसभा में कुल मिलाकर 230 सीट हैं।

### झारखंड में 11 विधायक बने मंत्री

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के छह विधायकों सहित 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजभवन के अशोक उद्यान में मंत्रियों को शपथ दिलाई। मंत्री पद की शपथ लेने वाले झामुमो के छह विधायक सुदिव्य कुमार, दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद और हाफिजुल हसन हैं। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी और राधाकृष्ण किशोर ने मंत्री पद की शपथ ली, जबकि राजद के संजय प्रसाद यादव को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई।

# मलां के मझेटली में बस ने रौंदी कार, मां की मौत, बेटा घायल

## अनियंत्रित निजी बस घर में घुसी, युवक निकाल रहा था कार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**नगरोटा** बगवां थाना के तहत धर्मशाला-पालमपुर रोड पर मलां के पास मझेटली गांव में एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि कार चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

युवक को टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। निजी बस वीरवार सुबह करीब 9 बजे धर्मशाला से मनाली जा रही थी और मझेटली में तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर जिस घर से कार निकल रही थी, उसी में जा घुसी।

बस की चपेट में आने से कार नंबर (एचपी 40 सी-9664) नीचे दब गई। चालक की मां बिंता देवी (60) जो गेट पर खड़ी थी, वह गेट व कार के बीच में दब गई, जिसे गंभीर अवस्था में नगरोटा बगवां अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बस के नीचे दबी कार को जेसीबी और इलेक्ट्रॉनिक कटरों की मदद से काटकर चालक चंदन कुमार (34) को बाहर निकाला। युवक को टांडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज जारी है। वहीं, बस चालक मौके से फरार हो गया। निजी बस में 25 से 30 सवारियां थीं, जो सभी सुरक्षित हैं। हादसे के बाद मलां-डाढ रोड पर ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे यात्रिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सवारियों के घायल होने का कोई भी जानकारी नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

वहीं, टांडा मेडिकल कॉलेज में महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। ट्रैफिक पुलिस प्रभारी ने बताया कि बस चालक पुलिस थाना में हाजिर हो गया है।



**बस चालक मौके से भागा, बाद में पुलिस थाने पहुंचा**

# अडानी मुद्दे पर प्रदर्शन, जेपीसी की मांग दोहराई

## संसद के बाहर कांग्रेस सांसदों ने पहनी जैकेट, पीछे लिखा 'मोदी-अडानी एक हैं, अडानी सेफ हैं'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** के शीतकालीन सत्र के 8वें दिन विपक्षी सांसद काली जैकेट पहनकर संसद पहुंचे और गली-गली में शोर है, मोदी-अडानी चोर हैं, के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने अडानी समूह से जुड़े मुद्दे को लेकर संसद परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया और मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग दोहराई। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कुछ अन्य दलों के सांसदों ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए और जवाबदेही तय किए जाने की मांग की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस सदस्यों ने जैकेट पहन रखी थी, जिसके पीछे 'मोदी-अडानी एक हैं, अडानी सेफ हैं' लिखा हुआ था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अमेरिकी अदालत ने कह दिया है कि भारत में भ्रष्टाचार हुआ है, लेकिन सरकार संसद में चर्चा करने को तैयार नहीं हैं। अडानी का नाम लेने पर हमारा मुंह बंद करा दिया जाता है, इसलिए हम विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।





### हंगामा करने से वोट नहीं मिलेंगे: रिजिजू

**विपक्षी** सांसदों के प्रदर्शन पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि जहां तक जीरो अवर (शून्यकाल) का सवाल है, स्पीकर सर ने कहा था कि उनकी (विपक्ष) और इधर वालों (सत्ता पक्ष) दोनों की बात सुनेंगे, लेकिन वे रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर सदन में आए। जो नियम बनाया गया था कि प्लेकार्ड्स लेकर सदन में नहीं आएंगे। इन्होंने नियम तोड़ा है। संसद के बाहर रंग-बिरंगे कपड़े पहनने का इन्होंने जो फैशन शो शुरू किया है, ये हमारी संसदीय गरिमा को गिराता है। हंगामा करने से वोट नहीं मिलता। अच्छा व्यवहार करने से ही लोग पसंद करते हैं।

### गोगोई बोले- मोदी अब संभल में आग लगाना चाहते

**असम** से सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि भाजपा झूठ बोल रही है। वे संसद नहीं चलाना चाहते। राहुल गांधी देश में शांति कायम करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने जिस तरीके से मणिपुर में आग लगाई, वैसे ही संभल में आग लगाना चाहते हैं। राहुल गांधी को संभल जाने से रोका गया।

### विपक्ष कर रहा सरकार गिराने की कोशिश: निशिकांत

**भाजपा** सांसद निशिकांत दुबे और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के बीच तीखी बहस हुई। निशिकांत दुबे ने आरोप लगाए कि विपक्ष सरकार गिराने की लगातार कोशिशें कर रहा है। निशिकांत ने राहुल गांधी से पूछा कि क्या आप खालिस्तान समर्थकों और कश्मीर का विभाजन चाहने वालों से नहीं मिले?

### राहुल राम मंदिर की परिक्रमा कर लेते तो खानदान तर जाता

**अडानी** मुद्दे पर विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जो अपने को विपक्ष का नेता कहते हैं, अच्छा होता कि वे अयोध्या के राम मंदिर की परिक्रमा कर लेते तो उनका पूरा खानदान तर जाता। यहां जो वे पॉलिटिकल नौटंकी कर रहे हैं, इससे अच्छा तो वे राजघाट पर जाकर बैठ जाते।

# दिल्ली में सुधरने लगी आबोहवा, सुप्रीम कोर्ट ने दी ग्रैप-4 में छूट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** प्रदूषण को लेकर वीरवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट दिल्ली में ग्रैप-4 पाबंदियों में छूट की अनुमति दी।

हालांकि, कोर्ट ने कहा कि पाबंदियां ग्रैप-4 से नीचे नहीं जानी चाहिए। दरअसल, कमेटी फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (एक्यूआई) ने बताया कि दिल्ली की हवा में प्रदूषण कम हुआ है, इसलिए अब हमें ग्रैप की पाबंदियां कम करने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि आगे और मॉनिटरिंग की जरूरत है। अभी हम कमीशन को ग्रैप-2 लागू करने की इजाजत देते हैं। बेहतर होगा कि कमीशन ग्रैप-3 की भी कुछ जरूरी पाबंदियों को लगाए रखें। साथ ही अगर कभी भी एक्यूआई 350 के पार जाता है तो तुरंत ग्रैप-3 की पाबंदियां लगाई जाएं। ऐसे ही 400 पार जाने पर ग्रैप-4 की पाबंदियां फिर से लगाई जाएंगी। कोर्ट ने ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू रहने के दौरान मजदूरों को दिए गए हर्जाने को लेकर चार राज्यों से जानकारी ली। दिल्ली सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट शादान फरासत ने कहा कि हमने 90 हजार मजदूरों को 2-2 हजार का भुगतान किया है।









**कार्रवाई** बिना अनुमति धरने पर बैठने के लिए दलित प्रेरणा स्थल की ओर निकले थे किसान

# नोएडा में धरने पर बैठे 34 किसान गिरफ्तार

**एजेंसी, नोएडा (उप्र)**

**उत्तर** प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में जीरो प्वाइंट पर धरने पर बैठे 34 किसानों को गिरफ्तार किया है। 'संयुक्त किसान मोर्चा' के किसान बिना अनुमति के धरने पर बैठने के लिए जीरो प्वॉइंट से नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल की ओर निकले थे, जिन्हें नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें किसान संगठनों के दो बड़े नेता शामिल हैं।

पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान नेता 'जीरो प्वाइंट' पर बुधवार रात को धरने पर बैठे थे। रात के समय किसान नेता सुखबीर खलीफा, रुपेश वर्मा के नेतृत्व में किसान 'जीरो प्वॉइंट' स्थित धरना स्थल से दलित प्रेरणा स्थल पर धरना देने के लिए निकल गए। किसान नेताओं ने घोषणा की थी कि वीरवार को दोपहर 12 बजे 'जीरो प्वॉइंट' पर एक बैठक होगी, जिसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि 'जीरो प्वाइंट' से दलित प्रेरणा स्थल की ओर बढ़ रहे 34 किसानों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बुधवार को भी कुछ किसान नेताओं को दलित प्रेरणा स्थल पर शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, जिन्हें रिहा कर दिया गया।

जेल से रिहा होने के बाद कई प्रदर्शनकारी यमुना एक्सप्रेस-वे के 'जीरो प्वॉइंट' पर जारी किसान पंचायत में शामिल हुए, जहां सभी ने धरना-प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया।



**'जीरो प्वॉइंट' पर बैठक कर बनानी थी आगे की रणनीति**

## न्यूज ब्रीफ

### हार्मोनी स्कूल ने ठोढा प्रतियोगिता में जीते 9 पदक



**दशमी रावत, रोहड़ू।** 5वीं राष्ट्रीय ठोढा प्रतियोगिता का आयोजन 29 नवंबर से 1 दिसंबर 2024 को भारत के सबसे बड़े राज्य राजस्थान की राजधानी जयपुर के विकास नगर नीलगिरी होटल में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में हार्मोनी पब्लिक स्कूल रोहड़ू के 7 छात्रों ने अपनी प्रतिभागी दायर की। छात्रों ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाकर 9 पदक हासिल किए, जिसमें से 1 स्वर्ण, 1 रजत व 7 कांस्य पदक अर्जित किए गए। छात्रों के इस समूह में तनिश संग्रेल द्वारा मॉडर्न ठोडा में स्वर्ण पदक, सक्षम शर्मा, सार्थक पुंटा, सुजल गार्डी द्वारा कुलसो में कांस्य पदक, नवजोत कलस्याण द्वारा कुलसो में रजत पदक, आदक्ष संग्रेल व आरव पुंटा द्वारा कुलसो और मॉडर्न ठोडा में कांस्य पदक हासिल किए गए।(अनंत ज्ञान)

### पर्यावरण संरक्षण में जुटे सरैंन के एनएसएस स्वयंसेवक



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरैन के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ईकाई के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सराहनीय पहल की है। स्वयंसेवकों ने एक कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य प्रताप सिंह नेगी और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार हिम्टा के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र अधिकारी वन परिक्षेत्र सरैन, वन मण्डल चौपाल राजीव कुमार छिन्टा को देवदार के बीस हजार बीज के दाने सौंपे। प्रताप सिंह नेगी ने बताया कि स्वयंसेवियों ने यह बीज सुबह शाम घर से स्कूल आते जाते एकत्रित किए है। इस कार्य का मकसद जहां अगले वर्ष देवदार की नर्सरी तैयार करना है, वहीं इससे समाज में यह संदेश भी दिया जाएगा कि पर्यावरण संरक्षण में वनों का कितना बड़ा योगदान है।(अनंत ज्ञान)

### नेरवा में 8 को होगा व्यापारी मिलन-2024 कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** 8 दिसंबर को व्यापार मंडल नेरवा का व्यापारी मिलन कार्यक्रम-2024 तथा सालाना बैठक व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भिख्टा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के इस साल के आय और व्यय का ब्यौरा व्यापारियों के समक्ष रखा जाएगा एवं साथ ही व्यापारियों के समस्याओं पर मंथन किया जाएगा । राजीव भिख्टा ने बताया कि इस मौके पर अगले वर्ष नेरवा में एक व्यापार मेला आयोजित करने पर भी चर्चा की जाएगी तथा इस बारे समस्त व्यापारियों से सुझाव लिए जाएंगे। व्यापार मंडल से सम्बन्ध होटल और ढाबा यूनियन के अध्यक्ष बलदेव तंगड़ाईक ने बताया कि हर साल की तरह बैठक के बाद व्यापारियों के लिए गेट टू गेदर पार्टी का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समस्त व्यापारियों से आग्रह किया है कि रविवार को ठीक 11 बजे बैठक में भाग लेने के लिए आयोजन स्थल पर पंहुच जाएं।

### बिजली बिल जमा न करवाने वालों के कटेंगे कनेक्शन

**शिमला।** शिमला शहर में बिजली का बिल जमा नहीं करवाने वालों के अब कनैक्शन कटेंगे। इस बारे में राज्य बिजली बोर्ड ने अब अंतिम चेतावनी कर दी है। शहर में 15 बिजली के बिल जमा नहीं करवाने वालों को 15 दिनों का मौका दिया गया है। 15 दिनों के अंदर भी अगर कोई बिजली का बिल जमा नहीं करवाता है तो फिर बिजली बोर्ड प्रबंधन बिजली का कनैक्शन काट देगा। जानकारी के अनुसार शिमला में जतोग उपमंडल के तहत टुटूए मज्याटए, लोअर टुटूए, तवीए संदल, चक्करए, एमईएस, एरियाए, जतोगए, हीरानगरए, पनेशए, बनुटीए जुब्बड़हट्टीए, तारादेवीए, शोघी इंडस्ट्रियल एरियाए संकट मोचन, कच्ची घाटी में कई उपभोक्ताओं ने पिछले 2 महीने से बिल जमा नहीं करवाए हैं। 19 दिसम्बर से पहले अगर इनमें से बिल जमा नहीं किया जाता है तो फिर बिजली बंद कर दी जाएगी।

## आईजीएमसी में सस्ती दुकानें होने पर भी निजी कैमिस्टों के पास भेजे जा रहे मरीज

# मरीजों को खरीदनी पड़ रही महंगी दवाइयां

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

सरकार व प्रशासन भले ही आईजीएमसी में सस्ती दवाइयां देने को लेकर दावें कर रहा हो, लेकिन यहां पर स्थिति कुछ ओर ही ब्यां कर रही है। सवाल तो यह है कि अस्पताल के बाहर 6 से 7 के करीब सस्ते दवाइयों की दुकानें खोली गई है। एक भी दुकानों में मरीजों को आधे से ज्यादा दवाइयां नहीं मिल पा रही है। अस्पताल के बाहर जैनरिक व सिविल सप्लाई की दुकानों को स्थापित किया गया है।

इन सभी दुकानों में दवाइयां न मिलने के चलते मरीजों को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जहां एक तरफ आईजीएमसी के बाहर सस्ती दुकानों में सुबह से शाम तक मरीजों की भीड़ लगी रहती है और लोग दवाइयां लेने के लिए खड़े रहते है।

इन दिनों सस्ती दवा दुकानों की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि उनके पास नॉर्मल दवाइयां मिल पानी मुश्किल है। वहीं कई बार तो सिरिंज तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वहीं जो भी मरीज दुकानों में जा रहा है उन्हें तुरंत प्रभाव से कहा जाता है कि आप इन दवाइयों को बाजार की दुकानों से खरीदों।




हालांकि अस्पताल के बाहर यह दुकानें इसलिए खोली है कि मरीजों को कम दाम पर दवाइयां मिले, लेकिन मरीजों को दवाइयां नहीं मिल पा रही है। लोगों का आरोप है कि इन सस्ती दुकानों में दवाइयां उपलब्ध न हो पाना एक तरह से धांधली है। (अनंत ज्ञान)

### चिकित्सक को जरूर दिखाएं दवाई

**मरीज** कैमिस्टों की दुकान से दवाइयां लेता है तो वह दवाइयां खरीदने के बाद चिकित्सक को दिखाए। आईजीएमसी में इस तरह के कई मामले सामने आए हैं जब चिकित्सक ने घटिया और गलत दवाईयों को वापस कैमिस्टों को भेजा है।

### दवाइयां न मिलने से लोग दर-दर भटक रहे

**नरेंद्र,** करण, जीवन, निशा, सुमंम, कांता देवी, करतार सिंह, रमेश, अक्षय, रीना आदि का कहना है कि दवाइयां न मिलने से लोग दर दर भटक रहे हैं। सरकार से मांग करते है कि सस्ती दुकानों में मिलने वाली दवाइयों की जांच कर और मरीजों को सारी दवाईयां उपलब्ध करवाए। हिमाचल के दूर-दराज क्षेत्र से लोग आते हैं। उनके लिए सस्ती दवाइयों का प्रावधान होना चाहिए।

### निजी दुकान वाले करते हैं दवाइयां देने से मना

**अगर** पहले मरीज कुछ दवाईयां सस्ती दुकानों से लेता है और कुछ दवाइयां जो उनके पास नहीं मिलती है। उसके बाद जब वह निजी दुकान में जाता है तो निजी दुकान वाले दवाइयां देने ही मना कर देते है। वह साफ तौर पर कहते है कि आप हमारे से सारी दवाइयां क्यों नहीं ले जाते हैं। ऐसे में मरीज पूरे बाजार में दवाइयां लेने के लिए भटकता रहता है। तब आई.जी.एम.सी. में उपचाराधीन मरीज परेशानी झेलने को मजबूर हो जाता है।

> आईजीएमसी में जनऔषधी की दुकान में दवाइयां मिल रही है। वहीं जैनरिक स्टोर से तो निशुल्क दवाइयां दी जाती हैं। सरकार की तरफ से जितनी दवाइयां निशुल्क दी जा रही है वह जैनरिक स्टोर में उपलब्ध होती है। मरीजों को दवाइयां न मिलने को लेकर जांच की जाएगी। मरीजों के साथ खिलवाड़ बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएंगा।
> –सीता ठाकुर, प्रिंसिपल आईजीएमसी।

# जनता की समस्याएं हल करें अधिकारी : शिक्षा मंत्री



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए शिक्षा मंत्री व अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जिला शिमला लोक शिकायत निवारण समिति की बैठक को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन सभागार आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने की।

बैठक में समिति के सदस्यों ने आम जनता से जुड़ी लगभग 101 समस्याओं को उठाया। इसके अतिरिक्त गत बैठक में उठाए गए मामलों की भी समीक्षा की गई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि समिति के सदस्यों ने जो आज क्षेत्र की जनता की समस्याओं को रखा है उनके निवारण के लिए जिला के सभी अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर समयबद्ध निपटारा करें ताकि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निदान हो सके। उन्होंने कहा कि समिति की अगली बैठक इसी वित्तीय वर्ष के 31 मार्च से पूर्व ही आयोजित की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस बैठक में अधिकतर विभागों से जुड़े मामले सामने आए है। सड़कों के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया जा रहा है ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। वहीं बिजली एवं पानी की योजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शिक्षा मंत्री को आश्वासन दिया कि जो भी दिशा निर्देश आज बैठक में दिए गए है उन पर अवश्य रूप से अमल किया जाएगा ताकि जिला के आमजन को उसका लाभ मिल सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी भी उपस्थित रहे।

दुर्गम क्षेत्रों में विभागों में रिक्त पड़े पदों भरने किए जाएंगे प्रयास शिक्षा मंत्री ने कहा कि जिला शिमला के डोडरा क्वार जैसे दुर्गम क्षेत्रों तक लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो यही हमारे सरकार की प्राथमिकता है।

# शिमला में मोटापे के कारणों का पता लगाएंगे डॉक्टर व सर्जन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मोटापे के कारणों का पता लगाने के लिए 7 दिसंबर को आईजीएमसी में देशभर के डॉक्टर व सर्जन जुटेंगे। मोटापे पर जागरूकता बढ़ाने और इसके उपचार के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम राजधानी शिमला में आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में देशभर के प्रमुख डॉक्टर और विशेषज्ञ सर्जन शामिल होंगे। यह आयोजन इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के अटल सभागार में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगा। कार्यक्रम का आयोजन ओबेसिटी सर्जरी सोसाइटी ऑफ इंडिया और आईजीएमसी के सर्जरी विभाग के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य मोटापे के उपचार, प्रबंधन और इससे जुड़ी जटिलताओं के बारे में जागरूकता फैलाना है। इसमें मोटापा रोधी दवाओं, सर्जिकल तकनीकों और जीवनशैली में बदलाव के महत्व पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

आईजीएमसी के सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. पुनीत महाजन ने गुरूवार को बताया कि यह कार्यक्रम मोटापे से पीड़ित लोगों के लिए एक बेहतर उपचार योजना तैयार करने में मददगार साबित होगा। इसमें विशेषज्ञ डॉक्टर मोटापे के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे, जिनमें मोटापा नियंत्रण के लिए नए इलाज और उपचार के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार किस बात का मना रही जश्न : वर्मा



**शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक बलबीर वर्मा ने कांग्रेस पार्टी और सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि को कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार किस बात का जश्न मना रही है ? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल ठगों का टोला, यह लोग जहां भी जाते हैं वहां जनता को केवल ठगने का काम करते हैं।

जब से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है तब से केवल मात्र जनता ठगा महसूस कर रही है, हिमाचल प्रदेश में अगर किसी को लाभ मिल रहा है तो वह केवल मुख्यमंत्री के दोस्त यारों को मिल रहा है। कांग्रेस के देश और प्रदेश में अलग धड़े बन चुके हैं।

# जनजातीय क्षेत्र का दर्जा दिलवाने को होंगी बैठकें

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

चौपाल, नेरवा और कुपवी को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा दिलवाने के लिए केंद्रीय हाटी समिति चौपाल, नेरवा, कुपवी की बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इसी सिलसिले में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक 7 दिसंबर को समिति के अध्यक्ष श्याम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी,जिसमे चौपाल, नेरवा व कुपवी क्षेत्र के समस्त पंचायत प्रधान, जैलदार, नंबरदार एवं अन्य प्रभावशाली हस्तियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

इस मौके पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रजनीश किमटा का नागरिक अभिनन्दन भी किया जाएगा। केंद्रीय हाटी समिति अध्यक्ष श्याम शर्मा ने कहा कि 16 दिसंबर का दिन हाटियों के लिए काफी अहम् हो सकता है, क्योंकि इस दिन हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में हाटी आरक्षण पर कुछ संगठनों की याचिका पर लगे स्टे पर भी निर्णय आना है। उन्होंने कहा कि ऐसी आशा की जा सकती है कि इस निर्णय में हाटी आरक्षण पर लगा स्टे हट जाएगा, क्योंकि प्रदेश सरकार का रवैय्या भी हाटी आरक्षण को लेकर काफी साकारात्मक है । चौपाल, नेरवा व कुपवी के रीती रिवाज, रहन सहन, भौगोलिक परिस्थितियों व पहनावे आदि की समानता के चलते इस क्षेत्र को भी जनजातीय क्षेत्र का दर्जा दिलवाने के लिए आवाज बुलंद की जाएगी।

### विभाग शेष आपत्तियों का निष्पादन जल्द करें

**शिमला।** मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने बताया कि मतदाता सूची में दर्ज आपत्तियों के निपटारे को लेकर, डुप्लीकेट एपिक के निपटारे, गलत विलोपन के विरुद्ध सुरक्षा, सुपर निगरानी और अंतिम मतदाता सूची 2025 को राजनीतिक दलों के साथ साझा करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में फार्म 6 के तहत 6078 आपत्तियां दर्ज की गई, इनमें से 5462 का निपटारा किया जा चुका है। जबकि फार्म 7 के तहत प्राप्त आपत्तियों की संख्या 4821 है। इनमें से 4210 आपत्तियों को निपटारा किया जा चुका है। विभाग शेष आपत्तियों को निष्पादन तीव्रता से किया जाए।

### गतवाड़ की आम ग्राम सभा में कोरम पूरा



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत गतवाड़ की आम ग्राम सभा पूर्ण बहुमत से पूरी हुई। पंचायत प्रधान नवल किशोर बजाज ने जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत के विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए ग्राम पंचायत गतवाड़ के लोगों ने ग्राम सभा को पूर्ण करवाने में सहयोग दिया। इस ग्राम सभा मे बहुत से विकास कार्यों को पास किया गया। ग्राम सभा ने जीपीडीपी के तहत कार्य डाले गए। प्रधान नवल किशोर बजाज ने कहा कि किसी भी पंचायत के विकास में वहां की जनता का सहयोग बहुत जरूरी है अतः उन्होंने ग्राम सभा पूर्ण करने के लिए गतवाड़ की जनता का आभार व्यक्त किया। ग्राम सभा में विशेष रूप से कामगार बोर्ड बिलासपुर से जिला श्रम कल्याण अधिकारी स्वाति उपस्थित रहे। उन्होंने कामगार बोर्ड की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने मनरेगा में कार्य करने वालों को अपना पंजीकरण करवाने की प्रकिया बारे भी ग्राम सभा मे उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उप प्रधान अजय शर्मा ने ग्राम सभा को सफल बनाने के लिए आये सभी लोगों का धन्यवाद किया। इस ग्राम सभा मे पंचायत सचिव रमेश कुमार ने कार्यवाही पढ़कर सुनाई। ग्राम सभा मे उप प्रधान अजय शर्मा, वार्ड सदस्य शशि, देवराज, सुनीता, नीलम, शंकुतला, प्रवेश व बनिता शर्मा जल शक्ति विभाग से राजेश कुमार उपस्थित रहे।

### गर्ग ने कांग्रेस सरकार को लिया आड़े हाथ



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की दयनीय स्थिति को लेकर कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के कई पीएचसी में चिकित्सकों की भारी कमी है, तो घुमारवीं के सबसे बड़े अस्पताल सिविल अस्पताल घुमारवीं की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। वहीं, भराड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी लचर स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रहा है। गर्ग ने कहा कि सिविल अस्पताल घुमारवीं में मरीजों के टेस्ट नहीं हो रहे हैं। जिन मरीजों को मजबूरी में टेस्ट करवाने पड़ रहे हैं, उनकी रिपोर्ट तीसरे दिन आ रही है। इससे मरीजों व तीमारदारों की हालत का स्वयं ही अंदाजा लगाया जा सकता है। घुमारवीं अस्पताल में दो एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद हैं, लेकिन सर्जन, बच्चों के विशेषज्ञ व स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भराड़ी में भी स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत नाजुक बनी हुई है। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग सहित सोहन लाल, कुंदन लाल, रघुनाथ, राजकुमार व विद्या देवी आदि ने बताया कि सुसनाल की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में चिकित्सक न होने के कारण करीब 20 हजार की आबादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जूझ रही है। पीएचसी में इलाज के लिए आने वाले लोगों का जिम्मा फार्मासिस्ट के कंधों पर है। स्थानीय लोग इलाज के लिए मजबूरन 10 से 12 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भराड़ी जाने को विवश हैं, जिससे समय और धन की बर्बादी हो रही है।

### बिलासपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर मनीषा गोयल ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडुता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले है, वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है। उन्होंने बताया कि मोटर व्हीकल चालान के मामलो ऑनलाईन, ई.पे के माध्यम से व न्यायालय में आकर लोक अदालत से पूर्व भी निपटाया जा सकता है। सचिव (सीनियर सिविल जज) जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर ने बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की निशुल्क कानूनी सहायता या सलाह के लिए प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबरों, टोल फ्री नंबर 15100 हिप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला, सचिव (सीनियर सिविल जज) जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर 01978 221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, बिलासपुर के नंबर 01978 224887 पर संपर्क कर सकता है।

# बॉक्सर स्वास्तिका ने नेशनल में जीती चांदी

## प्रदेश और जिले का नाम रोशन करने के लिए डीसी ने थपथपाई पीठ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

दिल्ली के साथ लगते नोएडा में संपन्न हुई डीएवी स्कूलों की नेशनल गेम्स में बिलासपुर डीएवी की स्वास्तिका ने बॉक्सिंग खेल में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। नोयडा में यह प्रतियोगिता 3 व 4 दिसंबर को संपन्न हुई। डीएवी बिलासपुर की बॉक्सर स्वास्तिका अंडर-17 आयु वर्ग और 56 से 60 किलोग्राम भार वर्ग में रिंग में उतरी। उनका फाइनल मुकाबला हरियाणा की बॉक्सर के साथ हुआ। बहुत कम अंकों के अंतराल से स्वास्तिका स्वर्ण पदक से चूक गई। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड की बॉक्सर को पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बनाई।



डीसी आबिद हुसैन सादिक के साथ डीएवी स्कूलों की नेशनल गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाली बिलासपुर डीएवी स्कूल की छात्रा स्वास्तिका।

वीरवार को बिलासपुर पहुंचने पर डीसी आबिद हुसैन सादिक ने स्वास्तिका की उपलब्धि पर गर्व करते हुए शाबाशी दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौर हो कि बिलासपुर जिले की ग्राम पंचायत बैहना जट्टां के गांव लधेड़ा की यह उदीयमान बॉक्सर ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक को अपने नाम कर अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। विकास खंड सदर में कार्यरत रमेश पुरी की बड़ी बेटी स्वास्तिका ने इस मुकाम को हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। धुन की पक्की स्वास्तिका का सपना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करना है। नगर के चंगर सेक्टर में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की जमा एक कक्षा की छात्रा मेडिकल की स्टूडेंट है। स्वास्तिका को बॉक्सिंग से इतना लगाव है कि वह पढ़ाई को जितना समय देती है, उतना ही अपने प्रिय खेल बाक्सिंग को भी देती है।

## वरिष्ठ नागरिक सभा की नगर परिषद के साथ बैठक आयोजित

# नगर परिषद पहले की तरह उठाए कूड़ा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बिलासपुर वरिष्ठ नागरिक सभा के आग्रह के बाद नगर परिषद के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक वीरवार को नप अध्यक्ष कमल गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा के महासचिव मस्त राम वर्मा शहर के साथ लगते ग्रामीण क्षेत्र से घर-द्वार से कूड़ा उठाने की योजना बारे चर्चा करते हुए परिषद द्वारा उठाए जाने वाले कूड़े पर प्रश्न उठाया कि पूर्व की भांति कूड़ा उठाया जाए, जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष ने सदन को बताया कि जैसे ही कूड़ा निष्पादन संयंत्र लग जाएगा तो संबंधित इलाकों भी कूड़ा से उठाया जाएगा। इसी प्रकार नगर परिषद के साथ लगते ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगाई गई लाईट्स, स्वीकृत सीढ़ियों के लिए बजट एवं गुरुद्वारा चौक से जिला पुस्तकालय तक पैदल रास्ते के निर्माण के लिए शीघ्र करने, गुरुद्वारा



चौक से लुहणु मैदान, कोर्ट रोड से शहीद पार्क तक पैदल मार्ग बनाने हेतु एस्टीमेट बनाने, शहर में बंद नालियों को खुलवाने आदि समस्याओं का जिक्र हुआ।

इसके अलावा शहर में सफाई कर्मियों द्वारा कूड़ा जलाने पर भी आपत्ति की गई। पैदल मार्ग को भी रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने और उनका उचित बसाव करने की बात की। नगरपरिषद विश्रामगृह के साथ ही विभिन्न आयोजनों के फलस्वरूप गंदे पानी व गंदगी से निजात दिलाने, आवारा पशुओं के आतंक से भी छुटकारा आदि मसले प्रमुखता से उठाए गए। इस पर नप अध्यक्ष कमल गौतम ने पैदल पथ के लिए जेई को एस्टीमेट बनाने, तथा अन्य समस्याओं के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया। सभा के पदाधिकारियों ने कार्यकारी अधिकारी प्रतिमा व नगर परिषद के स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### पेंशनर्स इकाई अमरपुर का गठन 8 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोशिएशन अमरपुर पनौल इकाई की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पेंशनर्स को आगामी 8 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शिव मंदिर अमरपुर के प्रांगण में होना तय हुआ है। इकाई के प्रधान दलीप सिंह ने बताया कि इसी दिन इकाई के चुनाव भी करवाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में जिला प्रधान जगदीश दिनेश मुख्यातिथि होंगे, जबकि चुनाव के लिए घुमारवीं खंड के प्रधान लेखराम व सचिन एनडी धीमान पर्यवेक्षक होंगे। उन्होंने सभी से बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है।

### खुले में कूड़ा फेंकने पर नगर परिषद वसूलेगी पांच हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में नगर परिषद ने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। अब शहर में कहीं पर भी कोई गंदगी फेंकता हुआ या फैलाता हुआ नजर आया तो उसे नगर परिषद की सख्ती का सामना करना पड़ सकता है। नगर परिषद ने साफ दिशा निर्देश जारी किए हैं कि अगर अब कोई खुले में कूड़ा फेंकता हुआ पाया गया तो उससे 5000 रुपए जुर्माना वसूल किया जाएगा तथा जुर्माना अदा ना करने पर उसके विरुद्ध नियमों अनुसार कार्रवाई की जाएगी। वीरवार को नगर परिषद कार्यालय में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसमें शहर में लोगों को आ रही दिक्कतों के साथ साथ शहर में बढ़ रही कूड़े की समस्या पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि जब तक सीमेंट फैक्टरी कूड़ा लेना शुरू नहीं करती है। तब तक नगर परिषद लोगों से लिया जाने वाला सूखा कूड़ा सैगरीगेट कर उन्हें पैकेट में इकट्ठा कर रखेगा तथा जब सीमेंट फैक्टरी कूड़ा लेना शुरू करेगी, तो कूड़ा वहां पर भेज दिया जाएगा। नप अध्यक्ष रीता सहगल ने लोगों से आग्रह किया कि शहर को साफ-सुथरा रखने में नगर परिषद का सहयोग करें।

**जायजा** प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर बिलासपुर में होने वाले समारोह की तैयारियां जोरों पर

# मंत्री नेगी बोले, समारोह प्रदेश के लोगों को समर्पित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए बिलासपुर में 11 दिसंबर को एक भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए राजस्व, बागवानी एवं जनजातिय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने वीरवार को सभी विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की और कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की विकास यात्रा के दो वर्ष पूरे होने पर यह समारोह प्रदेश के लोगों को समर्पित है। यह कार्यक्रम हमारी उपलब्धियों और जनता के सहयोग



कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते राजस्व, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी।

को उजागर करेगा। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि समारोह के दौरान किसी को कोई असुविधा न हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सभी प्रबंध समय से पहले पूरे किए जाएं। उन्होंने प्रत्येक विभाग से संबंधित तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर स्टेज को भव्य और व्यवस्थित रूप से तैयार किया जाएगा।

दर्शकों के लिए बैठने की पर्याप्त तथा सुविधाजनक व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा के लिए पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। यातायात को सुगम बनाने के लिए अलग से रूट प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की कवरेज हेतु मीडिया के लिए विशेष स्थान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

शहर भर में प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग और बैनर लगाए जा रहे हैं, जिनमें सरकार की उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम और एंबुलेंस कार्यक्रम स्थल पर तैनात रहेंगी। इसके साथ ही समारोह स्थल पर शौचालय, पेयजल और विद्युत आपूर्ति जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस अवसर पर विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।



## बच्चों से बातचीत



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज ओक ओवर से सचिवालय जाते हुए स्कूल जा रहे बच्चों से बातचीत की। सुक्खू ने कहा कि बच्चों की मासूमियत ने मेरे दिल को छू लिया। ईश्वर से मेरी कामना है कि इन चेहरों पर मुस्कान हमेशा बनी रहे।

# कांगड़ा के सभी शक्तिपीठों को 'वंदे भारत' ट्रेन से जोड़े केंद्र : भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हिमचाल के जिला कांगड़ा के लोकसभा सदस्य डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने संसद में रेलवे संसोधन बिल-2024 पर बोलते हुए मांग की कांगड़ा जिला की सभी शक्तिपीठों को वंदे भारत ट्रेन से जोड़ा जाए।

उन्होंने बिल के समर्थन में कहा कि इस समय वंदे भारत ट्रेन दिल्ली से अंब अंदोरा तक जाती है और मात्र एक पहाड़ को खोदने के बाद कांगड़ा जिला की ज्वालाजी, चामुंडा, बज्रेश्वरी देवी के शक्तिपीठ और अन्य धार्मिक स्थल वंदे भारत ट्रेन से जुड़ जाएंगे, जिससे देश विदेश के श्रद्धलुओं और पर्यटकों को सुविधा होगी।

उन्होंने कहा की धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल है, जहां तिब्बतियन धार्मिक गुरु दलाई लामा रहते हैं और इसके अतिरिक्त डल लेक जैसे पर्यटक स्थल हैं जहां पूरे विश्व से लोग घूमने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा की धर्मशाला तक वंदे भारत ट्रेन चलने से क्षेत्र समृद्ध होगा और रोजगार के साधन बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा को जोड़ने वाली एक मात्र रेलवे ज्यादातर हिचकोले खाती है और इस पठानकोट-जोगिंदरनगर रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज करने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा इस रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज करने के लिए फाइनल फिजिकल सर्वे करने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा की कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत डलहौजी, चंबा और खजियार जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल आते हैं तथा कहा कि चंबा रुमाल, चौगान और थाल की विश्व प्रसिद्धि है, लेकिन यह क्षेत्र अभी तक रेलवे नेटवर्क से नहीं जुड़ पाया है। उन्होंने आगामी रेलवे बजट में चंबा को पठानकोट से रेल लाइन द्वारा जोड़ने का अनुरोध किया। उन्होंने अधिनियम में रेलवे बोर्ड की भूमिका को बढ़ाने का स्वागत किया तथा कहा कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेगे।



फाइल फोटो

## न्यूज ब्रीफ

### जाहू पुलिस ने पकडी 96 ग्राम चरस, केस दर्ज

**एसके शर्मा, जाहू।** जाहू पुलिस ने भोटा-जाहू हाइवे पर नाके के दौरान कांगूघटी गांव के पास युवक से 96 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने चरस को कब्जे में लेकर युवक के खिलाफ केस दर्ज करके अगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान कृष्णा देवा (19) पुत्र त्रिलोक चंद गांव राजोल डा. ताल जिला हमीरपुर के तौर पर हुई है। पुलिस ने गत रात कांगूघटी गांव के पास नाका नाका लगाया गया था, तो उस समय एक युवक वहां से पैदल जा रहा था। पुलिस को देख करने उसने अपनी जेब से एक लिफाफा खेतों की तरफ फैंक दिया। जब पुलिस ने फैंके गए लिफाफ को चैक किया तो उसमें चरस पाई गई। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी फिरोज अख्तर ने मामले पुष्टि की है।



### ठारा गांव के पास पलटी कार, हादसा टला

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के सुलगवान से वाया लगमंवी सड़का मार्ग पर कार पलट गई। प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार सुलगवान से मंवी की तरफ कार जा रही थी कि अचानक ठारा गांव के पास कार पलटने से जोर का धमाका होने से आसपास के लोग इक्टठे हो गए। लोगों ने देखा की कार चालक बीच में फंसा हुआ था। बाद में लोगों ने कार को सीधा किया और कार चालक को बाहर निकाला। जाहू पुलिस चैकी प्रभारी फिरोज अख्तर ने बताया कि पुलिस में कार पलटने की कोई भी शिकायत नहीं आई है।

### ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप

**नादौन।** नादौन क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पीड़िता ने महिला थाना हमीरपुर में शिकायत की है कि उसका पति व घर वाले उसे दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक तौर पर प्रताड़ित व परेशान किया जा रहा है, जिस वजह से वह बहुत परेशान है । एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला की शिकायत पर महिला थाना हमीरपुर में मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर स्कूलकर्मी का काट चालान

**नादौन।** नादौन पुलिस ने एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में नशा करके वाहन चलाने के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है, जिसके तहत पुलिस ने मानपुल के पास एक स्कूटी चालक का चालान काटा है। स्कूटी चालक एक सरकारी स्कूल में क्लास फोर कर्मचारी है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि एक स्कूटी चालक शराब के नशे में स्कूटी चला रहा था पुलिस ने उसका चलान काटा है। उन्होंने वाहन चालकों को हिदायत दी है कि वे नशा करके वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बद्दी में दो युवक चिट्टे समेत गिरफ्तार

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4.45 ग्राम चिट्टे समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान परविंद्र निवाली बिल्लावाली लबाणा व संदीप निवासी निचली भुड्ड तहसील बद्दी से हुई। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक नशे का सेवन करते है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई हुए दोनों युवकों को रोका जिनकी तलाशी लेने पर 4.45 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस थाना बद्दी के तहत आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

### बस के टायर के नीचे आने से वृद्धा की मौत

**अनंत ज्ञान, आनी।** कुल्लू जिला के पुलिस थाना निरमंड के अंतर्गत रैमू नामक स्थान पर एक वृद्धा के बस के नीचे कुचल जाने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही निरमंड पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और मामला दर्ज कर बस के चालक को हिरासत में लिया है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि हादसा शुक्रवार दोपहर करीब अढ़ाई बजे के आसपास उस वक्त पेश आया, जब एक निजी बस बागीपुल से रामपुर जा रही थी । तभी एक 80 वर्षीय महिला अपनी बेटी को बस में बिठाने आई थी, बेटी तो बस में बैठ गई लेकिन वृद्धा सड़क पार करते हुए उसी बस के पिछले टायर के नीचे आ गई और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक महिला की पहचान मनी देवी पत्नी सिधु राम निवासी मातला डाकघर निशानी तहसील निरमंड के रूप में हुई है। डीएसपी चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि की है।

## रिज मैदान पर गृह रक्षा एवं सिविल डिफेंस का 62वां स्थापना दिवस मनाया

# गृह रक्षा विभाग कर रहा निष्काम सेवा : अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने ऐतिहासिक रिज मैदान पर गृह रक्षा एवं सिविल डिफेंस के 62वें स्थापना दिवस से पूर्व गृह रक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'निष्काम सेवा-सुरक्षित हिमाचल' कार्यक्रम के तहत प्रदेश की सभी 12 गृह रक्षा वाहिनियों की अंतर बटालियन बैंड प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने अंतर बटालियन बैंड प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रदेश के सभी 12 वाहिनियों के बैंड प्रतियोगियों को बधाई देते हुए कहा कि गृह रक्षा विभाग निष्काम सेवा एवं नागरिक सुरक्षा के लिए जाना जाता है।

**देशभक्ति गानों पर बैंड प्रतियोगिता करवाई**

उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सेना, नौसेना, वायुसेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग के लिए स्वैच्छिक संगठन के रूप में गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा का गठन किया गया था, तभी से बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं को कम करने तथा मानवीय आपदाओं के प्रति जनमानस को जागरूक करने का कार्य हिमाचल गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के कर्मचारी एवं वॉलंटियर बखूबी निभा रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश की सभी 12 गृह रक्षा वाहिनियों की अंतर बटालियन बैंड प्रतियोगिता में देशभक्ति गानों पर बैंड प्रतियोगिता करवाई गई।

कैबिनेट मंत्री ने आम जनता के लिए आपदा प्रबंधन उपकरणों एवं उपाय से संबंधित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर महानिदेशक सतवंत अटवाल, उप महा निदेशक एके पराशर तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।







### नेरचौक मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु डॉक्टर हड़ताल पर क्यों : जयराम ठाकुर

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से कुछ सवाल पूछे हैं और उनसे निवेदन किया है की बिना झूठ बोले, बिना इधर-उधर की बात किए उन सवालों के जवाब प्रदेश के लोगों को दिए जाएं। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री यह बताए कि नेरचौक मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु डॉक्टर हड़ताल पर क्यों है, वह प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं? उनकी क्या मांगें हैं? उन्हें क्यों नहीं पूरा किया जा रहा है? क्या वह कोई नई या ग़ैरवाजिब मांग कर रहे हैं? और उनकी मांगें मानी जाएंगी या नहीं? हर दिन मीडिया के सामने बड़ी बड़ी बाते करना, झूट बोलना और सपने दिखाना अलग बात है जमीन पर काम करना अलग बात।



यह सरकार प्रशिक्षु डॉक्टर को उनका स्टाइपेंड भी चार महीनों से नहीं दे रही है। ऐसे में उनका खर्च कैसे चलेगा? डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे छात्र बेहद सामान्य परिवार से भी होते हैं, जिनके लिए सरकार द्वारा हर महीने अनिवार्य रूप से दिए जाने वाले स्टाइपेंड का बहुत महत्त्व होता है, लेकिन सरकार के लिए यह कोई बड़ी बात नहीं है। सरकार अपने फैसलों में मानवीय दृष्टिकोण लाए तब उन्हें लोगों की कठिनाइयों का अंदाजा हो पाएगा।

## हिमाचल में दो दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में दो दिन बारिश और बर्फबारी से निपटने के लिए तैयार रहे। मौसम विभाग शिमला द्वारा 6 जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हिमाचल सहित पूरे पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र व उत्तर-पश्चिम भारत के समीपवर्ती मैदानी इलाकों में मौसम के करवट बदलने के आसार हैं।

7 दिसंबर की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और 8 दिसंबर से उत्तर-पश्चिम भारत के समीपवर्ती मैदानी इलाकों में सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से हिमाचल प्रदेश में दो महीने से अधिक समय से चल रही सूखे की स्थिति खत्म होने की उम्मीद है। प्रदेश में 8 और 9 दिसंबर को राज्य में बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान लाहौल-स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला और कुल्लू जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी की संभावना है जबकि सोलन, सिरमौर, ऊना, बिलासपुर, मंडी और हमीरपुर जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं। 7 दिसंबर तक न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, उसके बाद अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में तापमान लगभग 3-4 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाएगा। 10 दिसंबर से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है।

बता दें कि प्रदेश में 1 अक्तूबर को सामान्य से 18 फीसदी कम बारिश के साथ विदा हुए मानसून के बाद से प्रदेश में अभी तक बारिश नहीं हुई है। बीते दिनों प्रदेश की चोटियों पर हल्की बर्फबारी ही दर्ज की गई। प्रदेश में सूखे जैसे हालात बनने लगे हैं। पेयजल और बिजली परियोजनाएं भी इस कारण प्रभावित हो रही हैं।

राज्य में 1 अक्तूबर से 5 दिसंबर तक सामान्य से 98 फीसदी कम बारिश हुई है। बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, सिरमौर व सोलन में तो बूंद तक नहीं बरसी। अन्य जिलों में भी नाममात्र ही बारिश हुई। अब मौसम विभाग के पूर्वानुमान से उम्मीद जगी है।



ऐतिहासिक रिज मैदान पर चहल कदमी करते पर्यटक।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय में मोबाइल से आंखों को हो रहे नुकसान बारे बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के देहरा परिसर में नेत्र निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। उन्नत भारत अभियान के तहत रेड रिबन क्लब और एसएमआई हॉस्पिटल और सेवा भारती इकाई देहरा के सहयोग से शिविर लगाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक विज्ञान स्कूल के अधिष्ठिता प्रो. संजीत सिंह ठाकुर एवं समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शशि पूनम द्वारा उद्घाटन से की गई। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शशि पूनम ने मंच से सभी का स्वागत किया और इस शिविर में नेत्र रोगों के प्रति जागरूकता और नेत्रों को स्वस्थ रखने के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने वक्तव्यों में विशेषरूप से युवाओं को अपने नेत्रों को स्वस्थ रखने की बात कही और मोबाइल फोन से फैल रही रेडिएशन से आंखों को हो रहे नुकसान के बारे में अवगत कराया।



# सरकार की बेरुखी के कारण बिलासपुर में सर्दियों में भी प्यासी है जनता : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जरा भी गंभीर नहीं है। सर्दी के इस मौसम में भी लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। बिलासपुर शहर समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल है। लोगों को मजबूरन पानी के टैंकर खरीदने पड़ रहे हैं। रही-सही कसर बिजली के अघोषित कटों से पूरी हो रही है।

पानी व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों को सुचारू तरीके से उपलब्ध करवाने में असफल यह सरकार अपनी नाकामियां छिपाने के लिए दो वर्ष के कार्यकाल के जश्न की तैयारियों में जुटी हुई है। सभी अधिकारी और कर्मचारी इन्हीं तैयारियों में झोंक दिए गए हैं। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि इस साल गर्मी के मौसम से पहले शुरू हुई पेयजल समस्या सर्दियां शुरू होने के बाद भी दूर नहीं हो पाई है।



**लोगों को मजबूरन पानी के टैंकर खरीदने पड़ रहे**

सर्दी के मौसम में भी लोगों को पानी की किक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के घरों में लगे नल कई-कई दिनों तक सूखे रह रहे हैं। कई स्थानों पर तीसरे-चौथे दिन पानी मिल रहा है।

पीने, खाना पकाने, नहाने और कपड़े धोने समेत अन्य जरूरी कार्यों के लिए पानी की व्यवस्था करना लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। बिलासपुर शहर में अनियमित पेयजल आपूर्ति की वजह से लोगों को जेब से पैसे खर्च करके टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। इससे उनकी जेब पर बेवजह चपत लग रही है। यही हाल ग्रामीण इलाकों में भी है।

रही-सही कसर बिजली के अघोषित कटों से पूरी हो रही है। बिजली के कट पेयजल संकट से त्रस्त लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव और उसके बाद विधानसभा उपचुनाव के दौरान प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नजर नहीं आ रही थी। मुख्यमंत्री से लेकर सरकार के अन्य मंत्री और कांग्रेस के विधायक केवल चुनाव प्रचार में व्यस्त थे।

इस समय भी वैसे ही हालात हैं। सुक्खू सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से निराशाजनक रहा है। चुनावी गारंटियां पूरी करना तो दूर, यह सरकार लोगों को पानी-बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं सुचारू तरीके से उपलब्ध करवाने के लिए भी गंभीर नहीं है।

**समीक्षा बैठक** | स्वास्थ्य मंत्री शांडिल ने गुणवत्तापूर्ण दवाओं के संदर्भ में की अधिकारियों के साथ बैठक

# हिमाचल में देश की लगभग 33 प्रतिशत दवाओं का हो रहा निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ.(कर्नल)धनी राम शांडिल ने औषधि नियंत्रण प्रशासन के अधिकारियों के साथ गुणवत्तापूर्ण दवाओं के संदर्भ में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए औषधि नियंत्रण प्रशासन द्वारा ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाती है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण अधिकारियों द्वारा जनवरी 2023 से अक्तूबर 2024 तक 142 निरीक्षण किए गए हैं।

यह निरीक्षण राज्य निरीक्षण अधिकारियों ने केंद्रीय निरीक्षण अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किए हैं। इसके तहत दवाएं मानकों पर सही न पाई जाने वाली 116 दवा निर्माण कम्पनियों के विरूद्ध निलंबन, रद्दीकरण और निर्माण रोकने संबंधी आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाईयां तैयार न करने की स्थिति में दवा कंपनियों के संबंधित उत्पाद को एक से दो माह की अवधि के लिए निलम्बित कर दिया जाता है और इसके साथ ही जिन राज्यों में निरीक्षण अधिकारियों के द्वारा ऐसे सेम्पल एकत्रित किए गए उनके अधिकार क्षेत्र में कम्पनियों के विरूद्ध न्यायालय में कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाती है। कम्पनियों को उनके विनिर्माण प्र्,या की समीक्षा के निर्देश जारी किए जाते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हिमाचल देश का फार्मासुटिकल हब है और प्रदेश में लगभग 33 प्रतिशत दवाओं का निर्माण किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर नॉट-ऑफ-स्टैंडर्ड क्वालिटी की प्रतिशतता 3.16 प्रतिशत है, इसकी तुलना में गत तीन वर्षों के दौरान प्रदेश की प्रतिशतता 1.22 प्रतिशत है जोकि राष्ट्रीय प्रतिशतता से 50 प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि अवमानक गुणवत्ता के रूप में घोषित किए गए नमूनों से संबंधित डाटा केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन को प्रस्तुत किया जाता है, जिसे नियमित रूप से वैबसाइट में प्रदर्शित किया जाता है ताकि लोगों को अवमानक दवाइयों की जानकारी मिल सके।

बैठक में प्रदेश के दवा विक्रेताओं को नशे में दुरूपयोग होने वाली संभावित दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर पर्ची पर स्टेंप लगाने की आवश्यकता पर भी विचार विमर्श किया गया ताकि एक ही पर्ची पर बार-बार दवाओं की खरीद को रोका जा सके।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बच्चों में नशीली दवाओं की आदत एक गंभीर विषय है। बच्चों को बिना पर्ची के दवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है और जन जागरूकता फैलाकर इस प्रकार की समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। बैठक में स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी, राज्य ड्रग नियंत्रक मनीष कपूर और विभिन्न जिलों के ड्रग नियंत्रक अधिकारियों ने भाग लिया।



शिमला में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ.(कर्नल)धनी राम शांडिल।

## न्यूज ब्रीफ

### रैली निकाल दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी




**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कौना के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा अभियान के तहत कौना पंचायत में संस्थान के अनुदेशक यशपाल के मार्गदर्शन में एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान स्थानीय जनता व विद्यार्थियों को सड़क दुघर्टना को कम करने के प्रति सचेत किया। इस रैली में दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करने, हमेशा बाई ओर चलने व चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पेहनने व यातायात के सभी नियमों का पालन करने के बारे जानकारी दी गई।

### पोस्टर मेकिंग में रितिका और राधिका अव्वल



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में वीरवार को रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराना रहा। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी छात्रों नेहिस्सा लिया। इसमें रितिका कटोच और राधिका पहला स्थान, रुचि और अंशिका ने दूसरा स्थान एवं हर्षिता और सायना ने तीसरा स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनकी कला कुशलता को देखते हुए उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही रोड सेफ्टी क्लब के सभी सदस्यों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### जवाली में गाड़ी से 192 बोतल शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत गांव ताहलिया में नाकाबंदी के दौरान नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस ने एक इनोवा गाड़ी से दो व्यक्तियों के कब्जे से 16 पेटी (192 बोतल) बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। डीएसपी जवाली बीरी सिंह राठौड़ ने मामले की। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना जवाली में एचपी एक्साइज एक्ट के अधीन केस पंजीकृत कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगामी कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

### शिवरात्रि उत्सव को लेकर बैठक 12 को

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राज्य स्तरीय शिवरात्रि मेले-2025 के आयोजन को लेकर 12 दिसंबर को प्रातः 11 बजे एसडीएम कार्यालय बैजनाथ के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। विधायक किशोरी लाल की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में शिवरात्रि महोत्सव की तैयारियों और आयोजन को लेकर चर्चा की जाएगी। 26 फरवरी से 2 मार्च, 2025 तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय उत्सव के आयोजन रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में उत्सव के सफलता से आयोजन को लेकर सभी से सुझाव भी लिए जाएंगे।

# किसानों को मिला विधायक का साथ, 12 बड़ी कूहलें की बहाल

## पवन काजल की निजी जेसीबी और किसानों की मेहनत से कूहलों में दौड़ा पानी

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा सदर विधानसभा क्षेत्र के किसानों और विधायक पवन काजल ने पूरे प्रदेश के लिए मिसाल कायम कर दी है। कांगड़ा के मेहनतकश किसानों ने विधायक पवन काजल से ऐसा तालमेल बनाया कि अपने दम पर सारी कूहलों को चला लिया है। बरसात में बाढ़ के चलते क्षतिग्रस्त हुई मनूणी और मांझी खड्डु से निकलने वाली 12 बड़ी कूहलों को पवन काजल ने अपनी मशीन लगाकर तथा किसानों के सहयोग से बहाल कर दिया है।



कांगड़ा के मेहनतकश किसान विधायक पवन काजल की निजी जेसीबी के साथ।

वीरवार को विधायक पवन काजल ने कूहलों की बहाली के आंकड़े रखे। काजल ने बताया कि इसमें विधायक प्राथमिकता के अलावा उन्होंने अपनी निजी जेसीबी व अन्य मशीनों से इन कूहलों को बहाल किया है। इस दौरान मांझी खड्डु से निकलने वाली केटल कूहल के बारे में ग्रामीणों रवि, कपिल, मुख्तार, अंकुर आदि ने बताया कि कूहल में अच्छा पानी आ रहा है। ढुगियारी गांव मूली व अन्य फसलों के लिए विख्यात है। इस पर विधायक पवन काजल ने कहा कि कोई दिक्कत आने पर सीधे ग्रामीण उनसे बात करें। कछियारी गांव की सोना उगलने वाली जमीन को मनूणी से निकलने वाली पुल वाली कूहल सींचती है। इस कूहल को भी पवन काजल ने सुचारु करवा दिया है। ग्रामीणों सुभाष, विवेक आदि ने बताया कि पानी मिलने से नकदी सब्जियों का रास्ता साफ हो गया है।

विधायक ने कहा कि वह खुद एक किसान हैं। उन्हें पता है कि फसल कितनी मेहनत से तैयार होती है। जनता मेरा परिवार है। कहीं भी कोई दिक्कत हो, तो किसान व अन्य लोग सीधे मुझे फोन करें। (अनंत ज्ञान)

### नंदेहड़ की दो बड़ी कूहलों में पानी भरपूर

**मनूणी** खड्डु से नंदेहड़ गांव के लिए दो बड़ी कूहलें दवाड़ और मल्ह कूहल निकलती हैं। ग्रामीणों विजय, परवेश, राकेश, रवि, विके श आदि ने बताया कि इन कूहलों में भरपूर पानी है। इस क्षेत्र में गोभी, पनीरी से लेकर पारंपरिक फसलें तो होती ही हैं, साथ ही इन खेतों में कृषि विज्ञानी रिसर्च भी करते हैं।

### बीरता की भरोह कूहल भी बहाल

**विधायक** पवन काजल ने बताया कि बीरता की भरोह कूहल के लिए समय लगा, लेकिन ग्रामीणों और मशीन की मदद से कूहल में पानी आ गया है। ग्रामीणों राजेश, दिलजीत, पवन, बिंदु आदि ने इसके लिए विधायक पवन काजल को साधुवाद दिया।

# रेनसन स्कूल के समारोह में स्टूडेंट्स ने मचाया धमाल




**अनंत ज्ञान, डरोह**

रेनसन पब्लिक स्कूल मलघूनी (थुरल) में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह समारोह (सिम्फनी) स्वर की समता विषय पर आधारित था। समारोह में सेवानिवृत्त कर्नल कपूर सिंह राणा बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्रोच्चारण के साथ मुख्यातिथि, स्कूल प्रबंधक, सुषमा राणा स्कूल के प्रधानाचार्य स्वरूप ठाकुर व विद्यालय के समन्वयकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। स्कूल के प्रधानाचार्य स्वरूप ठाकुर ने मुख्यातिथि के साथ समारोह में उपस्थित सभी विशेष अतिथियों व अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया। साथ ही प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि के जीवन पर प्रकाश डाला व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस समारोह में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया व वाहवाही लूटी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गरबा, पंजाबी भांगड़ा, गिद्दा व शास्त्रीय नृत्य मुख्य रूप से आकर्षक का केंद्र रहे। अंत में मुख्यातिथि, स्कूल प्रबंधक सुषमा राणा व स्कूल के प्रधानाचार्य स्वरूप ठाकुर ने सत्र, 2023-24 में शैक्षणिक, खेलकूद व सांस्कृतिक स्पर्धाओं में कक्षा नर्सरी छठी से दसवीं तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे सभी बच्चों को स्मृति चिंह, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में कप्तान केके अवस्थी, बंदना कायस्थ प्रधान ग्राम पंचायत थुरल, मान सिंह राणा विशेष अतिथि व स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 कार्यकर्ताओं नौ सहायिकाओं के भरे जाएंगे पद

**अनंत ज्ञान, डरोह**

कंचन राणा बाल विकास परियोजना अधिकारी भवारना ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 3 तथा आंगनबाड़ी सहायिका के 9 पद भरे जाएंगे। इनका साक्षात्कार 7 जनवरी, 2025 को उपमंडलाधिकारी पालमपुर के कार्यालय में होगा। आवेदन 7 जनवरी को सुबह 11 बजे तक भी किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता तथा सहायिका के लिए न्यूनतम योग्यता दस जमा दो कक्षा पास होना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता महिलाएं उसी गांव की होनी चाहिए जहां आंगनबाड़ी केंद्र चल रहा है तथा आंगनबाड़ी सर्वे, फिडर एरिया में आती हों। उन्होंने कहा कि इन पदों हेतु आयु सीमा 21 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रार्थी के परिवार की वार्षिक आय 50000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बल्लाह पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र लोअर बल्लाह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत अप्पर डाढ के आंगनबाड़ी अपर डाढ में कार्यकर्ता, पंचायत अरला के बल्ला में कार्यकर्ता जबकि पंचायत रमेहड़ के आंगनबाड़ी गदियाड़ा-1 में आंगनबाड़ी सहायिका, पंचायत थला के आंगनबाड़ी थला में सहायिका, पंचायत हंगलोह के प्दरा में सहायिका, पंचायत दरंग के दरंग -1 में सहायिका, एम सी पालमपुर वार्ड नंबर 3 के इंद्रपुर में सहायिका, कस्वा जुगेहड़ के कस्वा जमीर में सहायिका, पंचायत लमलेहड़ के अपर दत्तल में सहायिका, एमसी पालमपुर वार्ड नंबर 8 के रोडी में सहायिका, एमसी पालमपुर वार्ड नंबर 9 की अपर चौकी में सहायिका के पद भरे जाएंगे।

## कैंब्रिज स्कूल चूला में मनाया वार्षिक समारोह




डरोह। कैंब्रिज ग्लोबल स्कूल चूला में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के अध्यक्ष सुरेंद्र जम्वाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भूतपूर्व विधानसभा के अध्यक्ष और सुलह निर्वाचन क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि ने अध्यक्ष सुरेंद्र जम्वाल, निदेशिका तानिया जम्वाल के साथ दीप प्रज्वलित करके किया। स्कूल के बच्चों ने मुख्यातिथि का अभिनंदन स्वागतगीत के साथ किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने कई प्रकार के एक से बढ़कर एक कार्यक्रम जैसे पहाड़ी नृत्य, डांडिया नृत्य, पंजाबी भंगड़ा आदि कई प्रस्तुतियां दिखाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। स्कूल की नवमी और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अभिभावकों को सोशल मीडिया के अधिक प्रचलन के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने के लिए नाटक के जरिए संदेश भी दिया। मुख्यातिथि ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत बेहतरीन कार्यक्रम से खुश होकर स्कूल मैनेजमेंट और स्कूल स्टाफ को बधाई दी। स्कूल के प्रधानाचार्य सुशील अवस्थी ने वार्षिक उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को मुख्यातिथि विपिन सिंह परमार व स्कूल की निर्देशिका तानिया जम्वाल द्वारा मेधावी छात्रों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## बिजली चोरी करने पर वसूला 66 हजार 555 रुपए जुर्माना

**फतेहपुर।** विद्युत विभाग उपमंडल फतेहपुर ने बिजली की चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। वीरवार को जानकारी देते हुए विभागीय एसडीओ अभिजीत सिंह ने बताया विभाग ने एक सप्ताह के भीतर बिजली चोरी करने के चार मामले पकड़े हैं। उनसे विभाग ने 66555 रुपए जुर्माना वसूल किया है। उन्होंने बताया कि उक्त चारो मामले सेक्शन सिहाल के भाटियां, जगनोली व सेक्शन धमेटा के बाड़ी के घरेलू उपभोक्ताओं के हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विभाग द्वारा औचक निरीक्षण अभियान को और गति दी जाएगी। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि वे भी अगर कहीं पर बिजली चोरी होने की जानकारी रखते हैं तो तुरंत विभाग को सूचित करें। सूचना देने बाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।




# बालों के लिए फायदेमंद है मुलेठी

आज के समय में महिलाएं किसी न किसी हेयर प्रॉब्लम से जूझ रही हैं। बालों का सफेद होना, कम उम्र में बालों का झड़ना, बढ़ता गंजापन जैसी समस्याएं अब बहुत आम हो चुकी हैं। धूल, मिट्टी और पोषण की कमी के चलते बाल पतले, डल और बेजान होने लगते हैं जो देखने में बिलकुल भी अच्छे नहीं लगते। इनके समाधान में घरेलू उपाय काफी कारगर साबित होते हैं और आंबला,भृंगराज के साथ-साथ मुलेठी का उपयोग बालोको कोमल, मुलायम और सुदृ़ढ़ बनाने में काफी सहायक सिद्ध हो सकता है। बालों पर मुलेठी का उपयोग आप काफी तरीकों से कर सकते हैं।



### डैंड्रफ की समस्या से निजात

**बालों** में रुसी की समस्या से जूझ रहे हैं तो मुलेठी कारगर उपाय हो सकता है। इसके लिए आप एक चम्मच नींबू, एक चम्मच शहद और एक चम्मच मुलेठी लें। सबसे पहले मुलेठी को पीस कर पाउडर बना लें। अब कांच के जार में एक चम्मच नींबू, एक चम्मच शहद मिला लें और जब यह अच्छे से मिल जाये तो मुलेठी पाउडर को मिलाकर स्क्रब बना लें। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुणों की बजह से इस स्क्रब को बालों और खोपड़ी पर लगाने से डैंड्रफ की समस्या से निजात मिलेगी। इसे आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकते हैं।



**शहनाज हुसैन**
*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*

### हेयर फॉल रोकने में मददगार

**हेयर** फॉल या गंजेपन की समस्या से निपटने में भी मुलेठी काफी कारगर साबित होती है। कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पाउडर व कुछ केसर के धागे अच्छी तरह मिक्स करने के बाद इसमें 1 कप दूध डाल कर बने मिश्रण को रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह इसे माइल्ड शैंपू से धो डालें। आप चाहें तो दूध की जगह दही का उपयोग भी कर सकते हैं। एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पाउडर लें। अब इसमें 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर अच्छी तरह मिक्स करके पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को खोपड़ी और बालों पर अच्छी तरह से अप्लाई करें और आधा घंटा बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें। इससे बाल मजबूत और आकर्षक होंगे।

### ऐसे बनाएं हेयर मास्क

**बालों** के सेहत के लिए हेयर मास्क भी काफी प्रभावी उपाय है। हेयर मास्क बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा केला, 2 चम्मच मेहंदी पाउडर और 1 चम्मच मुलेठी पाउडर को अच्छे से मिलाकर बराबर कंसिस्टेंसी का पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।मुलेठी का हेयर मास्क बनाने के लिए मुलेठी पाउडर में नारियल तेल या ऑलिव ऑयल को मिक्स करके इसमें दही मिलाएं। इस हेयर मास्क को बालों और खोपड़ी पर लगाने के बाद इस आधा घंटा बाद ताजे साफ पानी से धो डालें।

### बाल काले करने को लगाएं दही-मुलेठी पेस्ट

**बालों** को स्वस्थ रखने के लिए आप चाहें तो बालों पर मुलेठी का तेल भी लगा सकते हैं। मुलेठी के पाउडर में थोड़ी सी मात्रा में सरसों का तेल मिलाएं और इसे बालों पर लगाएं। अगर आपके बाल असमय सफेद हो रहे हैं, तो दही और मुलेठी का पेस्ट कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए दही और मुलेठी को बराबर मात्रा में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को बालों पर लगा कर सूखने के बाद माइल्ड शैंपू से धो डालें। इस पेस्ट को आप हफ्ते में एक बार इस्तेमाल कर सकते हैं।



# फटी एड़ियों से राहत दिलाएंगे ये घरेलू नुस्खे

**वैसे तो सर्दियों का मौसम अपने साथ काफी अच्छी चीजें लेकर आता है, लेकिन इस मौसम में उन लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिनकी त्वचा संवेदनशील है। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों की स्किन इस मौसम में काफी रूखी हो जाती है, जिस वजह से उन्हें काफी ध्यान रखना पड़ता है। हाथ-पैर और चेहरे के साथ-साथ इस मौसम में एड़ियां भी फटने लगती हैं। फटी एड़ियां एक आम समस्या है, जो ज्यादातर सर्दियों में होती है। इसका कारण शुष्क त्वचा, पोषण की कमी, पानी की कमी, या ज्यादा खड़े रहने जैसी आदतें हो सकती हैं। अगर आप भी इस परेशानी का सामना कर रहे हैं तो हमारे बताए हुए घरेलू उपाय अपनाएं। यदि घरेलू उपायों से राहत न मिले, तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें। गंभीर मामलों में यह संक्रमण या त्वचा की किसी और समस्या का संकेत हो सकता है।**

### पैरों को 15-20 मिनट गुनगुने पानी में रखें

**फटी** एड़ियों से राहत पाने का ये सबसे अच्छा तरीका है। इसके लिए एक टब में गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ा सा नमक और कुछ बूंदें नींबू का रस मिलाएं। अब अपने पैरों को 15-20 मिनट तक भिगोकर रखें। इसके बाद प्यूमिक स्टोन या फुट स्क्रबर से एड़ियों को हल्के से रगड़ें। ऐसा करने से एड़ियों की डेड स्किन भी निकल जाएगी।

### नारियल तेल या घी का उपयोग

यदि आपके पास नारियल का तेल रखा है तो रात में सोने से पहले एड़ियों पर नारियल तेल, घी या जैतून का तेल लगाएं। इसे अच्छी तरह मसाज करें और फिर मोजे पहन लें। 15 दिन तक ऐसा करने से एड़ियां मुलायम हो जाएंगी।

### शहद का करें इस्तेमाल

**शहद** में पाए जाने वाले तत्व त्वचा को मुलामल बनाने का काम करते हैं। एक बाल्टी गुनगुने पानी में 2-3 चम्मच शहद मिलाएं। अब अपने पैरों को इसमें 15 मिनट तक भिगोएं। शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और नमी बनाए रखता है।

### एलोवेरा जेल, ग्लिसरीन और गुलाब जल

**यदि** आपके पास ताजा एलोवेरा जेल रखा है तो फटी एड़ियों के लिए इसका इस्तेमाल करें। इसके लिए हर रोज सोने से पहले फटी एड़ियों पर ताजा एलोवेरा जेल लगाएं। यह त्वचा को नमी और पोषण देता है। इसके अलावा ग्लिसरीन में पाए जाने वाले तत्व एड़ियों को नमी प्रदान करते हैं। इसके लिए बराबर मात्रा में ग्लिसरीन और गुलाब जल मिलाएं। इसे फटी एड़ियों पर लगाकर रात भर छोड़ दें। ये भी कम समय में फटी एड़ियों को राहत पहुंचाने का काम करेगा।

*(नोट : इस लेख में दी गई सूचनाएं सामान्य जानकारियों पर आधारित हैं। त्वचा संबंधी किसी भी तरह की अधिक जानकारी के लिए हमेशा किसी विशेषज्ञ या अपने चिकित्सक से परामर्श करें।)*

# चेहरे पर बेसन लगाने के फायदे ही फायदे

## दाग-धब्बों से मिलेगा छुटकारा

## चमक उठेगा चेहरा, आएगा निखार

**वैसे तो आज के समय में त्वचा से संबंधित हर समस्या के लिए स्किन केयर प्रोडक्ट बाजार में मिल जाते हैं, लेकिन आज भी बहुत से लोग दादी-नानी के बताए नुस्खों पर ही भरोसा करते हैं। बहुत से लोग आज भी केमिकल वाले प्रोडक्ट के इस्तेमाल से बचते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं, तो आपने कभी न कभी चेहरे पर बेसन का इस्तेमाल अवश्य किया होगा। बेसन हर भारतीय घर की रसोई में आपको आसानी से मिल जाएगा। इसे कई तरह से चेहरे पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे आप बड़ी ही आसानी से स्क्रब से लेकर फेस पैक तक बना सकते हैं। त्वचा चमकाने के साथ-साथ बेसन कई तरह से त्वचा के लिए लाभदायक है।**

### त्वचा को करता है साफ

**बेसन** में मौजूद प्राकृतिक क्लींजर त्वचा को गहराई से साफ करते हैं। चेहरे को साफ करने के लिए बेसन त्वचा के अतिरिक्त तेल और गंदगी को हटाकर त्वचा को चमकदार बनाता है।

### दाग-धब्बे में आती है कमी

**अगर** आप नियमित रूप से बेसन का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपकी त्वचा के दाग-धब्बों में कमी आती है। बेसन में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो मुंहासों के बैक्टीरिया को मारते हैं और त्वचा पर दाग-धब्बों को हल्का करने में मदद करते हैं।





### खत्म होगी टैनिंग

**बेसन** के इस्तेमाल से त्वचा की टैनिंग कम होती है। टैनिंग हटाने के लिए इसका इस्तेमाल कई तरह से कर सकते हैं। दही-दूध में मिलाकर बेसन का इस्तेमाल टैनिंग हटाने के लिए करते हैं।

### बरकरार रहती है त्वचा की नमी

**बेसन** त्वचा को प्राकृतिक नमी प्रदान करता है, जिससे त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनी रहती है। खासतौर पर ये उन लोगों के लिए काफी फायदेमंद रहता है, जिनकी त्वचा ड्राई रहती है।

### डेड स्किन सेल्स को हटाता है

**बेसन** एक प्राकृतिक एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है, जो त्वचा से मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है। इससे भी त्वचा चमक उठती है।

*(नोट : इस लेख में दी गई सूचनाएं सामान्य जानकारियों पर आधारित हैं। त्वचा संबंधी किसी भी तरह की अधिक जानकारी के लिए हमेशा किसी विशेषज्ञ या अपने चिकित्सक से परामर्श करें।)*

## न्यूज ब्रीफ

### जीवन में बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें : एसपी



**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि बच्चे जीवन में बड़ा लक्ष्य लेकर चलें और उसे पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। एसपी शालिनी वीरवार को डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बच्चों को नशों से दूर रहकर सकारात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाने को प्रेरित किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

### द हंस फाउंडेशन ने ठंडोल में लगाया हेल्थ कैंप



**अनंत ज्ञान, डरोह।** ब्लॉक भवारना के राजकीय उच्च विद्यालय ठंडोल में द हंस फाउंडेशन के मोबाइल मैडीकल यूनिट द्वारा निशुल्क नाक, कान, गला तथा स्री रोग का विशेष निदान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग गांव ठंडोल के 131 लोगों को निशुल्क उपचार व नाक, कान, गला तथा स्री रोग संबंधी जांच परिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। गांववासियों ने इस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। द हंस फाउंडेशन की टीम द्वारा दवाइयां, शुगर, व रक्तचाप आदि के निशुल्क टैक्स भी किए गए। शिविर के दौरान द हंस फाउंडेशन के संपूर्ण स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शिविर के दौरान जनरल ओपीडी में एमएमयू के चिकित्सा अधिकारी द्वारा लाभार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सभी गांववासियों, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर व विलेज हेल्थ वर्कर द्वारा द हंस फाउंडेशन के इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया गया। साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्य के सबंध में लोगों से बातचीत की गई।

### नौरा कॉलेज में एड्स के बारे में दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में रेड रिवन समिति की समन्वयक डॉ. नेहा के द्वारा किया गया। साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन 29 नवंबर को आरभ किया गया, जिसके अंतर्गत नारा लेखन, वॉल पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, रैली, मानव शृंखला, स्किट आदि का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया।

### राजेंद्र बने शनिदेव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, गगल।** ग्राम पंचायत कुठमां में स्थानीय प्रधान रवि चौधरी की अध्यक्षता में शनि देव मंदिर की कमेटी गठित की गई। इसमें राजेंद्र राणा को कुठमां शनि देव मंदिर का अध्यक्ष बनाया गया, नरोत्तम सिंह को उपप्रधान, मेहर सिंह को सचिव,केवल गुलेरिया को महासचिव, सुमन पठानिया को कोषाध्यक्ष, कुलभूषण राणा को सलाहकार ,तथा रविंद्र सिंह प्रेम लता, स्वरूप सिंह, हरदीप चौधरी, रजनीश सिंह, भूपिंदर सिंह, लज्जा देवी को कमेटी के सदस्य चुने गए।

### गाड़ियों की टक्कर में दो लोग घायल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बंगवा के तहत हुई दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार इंद्र सिंह निवासी रैहलु तहसील शाहपुर ने बस नंबर एचपी 68ए2525 को लापरवाही व तेजरफ्तारी से चला कर गाड़ी नंबर एचपी 40 सी9664 को टक्कर मार दी व मौका से भाग गया। इस टक्कर से विन्ता देवी व चंदन सिंह दोनों निवासी पठियार तहसील नगरोटा बंगवा घायल हो गए हैं। इस संदर्भ में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(ए) व धारा 187 मोटर वाहन अधिनियम में दर्ज किया गया है।

### जोगिंद्रनगर निवासी से 7.30 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत चौवीन चौक में मुनीष कुमार निवासी गांव व तहसील जोगिंद्रनगर से 7.30 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना बैजनाथ में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### पियूषा और साहिल को बेस्ट एथलीट का अवार्ड



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में हुआ। 4 और 5 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। महिलाओं के वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट पियूषा और पुरुषों के वर्ग में साहिल को उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के डॉ डॉक्टर भगवान दास ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर अश्वनी शर्मा मौजूद रहे।

### विधायक ने बौंगता में सुनीं जनसमस्याएं



**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने वीरवार को अपने हलके की ग्राम पंचायत बौंगता का दौरा कर जनसमस्याओं को सुना। उन्होंने लोगों को पेश आ रही दिक्कतों को इत्मीनान से सुनते हुए उनका निराकरण सुनिश्चित किया। कमलेश ठाकुर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की रोजमर्रा से जुड़ी समस्याओं का बिना समय गवाए तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास से संबंधित बड़ी परियोजनाएं तो चलते ही रहेंगी लेकिन लोगों को आमतौर पर पेश आ रही समस्याओं को जानने और उनका निवारण करना उनकी प्राथमिकता है, इसी लिए वे निरंतर पंचायतों का प्रवास कर रही हैं।

### सीनियर पर जूनियर को थप्पड़ मारने का आरोप



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट नगर निगम में सीनियर मुलाजिम पर जूनियर मुलाजिम पर थप्पड़ मारने के गंभीर आरोप लगे है। इसके बाद जूनियर कर्मचारी ने सिविल अस्पताल पठानकोट में अपना मेडिकल करवारा है। जानकारी देते हुए निगम कर्मचारी पुनीश ने बताया कि उसके सीनियर कर्मचारी ने किसी युवक के हाथ सुनेहा भेज बुलाया, लेकिन वे जरूरी काम में होने के कारण नहीं गया। उसके बाद सीनियर कर्मचारी उसके पास आकर तू-तू मैं-मैं करने लगा और उसको थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पूरे स्टाफ के सामने गाली-गलौज देते हुए धमकियां भी दीं। एसएमओ डॉ. सुनील चंद ने बताया कि उनके अस्पताल में सरकारी कर्मचारियों के झगड़े का मामला आया है और डाक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

### गरली में एड्स से बचाव बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गरली।** ग्राम पंचायत गरली कार्यलय परिसर में वीरवार को सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कि देखरेख में एक दिवशीय शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान गरली पचायत की तमाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, हेल्पर व स्वास्थ्य कर्मचारी रमेश चंद आशा वर्कर सविता कुमारी, आशा वर्कर शशि लता ब ग्राम पंचायत गरली की प्रधान ने लोगों को एचआईवी एवं एड्स ह्यूमन इम्यूनोडिफिशिएं वायरस के बारे बिस्तार से जागरूक किया गया।

# पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार 13 को करेंगे इंदौरा उत्सव का आगाज

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 14 को करेंगे दो दिवसीस उत्सव का समापन

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

इंदौरा में पहली बार दो दिवसीस इंदौरा उत्सव का आगाज 13 दिसंबर को किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार द्वारा किया जाएगा और समापन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा 14 दिसंबर को किया जाएगा। इंदौरा उत्सव समिति के प्रधान जिला परिषद सदस्य परवीन कुमार मिंदा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि इंदौरा उत्सव में मशहूर अंतरराष्ट्रीय गायक सतिंदर सरताज तथा कमल हीर मुख्य तौर पर अपनी प्रस्तुति पेश करेंगे। हिमाचल का प्रसिद्ध पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ द पाइन्स व प्रसिद्ध गायक ईशांत भारद्वाज भी अपनी प्रस्तुतियों से समा बांधेंगे। इस उत्सव में मुफ्त नेत्र जांच कैंप, रक्तदान कैंप, खेलकूद प्रतियोगिता, स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। परवीन कुमार मिंदा ने बताया कि विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन द्वारा यह जो पहल की गई है यह सराहनीय है व इससे विधानसभा क्षेत्र इंदौरा का नाम हिमाचल प्रदेश में रोशन होगा व युवाओं को आगे लाने में अहम कदम है उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों में इस कार्यक्रम को लेकर अति उत्साह है इस मौके पर पूर्व प्रधान कुलदीप शर्मा व उत्सव कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

**गायक सतिंदर सरताज और कमल हीर करेंगे लोगों का मनोरंजन**



प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंदौरा उत्सव के बारे में जानकारी देते उत्सव समिति के प्रधान परवीन कुमार।

वहीं, विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने एक अनौपचारिक वार्ता में बताया कि क्षेत्र के लिए यह अपनी तरह का पहला ऐसा कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम इंदौरा में आयोजित किया जा रहा है, इसलिए इंदौरा पंचायत के प्रधान भोपाल कटोच इसके संरक्षक होंगे।

कार्यक्रम का एक उद्देश्य स्थानीय प्रतिभा को भी बड़ा मंच प्रदान करना है और इस कार्यक्रम में इंदौरा क्षेत्र के विभिन्न विधाओं के कलाकारों को भी उत्सव के दौरान अपनी अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उत्सव के दौरान उपमंडल इंदौरा के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों एवं महिला मंडलों की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्त निर्मित एवं सकल घरेलू उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### 2024 में नशे के सौदागरों पर भारी पड़ी पुलिस

# 1 करोड़ का नशा, 43 लाख नकदी पकड़ी, 202 गिरफ्तार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**कांगड़ा जिला पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाइयां**

मेडिकल नशे के पकड़े जाने के मामलों में जहां कमी आई है तो वहीं चिट्टे के मामले बढ़ रहे हैं। चरस के बाद चिट्टे का नशा खूब फलफूल रहा है तथा पुलिस भी नशे के कारोबार के खात्मे के लिए जुटी हुई है। इसी कड़ी में प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा की पुलिस ने साल 2024 में नशा कारोबारियों पर कड़ा प्रहार किया है। नशा कारोबारियों से बाजार मूल्य पर करीब एक करोड़ रुपए का नशा बरामद कर 202 आरोपियों को जेल की सलाखों में धकेला है। इनमें 196 पुरुष तथा 6 महिलाएं शामिल हैं। आरोपियों में 182 हिमाचली जबकि 20 गैर हिमाचली आरोपी हैं। साल 2021 में एनडीपीएस के कुल 194, 2022 में 183 तथा 2023 में 170 मामले दर्ज किए गए थे। बताते चलें कि इस साल पुलिस ने 22 किलो चरस बरामद की है। इसके अलावा 753 ग्राम हेरोइन,40 नशे के कैप्सूल तथा 131 ग्राम अफीम बरामद की है। इसके अलावा 39000 भांग के पौधे तथा 4332980 रुपए नकदी भी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार जिला पुलिस ने नशा तस्करों पर इस साल अब तक की गई कारवाई के आंकड़ों के अनुसार करीब एक करोड़ का नशे का सामान जब्त किया गया है। इन मामलों में 202 नशा तस्करों तथा पैडलर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर इन्हें जेल का रास्ता दिखाया गया।

आंकड़ों की पुष्टि करते हुए एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि कांगड़ा पुलिस नशे तथा अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नशे का जहर बेच रहे लोग समय रहते असामाजिक ओर आपराधिक कृत्य बंद करें नहीं तो पुलिस जल्द ही ऐसे लोगों को जेल का रास्ता दिखाएगी। (अनंत ज्ञान)

# सूबेदार मेजर संदीप अवस्थी पंचतत्व में विलीन, बेटी सुधांशी ने दी मुखाग्नि

**अनंत ज्ञान, हरिपुर/देहरा**

विधानसभा क्षेत्र देहरा के हरिपुर निवासी सूबेदार मेजर संदीप अवस्थी वीरवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। सुबह उनकी पार्थिव देह पैतृक गांव पहुंचाई गई। पार्थिव देह घर पहुंचते ही पत्नी और बेटी बेसुध हो गईं। इसके बाद अंतिम संस्कार के दौरान बेटी सुधांशी शर्मा ने अपने पिता की पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। हरिपुर स्थित श्मशानघाट पर उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम दर्शनों के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शोक जताते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। वहीं, मौके पर पहुंचीं विधायक कमलेश ठाकुर ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दुख व्यक्त किया। इस मौके पर नायब सूबेदार परस राम अपनी पलटन के साथ पहुंचे थे और सलामी के साथ सूबेदार मेजर संदीप अवस्थी को श्रद्धांजलि दी।



**सैकड़ों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई**

**उपमुख्यमंत्री मुकेश व विधायक कमलेश ने जताया शोक**

बता दें कि संदीप अवस्थी का बीते मंगलवार को नागालैंड के दीमापुर में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। मंगलवार सुबह ही परिजनों को उनके निधन की सूचना दूरभाष के माध्यम पर मिली थी। असम राइफल में सूबेदार मेजर के पद पर तैनात संदीप अवस्थी वर्ष 1992 में भर्ती हुए थे। उनका सेवाकाल करीब 32 वर्ष का हुआ था। संदीप की पत्नी सरकारी स्कूल में अध्यापिका हैं तथा उनकी एक बेटी है।

## कांगड़ा बाजार में भड़की आग लाखों रुपए का सामान राख

**कांगड़ा।** कांगड़ा के मेन बाजार में कालरा मार्केट में सबसे ऊपरी मंजिल में वीरवार दोपहर करीब तीन बजे आग लग गई। इससे वहां पर रखा सोफा, एलईडी व अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।



घर के मालिक देविंद्र कालरा व अन्य सदस्य पठानकोट गए हुए थे, जिस कारण आग लगने पर किसी का जल्दी ध्यान नहीं गया। आग लगने की दुर्गंध आने पर दुकानदारों व लोगों ने ऊपर की ओर ध्यान दिया, जहां से धुंआ निकल रहा था। लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग, बिजली विभाग व पुलिस थाने में सूचना दी। इसके बाद शहर की बिजली आपूर्ति बाधित कर दी गई। अग्निशमन विभाग ने तुरंत आग पर काबू पाने के लिए मोर्चा संभाला। इस कार्य में डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा व एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार ने भरपूर सहयोग अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों का दिया। अग्निशमन विभाग और पुलिस विभाग के लंबे प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## हैप्पी बर्थडे



चिल्ली डुमखर (बंगाणा) के अंकुश बांका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# फतेहपुर में 28 युवकों और एक युवती को मिली नौकरी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जलशक्ति विभाग मंडल फतेहपुर द्वारा बीते दिनों पैरा फिटर,पैरा पंप ऑपरेटर व मल्टी पर्पज वर्कर्स के 29 पदों के लिए इंटरव्यू आयोजित किए थे। विभाग द्वारा गुरुवार को इनके परिणाम घोषित कर दिए गए। इस बारे जानकारी देते हुए विभागीय अधिशाषी अभियंता विपिन कुमार लूना ने बताया कि पैरा फिटर के 4 पदों के लिए हाड़ा के राहुल, अनोह धमेटा के अनमोल ठाकुर, जोली के साहिल, वनरन के अनमोल धीमान का चयन हुआ है। वहीं पैरा पंप ऑपरेटर के 10 पदों के लिए टकवाल के रोहित सिंह, बासा के रोहित शर्मा, परड़ाह के साहिल पठानिया, छववड़ के अनिल चौधरी, जगनोली के अंकित राणा, ठेहड़ डाकघर गदरोली के राहुल सिंह, ठेहड़ डाकघर जगनोली के रोहित खान, बरोट के अमनदीप, समकड़ के शुभम कुमार व भाटी रियालां के नितिन का चयन हुआ है। मल्टीपर्पस वर्कर्स के 15 पदों के लिए टकोली के आर्यन,भाटी रियालां के बंश ठाकुर, झडोली के संगम शर्मा, बदनाहड़ के सौरभ शर्मा,सथेरा के अनमोल पठानिया, लोहारा के चिराग, लरहूं के जसप्रीत, रे के अभय सिंह, लारथ के पुष्प शर्मा, फतेहपुर के प्रताप सिंह, कुट के जय सिंह, छब्बड़ के अमित कुमार, चमोली के कार्तिक कौशल, हाड़ा के शुभम व खुडियाल की बीनू देवी की नियुक्ति हुई है। उन्होंने बताया कि नियुक्त हुए अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र भेजे जा रहे हैं।

### मैक्लोडगंज में पकड़ी शराब

**धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत एक पेटी शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना मैकलोडगंज की टीम जब गश्त पर थी तो खडीवही में राकेश कुमार निवासी गांव खडीवही डाकघर करेरी तहसील धर्मशाला की चाय मोमोस, चौमीन की दुकान में दबिश गई। तलाशी के दौरान दुकान से 9,000 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना मैक्लोडगंज में मामला दर्ज किया गया है। एसएचओ सुरेंद्र ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### बनूरी में शराब बरामद

**पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत शराब पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गश्त पर निकली पुलिस थाना पंचरुखी की टीम ने बनेरी चौक पर विपन कुमार निवासी गांव बनूरी डाकघर बनूरी वार्ड नंबर 14 से 9,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना पंचरुखी में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नगर परिषद जवाली में कैहरियां पंचायत को शामिल करने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**अनिल छांगू, जवाली**

ग्राम पंचायत कैहरियां को नगर परिषद जवाली में मर्ज करने के विरोध में वीरवार को कैहरियां पंचायत के लोग बीडीसी रजनेश्वर सिंह व उपप्रधान गोवर्धन सिंह के नेतृत्व में मिनी सचिवालय जवाली में पहुंचकर नायब तहसीलदार तारा चंद के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह व जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा को ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना है कि हमारी पंचायत में लगभग 450 परिवार रहते हैं और हमारी पंचायत पहले भी नगर पंचायत में शामिल थी और हमारी ही पंचायत के दो वार्डों को नगर पंचायत में शामिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उस समय तत्कालीन सरकार ने नगर पंचायत जवाली से हमारी पंचायत को अलग करके ग्राम पंचायत कैहरियां का दर्जा दिया था और ग्राम पंचायत बनने से यहां के निवासी खुश थे और अब दोबारा ग्राम पंचायत कैहरियां को नगर परिषद जवाली में डालने का आदेश पारित हो चुका है, जिसका पंचायत के लोग विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री चंद्र कुमार द्वारा गरीब जनता को टैक्सों के बोझ तले दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पंचायत के अधिकतर लोग गरीब हैं जो कि दिहाड़ी-मजदूरी करते हैं। गरीब लोग नगर पंचायत ले टैक्सों को भरने में असमर्थ हैं तथा हम किसी भी सूरत में नगर परिषद में शामिल नहीं होना चाहते हैं। उन्होंने मांग की है कि हमें नगर परिषद से बाहर पंचायत में ही रहने दिया जाए। (अनंत ज्ञान)



**नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री व डीसी को भेजा ज्ञापन**

# श्री बज्रेश्वरी मंदिर की तीन मंजिला सराय का जल्द होगा पुनर्निर्माण, कमेटी गठित

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

विश्वविख्यात प्रसिद्ध माता श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा की सराय को जल्द ही डिस्मेंटल कर नहीं रूपरेखा दी जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 32 वर्ष पहले बनाई गई इस तीन मंजिला सराय का पुनर्निर्माण के लिए मंदिर न्यास कांगड़ा ने ही अपनी पूर्व की मीटिंग में प्रस्ताव जिलाधीश के पास भेजा था कि इस सारी को तोड़कर इसकी जगह अत्याधुनिक तरीके से नई सराय का निर्माण किया जाए। इसके लिए कमेटी गठित कर दी गई है।



बता दें कि मंदिर से बाहरी राज्यों की श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है और बाहरी राज्यों के श्रद्धालुओं भारी संख्या में यहां दर्शनों को आते हैं। जब श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं तब उनकी सबसे बड़ी समस्या ठहरने को लेकर होती है। इसके पुनर्निर्माण के बाद उनकी ये समस्याएं भी दूर हो जाएंगी। इस बारे में जब मंदिर अधिकारी नीलम कुमारी से बात की तो उन्होंने बताया कि मंदिर न्यास ने मंदिर आयुक्त एवं जिलाधीश कांगड़ा को यह प्रस्ताव बनाकर भेजा था, जिसके लिए उपायुक्त कार्यालय से मंजूरी मिल गई है। 7 दिसंबर को इसके निरीक्षण के लिए लोक निर्माण विभाग से एक टीम श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर की सराय में आएगी। (अनंत ज्ञान)

# पंचायत स्तर पर सेहत सेवा स्वयं सहायता समूह होंगे गठित : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में सेहत सेवा अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों, चलने फिरने में असमर्थ रोगियों को उनके घर-द्वार पर देखभाल तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने के लिए पंचायत स्तर पर सेहत सेवा स्वयं सहायता समूह गठित किए जाएंगे। वीरवार को मिनी सचिवालय में अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, रेड क्रास सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग तथा एजुकेयर के सहयोग से जेरीएट्रिक होम केयर प्रबंधन प्रणाली विकसित करने का प्लान तैयार किया गया है। सेहत सेवा अभियान से बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होगी और उन्हें बार-बार चेकअप के लिए अस्पताल में नहीं जाना पड़ेगा। घर द्वार पर ही देखभाल सहायकों के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## पंचायत प्रतिनिधियों को आपदा से बचाव करने के दिए टिप्स

**धर्मशाला।** जिला पंचायत कार्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन विभाग के कुलदीप सिंह ने आपदा से बचाव के टिप्स दिए तथा आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबंधन को लेकर सभी को जागरूक होना जरूरी है तथा जागरूकता से आपदा से होने वाले नुक्सान को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन एक समग्र दृष्टिकोण है जिसमें आपदा के पूर्व, दौरान और बाद में की जाने वाली गतिविधियों का समावेश होता है। उन्होंने यह भी बताया कि आपदा प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी और सहयोग कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर भी आपदा मित्र तैयार किए जा रहे हैं ताकि आपदा के दौरान स्थानीय स्तर पर ही राहत और पुनर्वास के कार्यों को आरंभ किया जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर जिला तथा उपमंडल स्तर पर प्लान भी तैयार किए गए हैं इसी तरह से पंचायत प्रतिनिधियों को भी आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में सभी पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, महिला मंडल और सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं शामिल थीं।

**समारोह** उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने करेरी स्कूल के वार्षिक समारोह में मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

# अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें सभी अभिभावक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया ने वीरवार को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करेरी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए शिक्षा क्षेत्र में बदलाव कर रही है। उन्होंने शिक्षकों को कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त समय देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति जितना दायित्व अध्यापकों का है उतना ही अभिभावकों का भी है, इसलिए सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और शिक्षकों के साथ नियमित संवाद स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारों ने प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उन्होंने शिक्षकों को स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए भरपूर प्रयास करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अब सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम भी पढाया जा रहा है ताकि बच्चे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जाएंगे। इससे पहले स्कूल के प्रिंसिपल पवन कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



## न्यूज ब्रीफ

### टौणी देवी में निगम की बस खराब, लगा जाम



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** टौणी देवी में सुबह करीब 8:40 बजे धर्मपुर डिपो की एचआरटीसी की जम्मू रूट की एक बस का टायर पंचर हो गया। तंग सड़क होने के कारण बस को ठीक करने में और ज्यादा समय लगा, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। इस दौरान यात्री और वाहन चालक काफी परेशान हुए। करीब 1 घंटे बाद, सुबह 9:30 बजे के आसपास, बस ठीक होने के बाद यातायात सुचारु हो सका। लोगों ने मांग की है कि ऐसी समस्याओं को रोकने के लिए बसों की नियमित जांच और मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

### भगवती स्कूल में बच्चों को स्वास्थ्य पर दिए टिप्स




**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीपिका कुमारी और इंदिरा ने भाषण के माध्यम से बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया तथा किशोरों के स्वास्थ्य और विकास से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं के बच्चों में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गइ। बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग नादौन द्वारा डीपीटी/टिटनेस का टीकाकरण किया गया। प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को बताया कि डीपीटी संयोजित टीकों की एक श्रेणी को संदर्भित करता है, जो मनुष्यों को होने वाले तीन संक्रामक रोगों से बचाव के लिए दिए जाते हैं।

### शैवी कंवर जोन कैंप के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के चार छात्रों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरोह में लगे जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के मेगा कैंप में भाग लिया। इसमें जिले के लगभग 65 विद्यालयों के 270 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। विद्यालय की स्वयंसेवी शैवी कंवर के बेहतरीन प्रदर्शन से उसका चयन जोन कैंप के लिए किया गया है। विद्यालय प्रधानाचार्य शशि बाला ने छात्रा के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी रोहित अग्निहोत्री एवं दीप शिखा को भी बधाई दी।

### रिटायर्ड पेंशनरों का एरियर जल्द दे सरकार

**नादौन।** रिटायर्ड एंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान पीडी शर्मा ने की। बैठक में एसोसिएशन के महासचिव विजय चौधरी, जगदेव सिंह, डीएस मिन्हास, जेएन ठाकुर, प्रीतम चंद, मोती राम, सुरेश रतन, आरसी शर्मा, शिव कुमार डोगरा, अमर चंद आदि उपस्थित रहे। विजय चौधरी ने बताया कि बैठक में प्रदेश की मंडी में हुई मीटिंग की चर्चा हुई जिसमें जनवरी 2016 से 2021 तक हुए रिटायर पेंशनरों का एरियर जल्द से जल्द दिए जाने की सरकार से मांग की गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में जेसीसी का गठन किए जाने, पेंशनर्स के चिकित्सा बिलों का भुगतान का बजट में प्रावधान किए जाने की मांग सरकार से की गई।

### किसानों को प्राकृतिक खेती बारे किया जागरूक



**नादौन।** ग्राम पंचायत अमलैहड़ के गांव भवड़ां में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को पालक, गाजर, मूली व धनिया के बीज भी वितरित किए गए तथा किसानों को प्राकृतिक खेती बारे जागरूकता रैली के माध्यम से जागरूक किया गया।

### 23 पंजाब ने मनाया लोंगेवाला विजय दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** 1971 के भारत पाक युद्ध में पूरे युद्ध की दशा एवं दिशा बदलकर थल युद्ध में एक नया इतिहास रचने वाले लोंगेवाला युद्ध विजय दिवस के अवसर पर 23 पंजाब के सेवानिवृत्त जांबाज वीरों ने हमीरपुर स्थित ठाकुर विला में हर्षोल्लास के साथ लोंगेवाला विजय दिवस मनाया। आयोजन समिति के सदस्यों सर्व रिटायर्ड सूबेदार मेजर हॉनरेरी कैप्टन सुखदेव सिंह चौहान, हॉनरेरी कैप्टन मनोहर लाल शर्मा, सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन राजेश शर्मा एवं सेवारत सूबेदार मेजर अनिल कुमार ने इस अवसर पर इस युद्ध के नायकों और उन जवान वीरों को याद किया, जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से न केवल भारत माता का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया अपितु 23 पंजाब को भी इतिहास में अमर कर दिया।

### शिक्षा में बड़े बदलाव ला रही सरकार : सुरेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने की दिशा में कार्य कर रही है। मिनी सचिवालय के सम्मेलन हॉल में भोरंज के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों और शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक में सुरेश कुमार ने कहा कि अब मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में दोबारा अग्रणी राज्य बनाने के लिए विशेष पहल कर रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे इस दिशा में तत्परता के साथ कार्य करें। बैठक में उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार, नायब तहसीलदार पृथ्वी चंद, अन्य अधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रमुख भी उपस्थित थे।

### साई विजन स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के साईं विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में भोरंज एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब मनोरंजन किया। इससे पहले स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र चौधरी व प्रधानाचार्य पूजा शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट को पढ़कर सुनाई। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### बेंगलुरु में जानकारी ले रहे हिमाचल के अधिकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार एचपीशिवा परियोजना के माध्यम से राज्य के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फल उत्पादन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। इसके लिए विभिन्न फलों की नई-नई किस्मों की खेती को प्रोत्साहित करके फलों के उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में उद्यान विभाग के अधिकारियों के एक दल को अमरूद और अन्य फलों की नई किस्मों की जानकारी प्राप्त करने के लिए भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान बेंगलुरु भेजा गया है। हमीरपुर में तैनात उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश्वर परमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एसीपी शिवा परियोजना के तहत इन किस्मों को हिमाचल के बागवानों को उपलब्ध करवाने के लिए कार्य किया जाएगा।

# हमीरपुर की सड़कों पर अतिक्रमण की इंतहा

## सारी हदें पार कर सड़क तक सामान बिछाकर बेचने वालों को प्रशासन, नप, ट्रैफिक पुलिस किसी का डर नहीं

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

ऐसा लगता है हमीरपुर शहर की सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों ने सारी हदें पार कर दी हैं। उन्हें न ही तो जिला प्रशासन, नगर परिषद और न ही ट्रैफिक पुलिस का कोई डर रहा है। वजह यही है कि सड़क तक सामान बेचकर बिछाने की आदत उनकी नियति बन चुकी है। उन्हें फर्क भी क्या पड़ता है। कभी-कभार चालान भी हो जाए या फिर सामान कोई कार करिंदा उठाकर ले भी जाए। ऐसा 6 माह में एकाध बार होगा। हमीरपुर की दोनों सड़कों पर हालात बेकाबू से लगते हैं। इससे इस शहर की सड़कें बेहद संकरी बन चुकी हैं। न तो वाहन चलाने वालों के लिए सुकून रहा है और न ही पैदल चलने वाले राहगीरों को। ऐसे में सिवाय संबंधित एजेंसियों को कोसने के लोगों के पास कोई चारा भी शेष नहीं बचा है।

अधिकारी ही जब 'मौन' धारण कर लें, तो फिर व्यवस्था कौन बनाएगा, सवाल यही पूछा जा रहा है और वह भी मुख्यमंत्री के गृह जिला मुख्यालय पर अतिक्रमण की लगातार बिगड़ती स्थिति को लेकर।



सड़क पर सामान बिछाने के ऐसे उदाहरण इस शहर में अनेक हैं।

गांधी चौक के पास पोस्ट ऑफिस के बाहर की स्थिति देखते बनती है। यहां तो चलने फिरने वाला बरामदा सामान से भरा हुआ है, लेकिन उसके बाहर सड़क पर भी डेढ़ मीटर तक सामान फैला दिया गया है। पूरे शहर में ऊपर से नीचे तक हालत में काबू हैं। मुख्य दुकानों के बाहर सड़क पर बैठकर व्यवस्था को यह दुकानदार फड़ी लगाने वाले और चिढ़ा रहे हैं।

**वाहन चलाने वालों के लिए हर वक्त बना रहता है खतरा :** ऐसा नहीं है की कार्रवाई नहीं होती है, कभी-कभार सामान उठाकर नगर परिषद ले जाती है, लेकिन ऐसी रस्म अदायगी का क्या फायदा, जिससे व्यवस्था ही न बने। ट्रैफिक पुलिस वैसे तो दुकानों के बाहर दोपहिया वाहन खड़े हों या चौपहिया। झट से चालान करने में देर नहीं लगाते, लेकिन सामान ही सड़क पर बेचा जा रहा हो, तो क्या सड़क पर अवरोधक नहीं लग गया? क्या ट्रैफिक पुलिस दुकानदारों को छूट दे रही है। इस मामले में पिक एंड चूज हो रहा है?

यह सारे सवाल यहां खड़े तो हैं, जवाब कहीं से नहीं मिलता। बस स्टैंड के बाहर भोटा चौक की तरफ सब्जी फ्रूट बेचने वाला एक दुकानदार तो ऐसी स्थिति बनाए हुए हैं, जिससे वाहन चलाने वालों के लिए हर वक्त खतरा बना रहता है, क्योंकि वहां काफी तादाद में जो लोग सब्जी फ्रूट खरीदने खड़े होते हैं, उनका जमघट सड़क पर ही लगता है, लेकिन मजाल किसी की, इस दुकानदार को कोई पीछे धकेलने की हिम्मत जुटाए।

प्लस टू ब्वॉयज स्कूल के पास तो एक दुकानदार पिछले लंबे समय से खूब चर्चा में हैं। उसका सामान बिछता ही सड़क पर है। चालान भी होते रहे हैं, लेकिन व्यवस्था का यह टेड़ापन बेकाबू हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

### हालात हो रहे बेकाबू



पूर्व पार्षद दिग्विजय सिंह ठाकुर कहते हैं कि हालात बेकाबू हो रहे हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। संबंधित एजेंसियों को अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए।

### समस्या के हल को बदलना ही होगा तौर-तरीका

अब नगर परिषद तो बार-बार यही कहती है कि इसमें अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होती है। उनका सामान जब्त किया जाता है। एक बार फिर कार्रवाई की जाएगी। अब कोई बताए, भला जब व्यवस्था ही नहीं बनेगी, तो उस कार्रवाई का क्या फायदा? फिर औपचारिकता क्यों? अतिक्रमण करने वालों पर कोई डर तो होना चाहिए प्रशासनिक अमले का। शायद तौर तरीका बदलना पड़ेगा जिला प्रशासन, नगर परिषद और ट्रैफिक पुलिस को, ताकि उसकी छवि भी सुधरे और लोगों को फायदा भी हो।

# बाहल और जंगदोह के ग्रामीणों ने डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के तहत आने वाली गलोड़ तहसील के अंतर्गत आने वाले बाहल और जंगदोह गांव का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त हमीरपुर से वीरवार को नई पंचायत में शामिल करने के विरोध में मिला है। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि उन्हें पुरानी ग्राम पंचायत सरेड़ी में ही रखा जाए, क्योंकि पुरानी पंचायत उनके गांव से महज आधा किलोमीटर दूर है, जबकि नई पंचायत उनके गांव से चार से पांच किलोमीटर दूर पड़ रही है, ऐसे में गांव के लोगों ने उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से गुहार लगाई है कि जब तक सरेड़ी पंचायत का कोरम पूरा नहीं हो जाता, तब तक उन्हें नई पंचायत में किसी भी सूरत में शामिल न किया जाए।

बाहल गांव के ओम प्रकाश का कहना है कि कुछ लोग उन्हें यह धमकियां दे रहे हैं कि उनके गांव को बिना किसी हस्ताक्षर के नई पंचायत में जोड़ दिया जाएगा, इसलिए वह उपायुक्त हमीरपुर से गुहार लगाने आए हैं कि बाहल व जंगदोह गांव को पुरानी पंचायत सरेड़ी में ही रखा जाए, क्योंकि यह हमारे गांव से महज आधा किलोमीटर दूर है, जबकि नई पंचायत चार से पांच किलोमीटर दूर पड़ रही है, ऐसे में उनके गांव को जबरदस्ती नई पंचायत में न जोड़ा जाए।

बाहल गांव देवराज का कहना है कि नई पंचायत में पहुंचने के लिए हमें टैक्सी के लिए कम से कम एक हजार रुपए देने होंगे, जबकि वहां पर कोई और सुविधाएं भी नहीं हैं, जबकि पुरानी पंचायत सरेड़ी में बाजार और दूसरी कई सुविधाएं भी हमें मिल रही हैं, ऐसे में हम लोगों को पुरानी पंचायत में रहने दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

### नई पंचायत में शामिल होने पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर करें अधिक से अधिक अंशदान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) मदनशील शर्मा ने सभी लोगों से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर यथासंभव अधिक से अधिक अंशदान करने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि विभिन्न युद्धों और अन्य सैन्य ऑपरेशनों में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों, अपंग हुए सैनिकों और अन्य भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के कार्यों में मदद के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है।

# आयुर्वेदिक चिकित्सकों को पैरा सर्जिकल तकनीक बताई

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



आयुर्वेद चिकित्सकों को शल्य चिकित्सा की पैरा सर्जिकल तकनीक में पारंगत करने के लिए जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बीरवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में राजीव गांधी आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. गौरव परमार ने जिले के 55 आयुर्वेदिक चिकित्सकों को पैरा सर्जिकल तकनीक के बारे में जानकारी प्रदान की।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. बृजनंदन शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग के निदेशक डॉ. निपुण जिंदल के निर्देशानुसार हमीरपुर जिले के आयुर्वेद चिकित्सकों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा उन्हें शल्य चिकित्सा की पैरा सर्जिकल तकनीक में पारंगत किया जा रहा है।

डॉ. बृजनंदन शर्मा ने बताया कि इससे आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकेंगी तथा रोगियों को मर्म चिकित्सा, अग्नि कर्म और अन्य चिकित्सा तकनीकों का लाभ मिल सकेगा। हालांकि जिला आयुर्वेद अस्पताल हमीरपुर में कोई भी सर्जिकल विशेषज्ञ नहीं है, इसके बाद यहां पर भी चिकित्सक तैनात किया जाएगा।

पिछले 2 वर्षों से सर्जिकल चिकित्सक का तबादला होने से यहां पर अभी तक किसी भी चिकित्सक ने ज्वाइन नहीं किया है। फील्ड में कई विशेषज्ञ चिकित्सक भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिससे लोगों को लाभ मिल रहा है। जिला अस्पताल में भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए सरकार को भेजा गया है। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. दलीप ठाकुर, पपरोला कालेज से डॉ. गौरव शर्मा और अन्य चिकित्सक भी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपियनशिप में द मैग्नेट स्कूल के बच्चों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** तलवारबाजी संघ की ओर से पटना में राष्ट्रीय स्तर पर तलवारबाजी प्रतियोगिता का 1 से 5 दिसंबर को आयोजन करवाया गया। जिसमें द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर के अभिनंदन, पलक, तनिषा, रुचिका और अनन्या ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस उपलक्ष्य पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान ने तलवारबाजी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को बधाई दी और पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### डिपोधारकों के साथ किया वादा पूरा हुआ तो सरकार के जश्न में प्रदेश के डिपो संचालक भी शामिल होंगे : कवि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने आम विधानसभा चुनावों से पूर्व प्रदेश के डिपो धारकों को 20,000 मासिक वेतन देने व वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने का वादा किया था और इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल किया था। कांग्रेस पार्टी के इस फैसले से उत्साहित होकर प्रदेश के डिपो धारकों ने कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित सभी प्रत्याशियों के पक्ष में तन, मन और धन से काम किया था। कवि ने कहा कि उसके उपरांत लोकसभा चुनावों व प्रदेश में हुए उपचुनावों में भी प्रदेश के डिपो धारकों ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन कांग्रेस पार्टी की सरकार अभी तक भी डिपो धारकों के साथ किए गए वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री 11 दिसंबर को की जाने वाली घोषणाओं के तहत डिपो धारकों के साथ किए गए वादे को भी शामिल करते हैं, तो प्रदेश भर के सभी डिपो धारक ढोल-नगाड़ों के साथ सरकार के जश्न में शामिल होंगे।

# बेखौफ : जाहू की खड्डों में अवैज्ञानिक ढंग से हो रहा अवैध खनन

**एसके शर्मा, जाहू**

सीर व सुनैहल खड्ड में अवैध खनन लगातार जारी है, जिससे स्थानीय किसानों में प्रशासन और सरकार के प्रति आक्रोश है। इन खड्डों में बड़े पैमाने पर अवैज्ञानिक तरीके से खनन किया जा रहा है। खड्डों में हो रहा खनन किसानों और ग्रामीणों के लिए अभिशाप वन चुका है।

चंबोह से लेकर हौड़ तक चैंथ खड्ड के किनारे पांच पेयजल योजनाएं हैं। इसी तरह भौंखर से लेकर जाहू तक छह पेयजल योजनाएं तथा सीर खड्ड के किनारे बरच्छवाड़ से लेकर बम्म तक 10 पेयजल योजनाएं जलशक्ति विभाग ने निर्मित की हैं। इन खड्डों में लगातार हो रहे खनन से गहराई पांच से 10 फुट तक पहुंच गई है। इससे जहां एक ओर किसानों की सिचाई सुविधा समाप्त हो गई है, वहीं पेयजल योजनाओं का जलस्तर भी गिरने लगा है। अवैध खनन की बजह से सीर, सुनैहल खड्ड में भूमि का कटाव हो रहा है जिससे किसानों को अपनी जमीन से हाथ धोना पड़ रहा है। खड्डों में अवैध खनन जेसीबी मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। खनन माफिया बेखौफ होकर दिन और रात ट्रैक्टरों, टिप्परों में पत्थर भर कर ले जा रहा है।



जेसीबी से अवैध खनन करते हुए।

हैरानी की बात यह है कि सरकाघाट से घुमारवीं वाया भांबला तथा भोटा से मंडी वाया जाहू सुपर हाईवे मार्ग पर सरकारी अफसरों की गाड़ियां दिनभर दौड़ी रहती हैं, उसके बावजूद व जाहू और भांबला में पुलिस चौकियां भी हैं इसके बावजूद खनन माफिया सुबह से शाम तक सीर खड्ड में अवैध खनन को अंजाम दे रहा है। जाहू और भांबला-सुलपर को जोड़ने के लिए बने नए पुल के पास खनन माफिया पत्थरों को सरेआम ट्रैक्टरों में भर रहा है।

इसी तरह बिलासपुर खनन माफिया बिलासपुर जिला के देहर-मरकोटा पेयजल योजना के पास से पत्थर भर रहा है। इससे पेयजल योजना के कुएं को नुकसान हो सकता है। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर का कहना कि पुलिस अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि अवैज्ञानिक ढंग से अवैध खनन करने वालों को बिलकुल भी बक्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### विजय वल्लभ कॉलेज का बीएड का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा बीएड द्वितीय सत्र का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय का बीएड द्वितीय सत्र का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। द्वितीय सत्र की छात्रा अलका अत्री ने 83.71 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतिभा शर्मा 83.42 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा साहिल कुमार 82.85 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। कालेज प्रिंसिपल डॉ. अनामिका शर्मा व कॉलेज के प्रबंधक अजय जैन ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर निर्मल जैन व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहा।

# राजेंद्र राणा अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की लड़ रहे लड़ाई : सुमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



अपनी ताजा ताजा चुनावी हार से बौखलाए राजेंद्र राणा अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। चुनाव हारने का झटका उन्हें इस कदर लगा है कि वह आए दिन अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा मे जाकर भी हाशिए पर धकेल दिए गए राजेंद्र राणा वहां भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने मे लगे हैं। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने कही।

सुमन भारती शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा के संगठन चुनाव में भाजपा के संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं को वह किनारे लगाने में लगे हुए हैं और वहां पर भाजपा के पुराने कार्यकर्ता भी उन्हें स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं और राजेंद्र अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। सुमन ने कहा कि राणा को रचनात्मक और पॉजिटिव राजनीति करनी चाहिए न कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पर अनाप-शनाप बयानबाजी करके अपना अस्तित्व दिखाने की कोशिश करनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि भाजपा में नए नवेले गए राजेंद्र राणा जिस प्रकार से भाजपा की केंद्रीय हाईकमान में अपनी अच्छी पैठ की डींगें हांकते फिरते हैं, तो वे इसका प्रयोग प्रदेश के विकास के लिए करें। वह बताएं कि जीएसटी का पैसा केंद्र सरकार हिमाचल को देने मे बिलंब क्यों करती है, डिजास्टर मैनेजमेंट के 9000 करोड़ रुपए हिमाचल को क्यों नही दिए गए।

### हमीरपुर में ऑटोमोबाइल कंपनी में पांच पदों के लिए साक्षात्कार 9 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव कैहडरू में स्थित ओम नमः शिवाय ऑटोमोबाइल में रिसेप्शनिस्ट के एक पद और तकनीशियन के 4 पदों को भरने के लिए 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि रिसेप्शनिस्ट के पद के लिए उम्मीदवार स्नातक होना चाहिए तथा उसे कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए। तकनीशियन के पदों के लिए उम्मीदवार मैकेनिकल एवं ऑटोमोबाइल में आईटीआई डिप्लोमा धारक होने चाहिए। उनकी आयु 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 12 हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### बीएड द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम में आकांक्षा चड्ढा के 350 में से 283 अंक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा जुलाई माह में ली गई बीएड की द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोटा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। द्वितीय सेमेस्टर में आकांक्षा चड्ढा ने 350 में से 283 अंक लेकर प्रथम स्थान, दीक्षा ने दूसरा स्थान तथा शीतल शर्मा व अंजना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह, सेक्रेटरी कुलवीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान व कॉलेज के समस्त स्टाफ ने कॉलेज का परिणाम सौ फीसदी रहने पर सबको बधाई दी तथा पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्र व छात्राओं को भी शुभकामनाएं दीं।

**मंथन** जिला पंचायत अधिकारी एवं परिषद सचिव शशिबाला ने किया बैठक का संचालन

# जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक में उठे जनहित के मुद्दे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक वीरवार को बबली देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें परिषद के सदस्यों की ओर से कई मुद्दे उठाए गए। मुद्दों एवं प्रश्नों पर संबंधित अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की गई। इनमें से अधिकांश मुद्दे आम जनता और आवश्यक सुविधाओं से संबंधित थे।

बैठक में हमीरपुर-टौणीदेवी-अवाहदेवी हाईवे के निर्माण, भरेड़ी-चंदरूही सड़क की टारिंग, इसी सड़क के किनारे नालियों की मरम्मत तथा फगलोट में पुलिया का निर्माण, रंगस के पास हाईवे पर अतिक्रमण, धनेटा में चौराहे पर ट्रैफिक लाइट्स स्थापित करने, बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान पर भी सदस्यों ने खूब चर्चा की। जनहित के कई अन्य मुद्दों पर विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की गई।

इसके अलावा कई सड़कों के आसपास गिरे डंगों के पुनर्निर्माण, धनेटा के गांव शीतला में वर्षाशालिका के निर्माण, पीएचसी जंगलबैरी और पीएचसी गुब्बर में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के आवास के निर्माण, ग्राम पंचायत बडैहर में पुराने गले-सड़े बिजली के खंभों को बदलने तथा पिपलू की आल से लेकर शनि देव मंदिर तक चैक डैम के कार्य को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला पंचायत अधिकारी एवं परिषद की सचिव शशिबाला ठाकुर ने किया।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि और अन्य।

### अधिकारियों ने ली ताजा स्थिति की जानकारी

सुजानपुर शहर के कचरे की डंपिंग साइट, विभिन्न स्कूलों में रिक्त पदों, बस सेवाओं और सोलर लाइटों की मरम्मत इत्यादि पर भी संबंधित जिला परिषद सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों से ताजा स्थिति की जानकारी ली। परिषद के सदस्यों और अधिकारियों-कर्मचारियों के मानदेय एवं वेतन के बारे में भी अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। भोटा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वन भूमि पर निर्मित श्मशानघाटों और अन्य संपत्तियों को लेकर वन विभाग के अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई।

### मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

परिषद की अध्यक्ष बबली देवी ने अधिकारियों से कहा कि वे सभी सदस्यों की ओर से उठाए गए जनहित के मुद्दों को गंभीरता से लें और इनके निवारण के लिए त्वरित कार्रवाई करें। एडीएम एवं परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल चौहान ने भी सभी अधिकारियों को तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिषद के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी ओर से उठाए गए सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## न्यूज ब्रीफ

### धनोटू हाईवे पुल की रेलिंग टूटने से हादसों का खतरा



**भीम बसेडू, महादेव।** धनोटू एनएच 21 पर बने पुल की रेलिंग टूटने से घटना एवं दुर्घटना की स्थिति में नीचे नहर में लुढ़कने का भयावह दृश्य देखने को मिलता रहा है। धनोटू स्थित बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) नहर के ऊपर बने राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 की पुल सुविधा जहां संकरी हालत में है वहीं पुल की रेलिंग जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने से पूर्व में घटी भयानक घटनाओं की भांति वर्तमान समय में भी थोड़ी सी चूक होने पर चालकों के समेत वाहन नीचे गहरी नहर में लुढ़कने का खतरा अक्सर बना रहता है। यही नहीं पुल के यहां घूमते -बिचरते आवारा पशु भी बिगड़ने पर टक्कर मारकर राहगीरों को नहर के गहरे पानी में गिराते रहे हैं। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि धनोटू नेशनल हाईवे पुल की टूटी-फूटी रेलिंग के स्थान पर लोहे की मजबूत-ऊंची रेलिंग लगाना इसलिए भी जरूरी है ताकि और दिल दहलाने वाले हादसों को न्योता न मिल सके।

### हरभज भाटिया बने नवदुर्गा वैष्णवी समिति के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोयरा के गांव डोलंगी में नवदुर्गा वैष्णवी धर्म कल्याण समिति का गठन पूर्व जिला परिषद सदस्य मंडी चमन राही की अध्यक्षता में किया गया। इसमें अध्यक्ष कर्नल हरभज भाटिया, उपाध्यक्ष हरि सिंह, महासचिव यमुना संधु, वित्तीय सचिव हंसा देवी, संयुक्त सचिव पूजा, सांस्कृतिक सचिव मीना देवी, लेखा परीक्षक विकास भाटिया, प्रचार सचिव उर्मीला देवी, संगठन सचिव साहिल को सर्वसम्मति से चुना गया। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य मंडी चमन राही ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि शासन और प्रशासन से मिलकर चुने हुए प्रतिनिधि क्षेत्र का चहुमुखी विकास करवाएंगे और सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्यरत रहेंगे।

### किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़ने को किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** विकास खंड बल्ह में विश्व मृदा का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 किसानों ने भाग लिया जिनको कृषि विकास अधिकारी डॉ. राजेंद्र सिंह ठाकुर व विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. चौधरी राम ने मृदा का सुधार व स्वास्थ्य के ऊपर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पुनम कुमारी सहायक तकनीकी प्रबंधक ने सिटी के स्वास्थ्य के ऊपर जानकारी दी और सुभाष पालेकर खेती की जानकारी दी गई उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़ने के लिए के लिए प्रेरित किया गया। प्राकृतिक खेती के महत्व और तकनीकों को अवगत कराया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जहर मुक्त खेती अपनाने को कहा गया।

इस अवसर पर किसान यूनियन जिला इकाई से दूनी चंद शर्मा व विकास खण्ड स्तरीय इकाई से प्रधान देवराज, कृष्ण लाल व हेम सिंह आदि मौजूद रहे डॉ. चौधरी राम जी ने किसानों का धन्यवाद किया से किसानों का धन्यवाद किया और भविष्य में मृदा का सुधार करने तथा अपने खेत की मृदा के नमूने का परीक्षण करके अनुमोदित खाद की मात्रा डालें तथा पर्याप्त अनुमोदित सड़ी-गली गोबर की खाद, व प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए कहा गया।

### एनटीपीसी कोलडैम ने करवाई ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा संगिनी संघ के तत्वावधान में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत वृद्ध नेत्र व दंत परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन धनवंतरी अस्पताल जमथल में किया गया। चिकित्सा शिविर का उदघाटन रेखा ठाकुर, अध्यक्षा संगिनी संघ एनटीपीसी कोलडैम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के द्वारा परियोजना प्रभावित एवं आसपास के ग्रामवासियों के नेत्र एवं दांतों का चिकित्सा परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से रोगियों की आंखों व दांतों का परीक्षण किया।



### शिक्षा व स्वतंत्रता पुस्तक का किया विमोचन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** 100 से ज्यादा पुस्तकों के लेखक डॉ. दिनेश धर्मपाल कपूर की एक और पुस्तक का विमोचन आज सरदार पटेल विश्वविद्यालय में किया गया। प्रति कुलपति अनुपमा सिंह द्वारा विमोचित शिक्षा व स्वतंत्रता नामक उनकी यह अगली पुस्तक है। इस मौके पर अनुपमा सिंह ने कहा कि नारी साहित्य में इनका बहुत योगदान है। हालांकि नारियों के लिए व्यक्तिगत व सरकारी तौर पर बहुत से कार्यक्रम चल रहे हैं लेकिन सामाजिक तौर पर इसमें पिछड़ापन है। इसमें न केवल शहरी महिलाओं की बात है बल्कि ग्रामीण महिलाएं भी शामिल है।

### ग्रीन फील्ड स्कूल सिहुंता में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की धूम, कुलदीप पठानिया रहे मौजूद, कहा-

# शिक्षा के साथ खेल को भी महत्व दें विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

शिक्षा के साथ-साथ खेलों तथा अन्य गतिविधियों को भी महत्व देते हुए विद्यार्थी इनमें ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लें ताकि भविष्य में पढ़ाई पूरी करने के उपरांत चाहे वे जिस भी क्षेत्र को करियर के रूप में चुनें उसमें बेहतर करते हुए देश के अच्छे नागरिक बन सकें।

यह विचार विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सिहुंता में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अलावा संस्कार, स्किल तथा फिटनेस का जीवन में अत्यंत महत्व है तथा इसके लिए विधालय के अलावा अध्यापकों व अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सिंहुता शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है तथा यहां से पढ़े हुए विद्यार्थी आज देश के अनेक हिस्सों में जाकर इस क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने समारोह में शिक्षा, खेलों तथा अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया।





छात्राओं को सम्मानित करते पठानिया व (नीचे) मौजूद कुलदीप पठानिया व अन्य।

**विद्यालय के छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत**

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि स्कूलों में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का अवसर विद्यार्थियों के जीवन का एक यादगार अवसर होता है क्योंकि ऐसे मौकों पर एक ओर जहां कुछ विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मान प्राप्त होता होता है वहीं शेष विद्यार्थियों को ऐसे मौकों पर स्वयं को बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक ही सीमित नहीं है इससे जीवन में सफलता प्राप्त करने का कौशल विकसित होता है। उन्होंने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा के दौर में कड़ा परिश्रम करने की आवश्यकता है तथा कठिन परिश्रम और प्रतिस्पर्धा ही वह माध्यम हैं जिनसे छात्र अपने कौशल को निखारते हुए नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्थाई सफलता व्यक्ति को केवल निरंतर परिश्रम व प्रयासों से ही हासिल हो सकती है इसलिए विधार्थियों को अपने जीवन में परिश्रम के साथ निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए तभी मनवांशित लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में नशे का बढ़ता प्रचलन एक गंभीर समस्या है। शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा ढांचागत विकास के लिए प्रदेश सरकार अनेक सार्थक कदम उठा रही है तथा गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने के लिए हर संभव मदद मुहैया करवा रही है। प्रदेश सरकार की इन्हीं प्रयासों की तहत आज भटियात विधानसभा क्षेत्र में भी शिक्षा से संबंधित आवश्यकताओं को बड़े स्तर पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

समारोह की शुरुआत मुख्यातिथि के कर कमलों द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ की गई। तत्पश्चात स्कूल के चेयरमैन चमन लाल ने मुख्यातिथि सहित आए हुए मेहमानों का स्वागत किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में विधालय के योगदान वारे जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रोत्साहन के लिए अपनी ओर विद्यालय को 31 हजार रुपए देने की घोषणा के अलावा ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सिहुंता में कम्प्यूटर लैब स्थापित करने के लिए आवश्यक धन राशि देने की घोषणा की भी घोषणा की।

### रोहडू में नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ

# देवलुओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर तलवारों को लहराते हुए किया नृत्य

**दशमी रावत, रोहडू**

पांच बासा के मालिक रोहडू के शिकडू देवता महाराज के नवनिर्मित मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा वीरवार को संघेडा से शुरू हो गई है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले दिन वीरवार को मेहमान देवताओं का आगमन हुआ। दूसरे दिन शिखा पूजन की रस्म होगी।

वहीं तीसरे दिन सभी देवताओं व परशुराम की विदाई होगी। मेहमान देवताओं में देवता महाराज मोहरिष रंटाडी, देवता किलबालू महाराज दशालनी व परशुराम महाराज पाऊली व चिऊनी प्रतिष्ठा समारोह में पधारे। वीरवार को सबसे पहले प्रात: 11 बजे पावली गांव से परशुराम (भटोली) मंदिर पहुंचे जहां पर देवता शिकडू महाराज द्वारा उनका स्वागत किया गया। उसके पश्चात परशुराम (भटोली) चिऊनी मंदिर प्रांगण में पधारे। जहां पर स्थानीय देवता शिकडू महाराज द्वारा परशुराम का भी स्वागत किया गया।

प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने रोहडू बाजार के साथ लगते दशालनी गांव के देवता किलबालू महाराज भी पहुंचे उनका भी देवता शिकडू महाराज द्वारा स्वागत किया गया। अंत में सांए 4 बजे देवता मोहरिष रंटाडी अपने सैंकड़ों देवलुओं के साथ प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने मंदिर प्रांगण रोहडू पहुंचे। जहां पर स्थानीय देवता शिकडू महाराज के साथ उनका मिलन हुआ तथा शिकडू महाराज ने स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचे देवलुओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर हाथों में तलवारें, खुखरी व डंडे लहराते हुए नृत्य किया। पहले दिन स्थानीय रामलीला मैदान में धूड पीटने की रस्म अदा की गई। प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को नवनिर्मित मंदिर की शिखा पूजन होगी।



रोहडू में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे देवलु।

## वार्षिक समारोह में बच्चों ने किया रंगारंग कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसोरगढ़ का वार्षिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया, इसमें मुख्यातिथि कांग्रेस के युवा नेता यशवंत सिंह खन्ना ने शिकरत की, वहीं स्कूली बच्चों ने मुख्यातिथि का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य शेर चंद ठाकुर ने स्कूली बच्चों द्वारा पूरे साल की गई गतिविधियों के बारे में रिपोर्ट कार्ड पेश किया और मुख्यातिथि द्वारा बच्चों द्वारा किए गए कार्य की सराहना की और स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रस्तुती देखने को मिली।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य मेहमान व साथ हैं अन्य।

**प्रधानाचार्य शेर चंद ने बच्चों की पूरे साल की गतिविधियों का रिपोर्ट कार्ड किया पेश**

स्कूल प्रशासन द्वारा स्कूल में आने वाली दिक्कतों के बारे में मुख्यातिथि के समक्ष डिमांड चार्ट रखा और उनसे गुजारिश की उनकी समस्याओं का हाल करवाया जाए। मुख्यातिथि ने कहा उनकी सभी समस्याओं का निदान करवाया जाएगा, हालांकि मुख्यातिथि के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जिले में ऐप के माध्यम से होगा प्रकृति परीक्षण : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आयुष के अनुसार लोगों का खान-पान, व्यायाम और चिकित्सा सलाह उपलब्ध करवाने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा प्रकृति परीक्षण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत जिला चंबा में 9 हजार लोगों का प्रकृति परीक्षण के लिए पंजीकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस कड़ी में 5 दिसंबर को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के तहत पंजीकरण किया गया।

अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए जिला आयुष अधिकारी सुरेंद्र सुमन ने बताया कि जिला चंबा में अब तक लगभग 1400 लोगों का पंजीकरण किया जा चुका है। इस अभियान के तहत आम लोगों को अपने आसपास के आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर अपना पंजीकरण करवाना होगा। उसके पश्चात प्रकृति परीक्षण एप के माध्यम से ही उन्हें अपने शरीर की प्रकृति के बारे में पता लगेगा। जिला आयुष अधिकारी चंबा डॉक्टर सुरेंद्र सुमन ने बताया कि इस अभियान का पहला चरण 26 नवंबर को शुरू हुआ है तथा यह 25 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान में देश भर में एक करोड़ से ज्यादा लोगों का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा। इसके पश्चात उन्हें आयुष पद्धति से उपचार की जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि प्रकृति परीक्षण के लिए आम जनता को इस ऐप से जोड़ा जाएगा तथा क्यू आर कोड के माध्यम से आम लोगों की जानकारी भरी जाएगी।



लोगों को उन्हें अपने शरीर और स्वास्थ्य संबंधी कुछ आसान सवालों का जवाब देना होगा। उसके पश्चात उक्त व्यक्ति की प्रकृति (कफ,वात, पित) ज्ञात हो जाती है तथा उसी के अनुसार संबंधित व्यक्ति को खान-पान और उपचार बारे जानकारी प्राप्त होती है।

## कर्मचारियों की पेंशन का एक तारीख को हो भुगतान : मदनलाल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



हिमाचल पेंशनर्स संघ डलहौजी इकाई की मासिक बैठक का आयोजन बीते कल विश्रामगृह बनीखेत में इकाई के प्रधान मदन लाल अरोड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सेवानिवृत कर्मचारियों के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। कर्मचारियों ने अपनी लीव कम्युटेशन डीए का एरियर व अन्य समस्याओं पर चर्चा की।

इस बैठक में सेवानिवृत कर्मचारियों ने 2016 से 2021 तक सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के लीवअनकैशमैंट ग्रेच्युटी तथा अन्य लाभ कर्मचारियों को नहीं मिले हैं तथा सरकार से उन्होंने मांग की है कि वह भी जल्द से जल्द उन्हें लाभ दिए जाएं। उन्होंने मेडिकल बिलों को लेकर भी सरकार को याद दिलाया कि वह भी पेंडिंग पड़े हुए हैं जिनका भुगतान नहीं किया गया है उन्हें भी जल्द से जल्द सरकार भुगतान करें यदि सरकार इस समय मेडिकल बिलों का भुगतान करने में असमर्थ है तो सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कैशलेस सुविधा प्रदान करें। समस्त कर्मचारियों ने पेंशन को पहली तारीख को भुगतान हेतु मांग रखी है।

इसके इलावा हिम आंचल पेंशनर्स संघ के समस्त सदस्य एवं स्थानीय वरिष्ठ नागरिक होने के नाते उन्होंने इस आयोजन में स्थानीय प्रशासन से भी मांग की है कि वह एनएचपीसी चौक पद्दर बाजार से मुख्य बाजार में सीसीटीवी कैमरों का प्रबंध करें ताकि वाहन चलाने वालों तथा सुरक्षा की दृष्टि से नजर रखी जा सके। उन्होंने आसमां छुते सब्जियों के भावों को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से मांग की है की सब्जी वालों को भी प्रशासन उचित दिशा निर्देश जारी करें ताकि वह सब्जी के भावों की सूची भी सूचनापट्ट पर प्रदर्शित करें ताकि मनमाने भाव लगाने वाले सब्जी बेचने वालों पर अंकुश लगाया जा सके।

## ग्रामीण विकास विभाग और अंबुजा सीमेंट के बीच हुआ एमओयू

**शिमला।** ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य में गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के महत्वपूर्ण मुद्दे के समाधान के लिए अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत, अंबुजा सीमेंट्स अपने सीमेंट भट्टों में गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे को सह-प्रसंस्कृत करने के लिए विभाग के साथ सहयोग करेगी।

यह नवोन्मेषी दृष्टिकोण पर्यावरण के अनुकूल अपशिष्ट निपटान विधियों के साथ संरेखित होगा और राज्य में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के सरकार के मिशन में योगदान देगा।

## डॉ. सतीश और डॉ. रमन कुमार स्वास्थ्य केंद्र बाथरी में देंगे सेवाएं

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विकासखंड भटियात के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी में कार्यरत मात्र दो डॉक्टर ही पिछले काफी समय से अपनी सेवाएं दे रहे थे जिनकी सेवाओं की सेवा अवधि पूरी होते ही सरकार ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से तबादला कर दिया है जिसको लेकर बाथरी तथा इसके आसपास के क्षेत्र में चर्चाओं का दौर गरम है।

बता दें कि डॉक्टर एवं महिला डॉक्टर के सहारे चल रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी जब से बना है तब से लेकर आज तक किसी न किसी मुद्दे को लेकर चर्चाओं में ही रहा है किंतु दोनों डॉक्टरों की एक साथ तबादले से हर कोई हैरान है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉक्टर विपिन से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की तरफ से सामुदायिक केंद्र बाथरी में दो डॉक्टर की तैनाती कर दी गई है जिनमें एक डॉक्टर सतीश जो सिविल हॉस्पिटल नूरपुर तथा रमन कुमार सिविल हॉस्पिटल शाहपुर से जल्द ही अपनी सेवाएं स्वास्थ्य केंद्र बाथरी में देंगे।(अनंत ज्ञान)



## यूनियन सहायता जारी न होने पर करेगी आंदोलन : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मंडी जिला के 35 हज़ार मजदूरों की 100 करोड़ रुपए की सहायता तीन साल से है लंबित मनरेगा एवं निर्माण मज़दूर यूनियन मज़दूरों की एकेवाईसी जल्द करवाने के लिए अगले सप्ताह से कल्याण बोर्ड के साथ मिलकर क्षेत्र वॉर शिविर आयोजित करेगा। जिसकी योजना करतार सिंह चौहान की अध्यक्षता में यूनियन खण्ड कमेटी की पाड़छु में आयोजित बैठकमें बनाई गई, जिसमें सीटू के ज़िला अध्यक्ष एवं बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह भी शामिल हुए जिन्होंने बताया कि बोर्ड में केंद्र सरकार के दिशा निर्देश अनुसार सभी पंजीकृत मज़दूरों की एकेवाईसी करने का अभियान शुरू किया है जिसमें मजदूरों के आधार नंम्बर और मौके पर फ़ोटो लेकर एकेवाईसी की जा रही है।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सरकाघाट में स्थापित बोर्ड कार्यालय के कर्मचारियों को 25 हजार मजदूरों की एकेवाईसी करनी होगी। बैठक में मुद्दा उठाया कि मज़दूरों की वित्तिय सहायता जारी की गई है और मंडी जिला के ही 35 हज़ार मज़दूरों की सौ करोड़ रुपये की सहायता पेंडिंग है।

गत 16 नवंबर को बोर्ड के चेयरमैन को नादौन में सभी यूनियनों ने ज्ञापन सौंपा था और उन्हें लंबित सहायता एक महीने में जारी करवाने का समय दिया था लेकिन कोई प्रोग्रेस नहीं हुई है। सीटू से सबंधित निर्माण मजदूर फेडरेशन की राज्य कमेटी की बैठक 16 दिसंबर को हमीरपुर में रखी गई है जिसमें बोर्ड कार्यप्रणाली के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की योजना बनाई जाएगी।

## शराब पीकर बस चलाने वाला चालक निलंबित

**मंडी।** गत 3 दिनों में बस चालकों पर तीन जिंदगियां निगलने का आरोप लगा है। लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। क्रांति संगठन के अध्यक्ष सोनू, समाजसेवी अश्विनी, राहुल, विजय, विनय आदि ने कहा कि सप्ताह में कभी भी हर चालक की जांच की जानी चाहिए, ताकि जान माल की रक्षा सुनिश्चित हो सके। लोगों ने एसपी मंडी साक्षी वर्मा और डीसी अपूर्व देवगन मंडी से मांग की है कि ऐसे बस चालकों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि शिकायतों पर संज्ञान लिया जाएगा। चौहारघाटी में सुधार से पधर की ओर आ रही मंडी डिपो की बस एक पोल से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो गई थी। जांच करने पर पाया कि चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहा था। चालक को तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

## सहकारिता सम्मेलन में एफपीओ धर्मपुर ने गतिविधियों की प्रस्तुति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एफ़पीओ धर्मपुर को मशोबरा शिमला में 4-5 दिसंबर को आयोजित पहले राज्य स्तरीय सहकारी समितियों व एफ़पीओ के सम्मेलन में भाग लेने और अपने दो साल के कार्यों का प्रस्तुतिकरण करने के लिए एनसीडीसी ने एकमात्र धर्मपुर एफपीओ को चयनित किया गया था, जिसमें एफ़पीओ वर्किंग कमेटी के महासचिव भूपेंद्र सिंह और सहायक महासचिव डॉ. कुलदीप सिंह गुलरिया ने सम्मेलन में भाग लिया।

एनसीडीसी द्वारा हिमाचल प्रदेश में 30 एफपीओ का गठन किया गया है जिनमें से केवल धर्मपुर एफ़पीओ को ही इस सम्मेलन में अपनी अब तक की सफलता व कार्यों के लिए चयनित किया गया था जो एफ़पीओ धर्मपुर के लिए गौरव की बात है। सम्मेलन का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री व सहकारिता मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया और सहकारिता विभाग के सचिव सी पालरासु, सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार डॉ. आरके पुरथी और एनसीडीसी के क्षेत्रीय निदेशक भुपेंड्रा मंडावी के अलावा तीन सौ प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए।

सम्मेलन में एफ़पीओ के अब तक के कार्यों की पीपीटी के माध्यम से महासचिव भूपेंद्र सिंह ने प्रेजेंटेशन दी और गीत भी सुनाया गया जिसे सभी ने सराहा। वर्मीकम्पोस्ट खाद बनाने के लिए इस माह के अंत में प्रॉजेक्ट तैयार किया जाएगा।

## विधायक दिलीप ठाकुर की मां कृष्णी देवी का निधन

**सरकाघाट।** सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर की माता कृष्णी देवी का बुधवार रात हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सुखर में किया गया।

शोक की इस घड़ी में पूर्व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग, सुंदरनगर के विधायक राकेश जमवाल, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, भाजपा जिला, मंडल के पदाधिकारी व अन्य गणमान्य लोगों ने विधायक के दलीप ठाकुर के आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उधर विधायक दिलीप ठाकुर माता के निधन पर नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### सूडोकु 0008 ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0007 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

6 दिसंबर, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** पंचमी (12:10): **नक्षत्र** श्रवण (05:19), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** वृद्धि (10:42) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:33), **राहुकाल** (10:54 -12:12)।

### विशेष दिन

- 6 दिसंबर : श्री राम विवाहोत्सव आज।
- 6 दिसंबर : नाग दीपावली आज।

**मेष:** पद प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। राज्य से सम्मान प्राप्ति होगी। आज का दिन विशेष हो सकता है। किसी नए काम का प्रारंभ करना हितकारी नहीं है।

**वृषभ:** स्वास्थ्य में लाभ होगा। दैनिक कार्यों में अनियमितता रहेगी। आपको कार्यस्थल पर और पारिवारिक जीवन में भी दिक्कतें आ सकती हैं।

**मिथुन:** सामाजिक दायित्व का निर्वाह होगा। कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मित्रों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। आज का दिन बहुत व्यस्त रहेगा।

**कर्क:** व्यय अधिक होगा। धन का सामान्य लाभ मिलेगा। शत्रु से हानि होगी। मनोबल बढ़ेगा। परिवार में मतभेद होने से वातावरण तनावपूर्ण रहेगा।

**सिंह :** कारोबार में सामान्यता रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से प्रगति होगी। कार्यक्षेत्र में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या :** व्यय अधिक होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। साझेदारी से लाभ होगा।

**तुला:** अधूरा काम समय पर पूरा करने के बहुत से मौके मिलेंगे। आपकी दूसरी परेशानियां भी तुरंत दूर हो जायेंगी, उनके बारे में चिंता ना करें।

**वृश्चिक:** व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में उन्नति का योग बनेगा। संतान का सहयोग प्राप्त होगा। काम करने की कोशिश करें क्योंकि सब कामों में सफलता मिलेगी।

**धनु :** कुछ मानसिक चिंता बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। भूतकाल में की हुई गलती को स्वीकार कर लेंगे और सामने वाले को संतुष्ट करने में कामयाब रहेंगे।

**मकर :** मन प्रसन्नता से पूर्ण रहेगा। धन का अकस्मात लाभ मिलेगा। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से कुछ ऐसा मिल सकता है, जिससे आपका सारा दिन खुशगवार गुजरेगा।

**कुंभ :** धन का लाभ होगा। परिवार में समस्याओं का समाधान होगा। आप आज सकारात्मक उर्जा से भरे हुए हैं। आपकी बातों का हर स्थान पर स्वागत नही होगा।

**मीन:** कार्य में प्रगति होगी। धन का लाभ मिलेगा। पूर्व में किया हुआ प्रयास सार्थक होगा। मनोबल में वृद्धि होगी। वाद-विवाद करने से बचें।



**जिन्हें** आप प्यार करते हैं उन्हें उड़ने के लिए पंख दें, जड़ें वापस आने के लिए दें और रहने के लिए कारण दें। -**दलाई लामा**

## संपादकीय

# खिलाड़ियों का सम्मान

हिमाचल की सुक्खू सरकार ने करीब 15 करोड़ से 21 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की, जिससे उनमें नया रक्त संचार हुआ है। पैरालंपिक मेडलिस्ट ऊना के निषाद कुमार को सबसे ज्यादा 7 करोड़ 80 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान समारोह दर्शाता है कि सरकार खिलाड़ियों का मान सम्मान करने के प्रति संजीदा है। हिमाचल में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मान देकर सरकार ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। सबसे पहले, यह कदम खिलाड़ियों के प्रति सम्मान और प्रोत्साहन का प्रतीक है, जो उनके भविष्य के प्रयासों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। इसके अलावा, यह कदम हिमाचल प्रदेश को एक खेल प्रेमी राज्य के रूप में प्रदर्शित करता है, जो अपने खिलाड़ियों को महत्व देता है और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाता है। इससे राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने की संभावना है, जो युवाओं को खेलों में रुचि लेने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह कदम सरकार की ओर से खेलों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो राज्य के विकास और युवाओं के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। खेलों एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हिमाचल सरकार की ओर से पदक विजेताओं को अच्छी खासर इनामी राशि दी जाती है।

ओलंपिक, पैरा ओलंपिक में पदक जीतने पर खिलाड़ियों को पांच करोड़ से लेकर 15 लाख रुपए तक की इनामी राशि दी जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को भी सरकार ऐसी ही राशि देकर प्रोत्साहित करती है। प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए स्वर्ण जयंती खेल नीति-2021 बनाई गई है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सरकार की ओर से इनाम राशि दी जा रही है। हिमाचल के खिलाड़ियों को विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए दैनिक भत्ते एवं अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। खिलाड़ियों को रोजाना डाइट मनी भी दी जाती है। खंड, जिला और राज्य स्तर जहां 240 रुपए प्रतिदिन दिए जाते हैं तो वहीं, राज्य से बाहर 500 रुपए प्रतिदिन डाइट मनी सरकार दे रही है। खेल छात्रावासों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को डाइट राशि अढ़ाई सौ रुपए प्रतिदिन की दर से निर्धारित की गई है। हालांकि, सरकार भविष्य में मौजूदा डाइट मनी में और इजाफा करने जा रही है। खिलाड़ियों के लिए यात्रा की सुविधा भी दी जाती है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में 200 किलोमीटर की दूरी की यात्रा के लिए थर्ड एसी के किराए की प्रतिपूर्ति की जाती है।

200 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी के लिए इकॉनमी क्लास की हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है। अलग-अलग कैटागिरी के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों में तीन प्रतिशत रोजगार सरकार की ओर से उपलब्ध करवाया जा रहा है। खेल छात्रावासों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को बीमा चिकित्सा सुविधा एवं खेल किट इत्यादि प्रदान की जाती है। इसके लिए बकायदा विभाग में खिलाड़ी कल्याण कोष की स्थापना की गई है, जिसके अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्पर्धाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करते समय यदि किसी खिलाड़ी को चोट लगती है तो उसे 10 हजार से 25 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। खेलों से जहां हृदय स्वास्थ रहता है और मांसपेशियों को ताकत मिलने के साथ लचीलापन आता है तो वहीं, खेलें मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार करती हैं, जैसे कि तनाव कम करना, आत्मविश्वास बढ़ाना और मानसिक स्पष्टता में सुधार करना। टीम वर्क कौशल विकसित करना और समुदाय में भाग लेना भी खेलें ही सिखती हैं। इसके अलावा खेलों से भावनात्मक नियंत्रण में सुधार आता है जो सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है। खेलों से और भी कई फायदे होते हैं जैसे-व्यक्तिगत विकास में मदद मिलती है तथा नेतृत्व कौशल विकसित होता है तथा समस्या समाधान कौशल में सुधार आता है। खेलें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करती हैं। आर्थिक विकास में योगदान के अलावा खेल संबंधी व्यवसायों का विकास और रोजगार के अवसर भी खेलों के जरिए पैदा होते हैं इसलिए छात्रों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। अपने प्रदेश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक चमकाना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय भारोत्तोलक ( वेटलिफ्टर )

**लवप्रीत** सिंह भारतीय भारोत्तोलक (वेटलिफ्टर) हैं। उन्होंने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में पुरुषों के 109 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया है। भारत का यह कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में 14वां मेडल था। वहीं, कॉमनवेल्थ गेम्स में लवप्रीत सिंह का यह पहला पदक है। लवप्रीत सिंह ने स्नैच में 163 किलोग्राम वजन उठाया, जबकि क्लीन एंड जर्क में 192 किलोग्राम वजन उठया। इस तरह 355 कि.ग्रा. वजन उठाते हुए मेडल अपने नाम किया। लवप्रीत सिंह का जन्म पंजाब में हुआ था। उन्होंने अपने वेटलिफ्टिंग कॅरियर में कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप जैसी बड़ी भारोत्तोलन प्रतिस्पर्धाएं जीती हैं। लवप्रीत सिंह राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय नौसेना की तरफ से खेलते हैं। इंडियन नेवी की तरफ से खेलते हुए उन्होंने वेटलिफ्टिंग में कई प्रतियोगिताएं जीती हैं। लवप्रीत सिंह पंजाब के अमृतसर से आते हैं। उन्होंने साल 2017 और 2021 की कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर पदक जीते हैं। 109 किलोग्राम वर्ग में वेटलिफ्टिंग करने वाले लवप्रीत सिंह ने साल 2017 में हुई एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप, साल 2017 और 2021 की कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस तरह वह 355 किलो वजन उठाते हुए मेडल अपने नाम किया। यहां शीर्ष पर कैमरून के जूनियर परसिलेक्स रहे, जिन्होंने कुल 361 किलोग्राम भार उठाते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, दूसरे नंबर पर समोआ के हिटिला ओपेलोज रहे जिन्होंने कुल 358 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। ■



**लवप्रीत सिंह**
**जन्म :** 6 दिसंबर, 1997

## कविता

# मां : मां ही होती है



*भीम बसेड्डू राजपूत*

*चबा-चबाकर खाया है उसने;*
*अपने दूसरे जन्म की पीड़ा को ,*
*असहनीय पीड़ा से पार पाया है उसने ,*
*एक साथ कई अंगारे निगले हैं*
*जैसे उसने;*
*प्रसव पीड़ा को देते-देते, उसके दु:ख दर्द-*
*छटपटाने की; नहीं जा सकती है कोई कल्पना,*
*सम्मान मगर दिया है उसने पूरा-पूरा;*
*अपने दूसरे जन्म को,*
*नवजात-कल के भविष्य के लिए,*
*मगर नहीं सुन सकती वह थोड़ा सा भी,*
*जिसके लिए शब्द-शब्दिता,*
*नहीं की जा सकती उसके बिना;*
*दुनिया की कल्पना।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# गृह रक्षकों की सेवाएं सदैव सराहनीय

अ सुविधाओं के बावजूद हिमाचल प्रदेश के गृह रक्षक जनता के जान, माल की रक्षा पूरी जिम्मेदारी से निभाते हैं। कोराना वायरस महामारी, प्राकृतिक आपदाओं के दौर में भी आग्रणी भूमिका निभाने में अपनी पहचान बना चुके हैं। बिना हथियार गृह रक्षकों की जहां भी तैनाती की जाती वह पूरी मेहनत, ईमानदारी से जनता की उम्मीदों पर सफल उतरते हैं। कहने को गृह रक्षक प्रदेश सरकार उनसे अन्य पुलिस जवानों की भांति सेवाएं लेती है। होमगार्ड को वर्तमान में करीब 26 हजार रुपए प्रति माह मिलता है। महंगाई दौर के चलते एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों की तुलना में गृह रक्षकों का वेतन नाकाफी है। हिमाचल होमगार्ड की स्थापना सन 1962 में हुई थी, जबकि प्रथम वाहिनी किन्नौर की स्थापना 1963 में हुई थी। हिमाचल होमगार्ड आंतरिक सुरक्षा एवं आम जनता के बीच देश भक्ति पैदा करने का कार्य करने के साथ कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस की सहयता करती है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला रिज मैदान में 6 दिसंबर को 62वां होमगार्ड का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रत्येक जिला होमगार्ड की टुकड़ियां अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हिमाचल प्रदेश आजकल ड्रग्ज, चरस और चिट्टा तस्करी का अड्डा बनता जा रहा है। पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारियों का बोझ कहीं अधिक है। पुलिस कर्मचारी थानों में जनता की शिकायतों का निपटारा कब करें, ऊपर से गली, मुहल्लों में विकते नशीले पदार्थों पर प्रतिबंध लगाना बहुत बड़ी चुनौती बन चुका है।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

पुलिस कर्मचारियों को जनता का पूरा सहयोग न मिलने के कारण दिन रात नशीले पदार्थों की तस्करी हो रही है। अधिकतर पंचायतें जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियां पूरी तरह निभाने में नाकाम हैं। पंचायतों में जनता की आने वाली मामूली शिकायतें भी पुलिस थानों को भेज दी जाती हैं। सुख की सरकार पुलिस जवानों को तमाम सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है। सरकार ने पुलिस जवानों को मिलने वाले 7 रुपए भोजन भत्ते को बढ़ाकर एक हजार रुपए करके उन्हें राहत पहुंचाई है। जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही हो इसके लिए भी सरकार ने विशेष योजना बनाई है।



पुलिस थानों में जनता की दर्ज होने वाली तमाम शिकायतों की जानकारी अब ऑनलाइन पुलिस जिला अधीक्षक हो भी होगी। इससे पूर्व जनता की कुछेक शिकायतों की जानकारी एसपी को नहीं होने कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पाता था। बढ़ती अपराधिक घटनाओं को लेकर अब हर राज्य बेहतरीन सिक्योरिटी के प्रति सजग होता जा रहा है। साइबर ठग लोगों के व्हाट्सऐप काल हैक करके उनके सगे, संबंधियों को ठगने का ताना बाना बुन रहे हैं।

ठग जनता को मोबाइल सीम कार्ड अपग्रेड किए जाने का हवाला देकर उनसे ठगी करने में प्रयासरत है। कुछेक दूर संचार कंपनियों के माध्यम से स्मार्ट मोबाइल फोन पर अश्लील लिंक अचानक ओपन होकर क्रिप्टो करंसी में पैसा लगाने की मांग कर रहे हैं। इस गोरख धंधे से एक बात साफ होती की साइबर ठग युवा पीढ़ी को न्यूड फोटो दिखाकर उन्हें लूटने में मशगुल हैं। क्रिप्टो करंसी में आम जनमानस सहित सरकारी विभागों के कर्मचारी भी ठगे जा चुके हैं। क्रिप्टो करंसी फर्जीबाड़े के आकाओं को पुलिस, सुरक्षा एजेंसियां पकड़ने में असफल रही हैं। विदेशों में बैठकर चलाए जा रहे, इस गोरख धंधे में हिमाचल प्रदेश के हजारों लोग ठगे जा चुके हैं। भारत में अश्लील साइट तत्काल प्रभाव से बंद किए जाना बहुत जरूरी है। न्यूड फोटो जरिए सोशल मीडिया में लोगों को ठगने का गोरख धंधा भी चल रहा है। साइबर ठग लोगों को दूर संचार कंपनियों का कोड डायल करने की बात करते हैं। ऐसा करने पर उक्त व्यक्ति की तमाम टेलीफोन काल का हवाला ठगों के पास चला जाता है।

वह दिन रात ऐसे भोले भाले लोगों को लूटने का प्रयास करते हैं। समाज में बढ़ती चोरियां, डकैती, लूटपाट और हत्याओं से पुलिस को हमेशा अलर्ट रहना ही पड़ेगा। संचार क्रांति आने के कारण इंटरनेट फ्रॉड की वारदाते भी बड़ी हैं। किसी के अकॉउंट से अनजान व्यक्ति बड़ी ही आसानी से पैसे निकालकर रफूचक्कर हो रहे हैं। पुलिस से कहीं ज्यादा चोर प्रॉफेसनल बन चुके, जो चोरियों की वारदात को इस तरह अंजाम देते कि पुलिस सिवाए माथा पीटने के कुछ नहीं कर पा रही है। दूसरे व्यक्ति के एटीएम कार्ड से पैसे निकालने में भी हैकर काफी माहिर हो चुके हैं। चोरों के मनसूबे भी नाकाम साबित किए जा सकते, अगर ग्राहक जागरूकता से काम लें। बैंक खाते की सुरक्षा के लिए सदैव एटीएम कार्ड खुद ही इस्तेमाल करें और एटीएम पिन नंबर डालते समय गोपनीयता रखनी चाहिए, एटीएम मशीन के पास एक समय में एक ही आदमी खड़ा होना चाहिए, मशीन पर भीड़ की बजाए, क्यू लाइन ही फॉलो करना सुरक्षा के लिहाज से बेहतर होता है। अगर एटीएम कार्ड रीडर की जगह कुछ अनाधिकृत डिवाइस जैसे मैग्नेट, कैमरा बगैरा चिपका मिले, तो ट्रांसेक्शन करने की बजाए, तुरंत बैंक स्टाफ को सूचित करना ही एक जागरूक ग्राहक की पहचान होनी चाहिए। आजकल अकाउंट हैकर अनजान मोबाइल फोन नंबर से लोगों को फोन कॉल करके लाटरी निकली होने की बातें करके बैंक अकॉउंट, ईमेल, एटीएम कार्ड पिन नंबर और कार्ड का ही सोलह डिजिट नंबर आदि की प्रमुख जानकारियां जानने की कोशिश करते हैं। जनता को ऐसी अनजान फोन कॉल को अनसुना करके अपनी कोई भी जानकारी देने से बचते हुए पुलिस को सूचित करना चाहिए। पुलिस और जनता के आपसी सहयोग से ऐसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सकता है। अधिकांश जनता पुलिस की मदद करने से पीछे हटती नतीजतन समाज में ऐसी घटनाओं की बढ़ोतरी तेजी से हो रही है।

मौजूदा हालात को देखते हुए जरूरत पुलिस ऑफिसरों का अत्यधिक प्रॉफेसनल होना। जनता के जान, माल की रक्षा करना ही एक पुलिस ऑफिसर की अहम जिम्मेदारी होती है। केवलमात्र जवानों की टोपियों का रंग बदल दिए जाने से उनकी जरूरतें पूरी नहीं हो जाती हैं। जब तक पुलिस ऑफिसर को अच्छा वेतनमान और दूसरी सहूलियतें नहीं मिलें तब तक उनसे सही ड्यूटी की आस रखना एक सपना लगता है। पुलिस ऑफिसर का सही बोल चाल, अच्छा व्यवहार जनता के लिए बहुत ही मायने रखता है। एक पुलिस जवान की अच्छी टर्न आउट से ही उसके व्यक्तित्व का पता चलता है। मिल गया हो। मगर पुलिस फोर्स के नए भर्ती होने वाले पुलिस जवान को जो वेतनमान दिया जा रहा, वो ऊंट के मुंह में जीरा डालने वाली बात के बराबर है। पुलिस ऑफिसरों को जब तक सभी सुविधाओं से लैस नहीं किया जाता तब तक सर्वश्रेष्ठ पुलिस का दर्जा सिर्फ कागजों में दिया जाना बेहतर होगा। पुलिस फोर्स की जमीनी हकीकत कुछ और नजर आती अगर गहराई से जांच की जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# इंसान हर रोज मंदिर जाते हैं फिर भी पत्थर दिल ही रहते हैं

ए क पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है इंसान हर रोज मंदिर जाते हैं फिर भी पत्थर ही रहते हैं। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है। प्रत्येक इंसान का एक स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए, भले ही कितनी ही विपत्ति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए, मानव को अपने स्वाभिमान के आसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए।

मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है। आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। यह अटल सत्य है। सुख-दु:ख सदा नहीं रहते हर काली रात के बाद उजाला होता है।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

कभी किसी को दुखी नहीं करना चाहिए आप किसी का अच्छा नहीं कर सकते, तो बुरा भी मत कीजिए । कर्म करते रहिए फल की इच्छा मत कीजिए। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए , खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर



की दौलत से भी महंगी होगी। जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

मगर आधुनिक इंसान फितरती होता जा रहा है। सुख में तो सभी साथ होते हैं, मगर दुख में साथ छोड़ देते हैं, कहते अपने ही काम आते हैं। मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं। मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है। प्रतिदिन शराब, मांस ,मदिरा का प्रयोग कर रहा है। आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इनकार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है। मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए।

आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए, प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए। जीवन बार-बार नहीं मिलता है, ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है और बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अंधेर नहीं है। आदमी को समय से डरना चाहिए, क्योंकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। आज चापलूस लोगों का बोलबाला हो गया है, लेकिन खुदा सब देख रहा है समय ने करवट बदली और उनका भाग्य भी बदल गया, लेकिन वह लोग अपनी औकात भूल गए कि एक समय ऐसा भी था कि उनके पास एक जोड़ी कपड़े होते थे।

खाने के लाले पड़े होते थे। आज अच्छे दिन आ गए, तो अपनों को भूल गए और हवा में उड़ने लगें, लेकिन असली व नकली पंखों में फर्क होता है कार-कोठी को ही जीवन का लक्ष्य मान अन्य लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे व्यक्तियों की पोल आखिकार खुल जाती है, समाज में आत्मकेंद्रित लोगों का जमाबड़ा बढ़ता जा रहा है ऐसे लोग सिर्फ अपनों के सिवाय दूसरों का अच्छा नहीं कर सकते, ऐसे लोग जानवरों से भी बदतर हैं। इंसान बनो हैवान मत बनो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आवारा**, बेसहारा पशुओं के कारण सड़कों पर आए दिन मौत के तांडव का खेल चल रहा है। वहीं इन आवारा पशुओं की वजह से सड़क दुर्घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। बस इतना ही नहीं, नगर निगम हो या नगर परिषद,किसी के द्वारा ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण ये आवारा पशु शहर की मुख्य सड़कों पर लगे कूड़े के ढेरों पर मुंह भी मारते नजर आते है। वहीं सड़कों पर ये आवारा पशु अक्सर आपस में भिड़ते भी नजर आते हैं, जिससे कई बार पब्लिक प्रॉपर्टी का भी नुकसान हो जाता है। लोगों की मांग है कि प्रशासन को इन आवारा पशुओं पर नकेल कसनी चाहिए ताकि इनसे होने वाले हादसों को रोका जा सके। इन आवारा पशुओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। इससे रोजाना सड़क हादसे होते रहते हैं। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि इन आवारा पशुओं के चलते पब्लिक प्रॉपर्टी को रोजाना नुकसान होता है। **रंजन, मटौर**

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं...कर्तव्यबोध,जागरूकता ही बचाव

स ड़कें किसी भी प्रकार के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू होती हैं। सड़कें आधुनिकता और विकास की जीवन रेखाएं मानी जाती हैं। सत्य ही है क्योंकि सामाजिक और आर्थिक विकास के किसी भी पहलू का सड़कों के बिना कोई भी व्यवहारिक रूप परिलक्षित नहीं हो सकता। आधुनिक काल में वैज्ञानिक विकास और यातायात की सुविधाओं ने मानव जीवन को अत्यंत सुलभ और सुगम बना दिया है। आज मनुष्य को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पैदल नहीं चलना पड़ता, विकसित यातायात व्यवस्था और वाहनों की उपलब्धता ने मानव जीवन में समय की बचत और यात्रा को सुगम बना दिया है। जिसके कारण मनुष्य के जीवन में समय की कोई कमी नहीं है। अगर कमी है तो समय के कुप्रबंधन और सामंजस्य की।

मानव ने आधुनिक काल में अपने लिए अनेक प्रकार की सुख सुविधाओं का सृजन तो कर लिया है, परंतु इनका विवेकपूर्ण उपयोग कैसे करना है, इस बात से अनभिज्ञ है। भौतिक संसाधनों और सुविधाएं मानवता के लिए तभी उपयोगी और कारगर साबित हो सकती है, यदि मनुष्य अपने कर्तव्य बोध के प्रति सजग हो और उनके ऊपर पूरी तरह से निर्भर न होकर अपने विवेक से निर्णय लेकर आवश्यकतानुसार ही इनका उपयोग करें, अन्यथा इसके नकारात्मक और भयंकर परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं, जिनके कारण आए दिन सैकड़ों जिंदगियां काल का ग्रास बन रही हैं।



**लेखक : विक्रम वर्मा**
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

बात करें, अगर सड़क दुर्घटनाओं की तो यह अहसास होता है कि सड़कों की खराब दशा के कारण और वाहनों में तकनीकी खराबी के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की तुलना में मनुष्य की लापरवाही और जागरूकता की कमी के कारण अधिक दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। परिणामस्वरूप असमय मौत के मुंह में सैकड़ों जिंदगियां जा रही हैं। सड़क दुर्घटनाओं पर गंभीरता से मंथन करें तो यह अहसास होता है कि



आवश्यकता से अधिक दिखावा करने के लिए धनाढ्य माता-पिता अपनी संतान को छोटी आयु में ही वाहन सौंप देना अपनी शान समझते हैं, किशोरावस्था में बच्चों में न तो सुरक्षा नियमों की जानकारी होती है और न ही आभास। वे तेजी से वाहन चलाना गौरव समझते हैं। आवश्यकता से अधिक तीव्र गति से वाहन चलाना और गति पर नियंत्रण न रख पाना अनेक बार दुर्घटना का कारण बन जाता है।

वो इस बात से अनभिज्ञ होते हैं कि वाहनों में तकनीकी प्रणाली होती है, जिस पर नियंत्रण रखना वाहन चालक पर निर्भर करता है। बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाना अत्यंत खतरनाक साबित होता है, परंतु युवा पीढ़ी इसे अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। सड़क सुरक्षा नियमों से अनभिज्ञ लोग की बार दूसरों के लिए भी जानलेवा साबित होते हैं,कई बार ऐसे लोग राह चलते राहगीरों को कुचल डालते हैं। जहां तक सड़क सुरक्षा और परिवहन विभाग का दायित्व है, यह जागरूक करने से ज्यादा चालान करने और राजस्व एकत्रित करना ही अपने उत्तरदायित्व की इतिश्री समझ लेते हैं, जिसके कारण लोग पैसे देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं, क्योंकि पैसा आधुनिक काल में कोई प्रश्न नहीं है, प्रश्न है समझ का, दायित्व निभाने का और जागरूकता का। दूसरे पहलू पर अगर विचार किया जाए, तो वाहनों की तकनीक भी प्रश्न पैदा करती है, वाहनों में तकनीकी लाइटें जो दिन के समय भी जगमगाती हैं, क्या औचित्य है समझ से परे हैं, लेजर लाइट जो आवश्यकता के समय ही प्रयोग की जानी चाहिएं। वो सामने वाले वाहन चालक की आंखों को अंधियारा कर देती हैं और परिणामस्वरूप वाहन पर नियंत्रण रखना मुश्किल हो जाता है। लेजर लाइट का उपयोग मार्ग को दूर तक स्पष्ट रूप में देखने के लिए किया जाता है, जबकि वाहनों की भीड़ में इसका कोई औचित्य परिलक्षित नहीं होता है, परंतु अधिकांश वाहन चालक उसे निरंतर जलाकर गाड़ी चलाते हैं।

जीवन के अस्तित्व को बनाए रखना और बच्चों में जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और जीवन के लिए आवश्यक गुणों का विकास करना हम सभी का दायित्व है। अभिभावकों और व्यवस्था से जुड़े लोगों को अपने दायित्व समझने और निभाने के लिए आवश्यक प्रयास और जागरूकता को महत्व देना होगा तभी हम इस प्रकार की घटनाओं से बच सकते हैं और अनमोल जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। यह दायित्व हम सभी का है और मिलकर निभाना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# धीरे-धीरे सूखता जा रहा है सीर खड्ड का जलस्तर

घु मारवीं उपमंडल की दो धारों ( तियून और छजंयार ) के बीच में बहने वाले इस क्षेत्र की जीवन रेखा कही जाने वाली सीरखड्ड धीरे-धीरे सूख रही है, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब यह सीर खड्ड क्षेत्र की शान समझी जाती थी। यहां तक कि इसी सीरखड्ड पर 'सुंदर घुमारुं रा बजार, कन्ने सीर खड्ड बगदी' जैसे लोकगीत लिखे तथा गाए जाते थे।

सीर खड्ड घुमारवीं विकास खंड की दो दर्जन पंचायतों और सैकड़ों गांव के लिए कभी पीने के पानी व खेतों के लिए सिंचाई की पूर्ति का मुख्य साधन थी। घुमारवीं क्षेत्र के कृषि व पेयजल योजनाओं में सीर खड्ड का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्ष भर निरंतर बहने वाली यह खड्ड आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए समाज व सरकार की ओर आसा भरी निगाहों से देखने को मजबूर है । मंडी जिला के सरकाघाट उपमंडल की पंचायत बाग गांव सरहौली व सरकाघाट बाजार से निकलने वाले दो नालों के मिलन से बरछवाड़ से सीरखड्ड का प्रारंभ है । सरकाघाट से जाहू (हमीरपुर) की सीमा से यह खड्ड हटवाड़ (बिलासपुर) में प्रवेश करके सुन्हानी के पास सुक्कर खड्ड में मिलने के बाद 'सेरी मातला' ( कोटधार) में सतलुज नदी में मिल जाती है। सीर खड्ड के दोनों ओर सैकड़ों घराट एक विशेष जाति के लोगों द्वारा चलाए जाते थे, जिसमें घुमारवीं उपमंडल के हजारों परिवारों को आटा की आपूर्ति होती थी। घराट चलाने के लिए कच्चे बांधों का निर्माण अस्थायी तौर पर किया जाता था , जो जल संरक्षण का एक बहुत बड़ा व उपयोगी तरीका था जिससे भूमि का जलस्तर निरंतर बना रहता था और भूमि कटाव भी रुकता था। इस खड्ड के दोनों ओर वसने वाले लोग बरसात में



**लेखक : महेंद्र धर्माणी**
संस्थापक, संस्कार सोसायटी घुमारवीं



वरुण देवता (ख्वाजा) की पूजा दलिया बनाकर करते थे, आज भी यह परंपरा जारी है।

सीर खड्ड के किनारे चलने वाले घराट अब बंद हो गए हैं अस्थायी रूप से बनाए जाने वाले बांध अब नहीं बनते हैं। इस काम को करने वाली जाति विशेष के लोगों ने भी अब अपनी आजीविका के लिए व्यवसाय परिवर्तन कर लिया है । परंपरागत तकनीक से चलने वाले घराट और अस्थायी बांध तथाकथित प्रगति, आधुनिक तकनीक तथा समय के साथ लोगों के रहन-सहन व जीवन शैली में आए बदलाव के कारण सब कुछ बदल गया है। घुमारवीं क्षेत्र की 'पुण्य गंगा' सीर खड्ड का वजूद घटते जल स्तर के कारण खतरे में है । प्रत्येक गांव से निकलने व बहने वाले छोटे-छोटे नाले अब ज्यादा समय सूखे रहते हैं। गांव से निकलने वाला कूड़ा कचरा इन सूखे नालों में जमा होता रहता है। अपने घरों, दुकानों , व्यापारिक संस्थानों से निकलने वाले कचरे को भी इस खड्ड के दोनों ओर फेंका हुआ देखा जा सकता है। घुमारवीं शहर की सीवरेज से निकलने वाला दूषित पानी व नालों का कचरा सीर खड्ड के जल को दूषित कर रहा है।

प्रकृति के प्रति हम सभी के व्यवहार व दृष्टिकोण में आए बदलाव तथा सरकारी तंत्र की मौन स्वीकृति के कारण सीर खड्ड आज अपने वजूद को बचाने के लिए लड़ती दिख रही है। 2003-2007 विधानसभा के कार्यकाल में घुमारवीं व सरकाघाट के जनप्रतिनिधियों द्वारा सीर खड्ड की चैनेलाइजेशन का मुद्दा विधानसभा के भीतर उठाया गया उसके उपरांत जल शक्ति विभाग ने उस पर कुछ योजना बनाकर काम प्रारंभ भी किया प्रशासनिक व राजनीतिक इच्छा शक्ति और समाज का सकारात्मक सहयोग इस समस्या से पार पाने में उपयोगी हो सकता है। इस अभियान में जल संरक्षण में विशेषज्ञ लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है। प्रशासन व चुने हुए प्रतिनिधि लोगों के साथ मिलकर योजना बनाएं जिसमें आम जनता सहयोगी व भागीदार बने।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 75 बच्चों ने दी संगीत की क्रियात्मक परीक्षाएं



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ द्वारा मान्यता प्राप्त कला क्षेत्र युवा मंडल सुंदरनगर में गायन, वादन व नृत्य की क्रियात्मक परीक्षाएं दी गई। परीक्षाओं को लेने के लिए पटियाला से डॉ. जगमोहन शर्मा ने बच्चों की क्रियात्मक परीक्षाएं ली तथा हिमाचल प्रदेश में ऐसे प्रशिक्षार्थी संगीत विधा की प्रशिक्षण ले रहे हैं उनको जानकर प्रसन्नता जाहिर की। कला क्षेत्र के प्रधान दिनेश गुप्ता ने डॉ. जगमोहन शर्मा को व प्रणव शर्मा को समृद्धि चिन्ह, टोपी, मफलर, पौधा भेंट कर सम्मानित किया। परीक्षा में कई विशेषज्ञ भी मौजूद थे जिनमें हेमा शर्मा, डॉ वंदना शर्मा, डॉ सारिका सूद भी मौजूद रहे।

### भोजपुर विद्यालय में भेंट किए ट्रैक सूट व जूते



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोजपुर में अध्ययनरत छात्रों के लिए बर्दी के ट्रैक सूट और जूते भेंट किए। विद्यालय प्रभारी लेसरी देवी ने जानकारी देते हुए कहा कि रोशन लाल शास्त्री के व्यक्तिगत प्रयासों से विद्यालय के छात्रों को ट्रैक सूट व जूते उपलब्ध करवाए गए। शास्त्री ने बीबीएमबी कालोनी निवासी निशी गौतम और उनके दामाद विवेक से विद्यालय के छात्रों को बर्दी के ट्रैक सूट भेंट करने का आग्रह किया जिस पर दोनों दानी सज्जनों ने विद्यालय में आकर विद्यार्थियों को ट्रैक सूट भेंट किए। यही नहीं रोशन लाल शास्त्री के सहयोग से जूते भी गुप्त दान स्वरूप भेंट किए। लेसरी देवी ने कहा कि रोशन लाल शास्त्री विद्यालय के उत्थान व विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। इस दौरान विद्यालय की ओर से लता कुमारी, रोशन लाल, कृष्ण कुमार सहित सुभाष आदि उपस्थित रहे।

### कृषि इनपुट डीलर लाइसेंस के लिए किसान ले रहे प्रशिक्षण



**उमेश, सुंदरनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र मंडी द्वारा सूबे में कॉमन सर्विस सेंटर आईडी प्राप्त लोगों के लिए इनपुट डीलर लाइसेंस को लेकर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के अंतर्गत किया गया है। वहीं हिमाचल प्रदेश में इस तरह का प्रशिक्षण केवल कृषि विज्ञान केंद्र मंडी द्वारा ही आयोजित किया जा रहा है। इसमें हिमाचल प्रदेश के 5 जिलों कुल्लू, मंडी, कांगड़ा, बिलासपुर और सोलन से कॉमन सर्विस सेंटर आईडी प्राप्त कुल 18 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के अलावा अन्य विशेषज्ञों को भी प्रशिक्षुओं को व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया है। कृषि विज्ञान केंद्र मंडी के प्रभारी डॉ. पंकज सूद ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक किया जा रहा है। पंकज सूद ने कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रशिक्षु कृषि इनपुट डीलर लाइसेंस के लिए पात्र हो जाएंगे। इससे किसानों को बीज, खाद व कीटनाशक आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे।

रंग ला रहे बागवानी विकास को बढ़ावा देने के प्रदेश सरकार के प्रयास

### प्लम के उच्च गुणवत्ता के पौधे किए वितरित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नर्सरी मैनेजमेंट सोसायटी के तहत उद्यान विभाग के प्रयत्नों से हिमाचल प्रदेश बागवानी विकास परियोजना के तहत विदेशी पौध सामग्री तैयार की गई है। इनमें सेब, आड़ी, प्लम जैसे विविध फलों के पौधे मंडी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में भी तैयार किए जा रहे हैं। यह सामग्री अब वितरण के लिए उपलब्ध है। इसके लिए बाहरी क्षेत्रों से दल मंडी पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेस एंड टेक्नोलॉजी, लेह-लद्दाख यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर डॉ. कुंजस अंगमो तथा डॉ. कुंजांग लामो ने आज मंडी जिला में उद्यान विभाग के फल संतति एवं प्रदर्शन केंद्र जंजैहली, समराहन, हराबाग व रिच नर्सरी नांडी, सिराज का दौरा किया। इस दल ने यहां तैयार उच्च गुणवत्ता के पौधों का निरीक्षण किया।



### भाजपा संगठन ने की सदस्यता अभियान पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी की अध्यक्षता में जोगिंदरनगर में संगठन की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन पर्व संसदीय क्षेत्र मंडी के प्रभारी विधायक राकेश जम्वाल, सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक व प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राकेश जम्वाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बूथ समितियों के गठन की गहनता और उनके महत्व पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। राकेश जम्वाल ने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी को संसदीय क्षेत्र में बड़ी जीत दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जोगिंदरनगर में भाजपा संगठन विधायक प्रकाश राणा और मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रहा है।



### घर-घर जाकर टीबी के लक्षणों की होगी पहचान

**सुनील शर्मा, गोहर।** स्वास्थ्य सेवाओं पर ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक एसडीएम गोहर लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय संपन्न हुई। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी बगस्याड़ डॉ. राकेश रोशन भारद्वाज ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 दिसंबर से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम अभियान पर जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य खंड बगस्याड को टीबी रोग मुक्त बनाने के उद्देश्य से 16 उच्च जोखिम श्रेणियों में से ऐसे लोगों की मैपिंग की जाएगी जो उच्च श्रेणी में हैं। यह अभियान 100 दिनों तक चलेगा जिसमें जन भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी व आशा वर्करों के माध्यम से जनसंपर्क बढ़ाकर घर-घर जाकर उच्च जोखिम जनसंख्या में टीबी के लक्षणों की पहचान की जाएगी। लक्षण पाए जाने पर तुरंत जांच उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## मंडलायुक्त के कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ मंडी बार एसोसिएशन का फूटा गुस्सा

# मंडी में वकीलों का हल्ला बोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी/सुंदरनगर**

जिला मंडी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का मंडलायुक्त के कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ वीरवार को न्यायालय परिसर और शहर में जमकर गुस्सा फूटा है। अधिवक्ताओं ने रोष रैली के माध्यम से मंडलायुक्त के खिलाफ नारेबाजी की गई।

बार एसोसिएशन सुंदरनगर ने भी अपना समर्थन दे दिया है। बता दें कि मंडलायुक्त द्वारा मंडी के वकीलों के साथ किए गए कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ जिला बार एसोसिएशन ने कड़ा निर्णय लेते हुए आज अदालतों का बहिष्कार किया गया है। इस दौरान जिला न्यायालय मंडी के वकीलों ने न्यायालय परिसर और शहर के मुख्य बाजार में जमकर नारेबाजी की। बार एसोसिएशन मंडी के अधिवक्ताओं ने वकीलों के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर बार रूम में आगामी रणनीति भी तैयार की गई। इसके तहत बार एसोसिएशन ने मामले में 5 सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन किया है। इसमें अधिवक्ता डीसी गुलेरिया, अनिल सेन, विजय कानव, अजय ठाकुर और भीम सिंह को सदस्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मामले को व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल के समक्ष रखा जाएगा। दिनेश सकलानी ने कहा कि इस प्रकार से एक बड़े अधिकारी द्वारा सरकार की छवि को खराब किया जा रहा है।




शहर में धरना प्रदर्शन करते हुए बार एसोसिएशन मंडी के अधिवक्ता।

**बार एसोसिएशन मंडी ने मामले में 5 सदस्यीय संघर्ष समिति का किया गठन**

### बार एसोसिएशन आंदोलन को करेगी उग्र: अंकुर

मामले पर बार एसोसिएशन मंडी के महासचिव अंकुर दीप ने कहा कि मंडलायुक्त ने वरिष्ठ अधिवक्ता के बाद बार एसोसिएशन मंडी के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी दुर्व्यवहार किया है। मंडलायुक्त ने बार एसोसिएशन की ओर दिए जा रहे प्रस्ताव को भी लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इस तमाम मुद्दे को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के मध्य रोष व्याप्त है। अंकुर दीप ने कहा कि अगर मामले में कड़ी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो आगामी दिनों में बार एसोसिएशन आंदोलन को और उग्र करेगी।

### बार एसोसिएशन सुंदरनगर ने मंडी के वकीलों को दिया समर्थन

वहीं बार एसोसिएशन मंडी के विरोध को समर्थन देते हुए जिला की दूसरी सबसे बड़ी बार एसोसिएशन सुंदरनगर के अध्यक्ष विक्रांत ठाकुर ने कहा कि मंडलायुक्त द्वारा मंडी के अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने की बार एसोसिएशन कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि इसी पूर्व भी मंडलायुक्त का व्यवहार वकीलों के साथ अच्छा नहीं रहा है। अधिवक्ता न्यायालय के अधिकारी के तौर पर कार्य करते हैं और अधिवक्ताओं का अपमान करना सभ्य अधिकारी की निशानी नहीं है। विक्रांत ठाकुर ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा है कि मामले में उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए।



## पुरुषों में गगनदीप व महिलाओं में मानसी सर्वश्रेष्ठ एथलीट



खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो यशपाल के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं में 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। पुरुष प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में हैप्पी बीए द्वितीय वर्ष ने स्वर्ण पदक, हर्ष कुमार बीए तृतीय वर्ष ने रजक पदक और दिनेश कुमार बीए तृतीय वर्ष ने कांस्य पदक जीता।

लौंग जम्प में गौरव बीए प्रथम वर्ष ने स्वर्ण पदक, हर्ष कुमार ने रजत पदक और हैप्पी ने कांस्य पदक जीता। हाई जम्प में गौरव ने सवर्ण पदक, दिनेश कुमार बीए तृतीय वर्ष ने रजत पदक और रितेश कुमार बीए द्वितीय वर्ष ने कांस्य पदक जीता। गोला फेंक में गगनदीप बीए तृतीय वर्ष ने स्वर्ण पदक, हैप्पी ने रजत पदक और अंकित कुमार बीए तृतीय वर्ष ने कांस्य पदक जीता।

भाला फेंक में तनुज ठाकुर बीए द्वितीय वर्ष ने स्वर्ण पदक, विजय ठाकुर बीए तृतीय वर्ष ने रजत पदक और हर्ष कुमार बीए तृतीय वर्ष ने कांस्य पदक जीता। चक्री फेंक में गगनदीप ने स्वर्ण पदक, विजय ठाकुर ने रजत पदक और तनुज ठाकुर ने कांस्य पदक जीता। महिला प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में मानसी बीए तृतीय वर्ष ने स्वर्ण पदक, चंपा देवी बीए तृतीय वर्ष ने रजक पदक और नगीना बीए द्वितीय वर्ष ने कांस्य पदक जीता।

लौंग जम्प में जमना देवी बीकॉम द्वितीय वर्ष ने स्वर्ण पदक, लांबजंग चोंजोम बीए प्रथम वर्ष ने रजत पदक और नगीना ने कांस्य पदक जीता। हाई जम्प में योगिता ठाकुर बीए तृतीय वर्ष ने सवर्ण पदक, कुशमा देवी बीकॉम प्रथम वर्ष ने रजत पदक और मानसी बीए तृतीय वर्ष ने कांस्य पदक जीता। गोला फेंक में सुष्मिता बीए प्रथम वर्ष ने स्वर्ण पदक, मानसी ने रजत पदक और योगिता ठाकुर ने कांस्य पदक जीता। मुख्यातिथि डॉ. केसी कश्यप व अन्य आचार्य वर्ग ने विजेताओं को सम्मानित किया। पुरुष प्रतियोगिता में गगनदीप व महिला प्रतियोगिता में मानसी सर्वश्रेष्ठ एथलीट बने।

### उपभोक्ता 8 को करवाएं केवाईसी

**जोगिंदरनगर।** ग्राम पंचायत चलाहरग की प्रधान ने जनता को सूचित किया जाता है कि 8 दिसंबर को इंडेन गैस एजेंसी, जोगिंदरनगर के सौजन्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पंचायत भवन में आयोजित होगा, जहां केवाईसी प्रक्रिया के साथ-साथ नेत्र स्कैनिंग भी की जाएगी। अगर उपभोक्ता यह प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं, तो उन्हें भविष्य में गैस सिलेंडर भरवाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आधार कार्ड की फोटो प्रति, गैस पासबुक/पुस्तिका, आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर लाएं।

## महिला हैंडबॉल टीम ने राज्य स्तर पर सेकेंड रनर ट्रॉफी की हासिल

**अनंत ज्ञान, मंडी**



वल्लभ महाविद्यालय मंडी की महिला हैंडबॉल खिलाड़ियों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय हैंडबॉल खेल प्रतिस्पर्धाओं में राज्य स्तर पर सेकेंड रनर का ट्रॉफी को अर्जित किया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील सेन की अगुवाई में विजेता खिलाड़ियों ने सेकेंड रनर ट्रॉफी महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा को सौंपी।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने कहा कि खेलों से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। डॉ. सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय हैंडबॉल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक महाराजा लक्ष्मण सिंह महाविद्यालय सुंदरनगर में किया गया। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में सेकेंड रन ऑफ ट्रॉफी को अर्जित किया।

## मुख्यमंत्री का मंडी दौरा रहा सफल: ब्रह्मदास चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने नाचन की लोअर बैहली पंचायत के हरवाणी गांव का दौरा किया।

उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना उन्होंने बताया कि इस गांव में पीने के पानी किसानों के लिए सिंचाई और हरवाणी और समकन गांव के श्मशानघाट तक रोड की समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है। सभी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हाल ही में जो बगलामुखी में रोपवे का उद्घाटन किया। उससे पंडोह के साथ नाचन के कई इलाकों में भी टूरिज्म का दायरा बढ़ने वाला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता वेवजह की बयानबाजी करके अपनी ही छवि को खराब कर रहे है। जयराम का विकास केवल सराज तक ही सीमित रह गया था। उन्होंने नाचन विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले 12 साल के विधायक होने के बावजूद नाचन अभी भी पिछड़ा ही है। उन्होंने कहा कि नाचन का विकास अगर हुआ है तो वह केवल कांग्रेस की सरकारों में ही हुआ। इसमें सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ चौमुखि विकास हुआ। मगर पिछले 12 साल होने को आ रहे हैं नाचन बहुत पीछे हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने के बजाए अगर सहयोग करे तो केंद्र से रुके हुए पैसे को लाने में मदद करे।

## पानी के बिल तिगुने करने पर नगर परिषद उपाध्यक्ष ने उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

नगर परिषद के जोगिंदरनगर के उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में पानी के बिल तिगुने किए जाने के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र की जनता इस बोझ को सहन नहीं कर सकती।

धरवाल ने बताया कि पहले तीन महीने का पानी का बिल औसतन 710 रुपए आता था, लेकिन इस बार यह बढ़कर 1710 रुपए प्रति उपभोक्ता हो गया है। उन्होंने कहा कि एक दर्जी को 10,000 रुपए का बिल थमा दिया गया है। धरवाल ने जानकारी दी कि बढ़े हुए बिलों के विरोध में बुधवार को जल शक्ति विभाग और उपमंडलाधिकारी (नागरिक) के कार्यालय के बाहर आम जनता के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने सभी शहरी निवासियों से सुबह 11 बजे धरने में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

धरवाल ने कहा कि यह कदम केवल आम आदमी की मुश्किलें बढ़ाने वाला है और सरकार को तुरंत इस फैसले को वापस लेना चाहिए।

## उपायुक्त ने शुरू करवाया सड़कों के रखरखाव पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के कमांद परिसर में पर्वतीय क्षेत्रों की सड़कों के रखरखाव पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़े इंजीनियर, विभिन्न परियोजना क्रियान्वयन इकाइयों एवं एआरआरडीए स्तर के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण सड़कों के विकास एवं रखरखाव में आने वाली चुनौतियों के प्रति सभी हितधारकों को तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण सड़कों के बारे में तकनीकी दक्षता एवं ज्ञान में वृद्धि के दृष्टिगत आईआरसी निर्देशों व भारत में पहाड़ी क्षेत्रों के मौसम के अनुरूप डिजायन तैयार करने पर बल दिया जाएगा।

डीपीआर तैयार करने तथा एनडीएमए गाइडलाइन के अनुसार इनके तकनीकी घटकों की समझ बढ़ाने, सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और आपदा उपरांत सर्वेक्षण और जल निकासी की समुचित व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## कांग्रेस सरकार के दो वर्ष काले अध्याय की शुरुआत: राकेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को प्रदेश के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज होने वाला बताया।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू पर प्रदेश विधानसभा की मर्यादा भंग करने और झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कांग्रेस का झूठ बोलने का इतिहास रहा है, लेकिन अब मुख्यमंत्री सदन के भीतर भी झूठ बोलने से परहेज नहीं करते। यह प्रदेश के लिए चिंताजनक है। जम्वाल ने आरोप लगाया कि सरकार दो वर्ष पूरा होने पर उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने के लिए जनता का पैसा बर्बाद कर रही है।

जम्वाल ने बताया कि प्रदेश भाजपा कांग्रेस सरकार की नाकामियों को उजागर करने के लिए 7 से 10 दिसंबर तक जिला स्तर पर प्रदर्शन करेगी। इसके बाद 11 दिसंबर को राज्यपाल को आरोप पत्र सौंपा जाएगा।

### 8 को बंद रहेगी बिजली

**मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल पांगणा, अंकुश धीमान ने सूचित किया है कि 8 दिसम्बर को पांगणा सब स्टेशन यार्ड की जनरल मेंटेनेंस और रखरखाव का कार्य किया जाएगा।

मरम्मत कार्य के दृष्टिगत पांगणा सब स्टेशन के अधीन अपने वाले सभी आउटगोइंग फीडर 22 केवी निहरी, 22 केवी करसोग, 22 केवी चुराग, 22 केवी रोहांडा और 22 केवी सेरी बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि विद्युत उपमंडल पांगणा के सभी अनुभागों पांगणा, बिठरी, झुंगी, विद्युत उपमंडल निहरी, विद्युत उपमंडल चुराग, विद्युत उपमंडल करसोग की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपील की है।

## पुनर्मूल्यांकन का परिणाम न देने के विरोध में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी**



धरना-प्रदर्शन करते हुए एबीवीपी के छात्र कार्यकर्ता।

वीरवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी इकाई द्वारा सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा पुनः मूल्यांकन का परिणाम समय पर जारी न करने के विरोध में महाविद्यालय में नारेबाजी और धरना प्रदर्शन किया गया।

छात्र कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रदर्शन विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता और छात्रों के शैक्षणिक भविष्य के प्रति लापरवाह रवैये को लेकर किया गया। इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने कहा कि पुनः मूल्यांकन के परिणाम समय पर घोषित न होने से छात्र-छात्राओं के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। परिणामों में देरी के कारण कई छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने और परीक्षाओं की तैयारी में कठिनाई हो रही है। प्रशासन की लापरवाही के कारण हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक रहा है। उन्होंने प्रशासन से यह मांग की है कि पुनः मूल्यांकन का परिणाम शीघ्र घोषित किया जाए।

**सरदार पटेल विश्वविद्यालय के लापरवाह प्रशासन पर भड़के एबीवीपी के कार्यकर्ता**

वहीं प्रदेश कार्यकारिणी से राहुल चौहान ने कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही का परिणाम है कि छात्रों को अपने परिणाम के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यदि प्रशासन ने छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के लिए जोगिंद्रनगर में 10 को साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

एसआईएस सिक्योरिटी जिला बिलासपुर हिप्र द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 150 पद अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार आगामी 10 दिसंबर को उपरोजगार कार्यालय जोगिंदरनगर में प्रातः 10:30 बजे से लिया जाएगा। प्रभारी उपरोजगार कार्यालय जोगिंदरनगर नरेंद्र ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के इन पदों के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं रखी गई है। चयनित होने के उपरांत आवेदक को प्रतिमाह 17 हजार 500 से 22 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अन्य प्रमाणपत्रों के साथ उपरोजगार कार्यालय जोगिंदरनगर में आ सकते हैं।




### युवक मंडल धर्मपुर 14 से करवाएगा क्रिकेट प्रतियोगिता

**धर्मपुर।** युवक मंडल धर्मपुर 14 दिसंबर से 26 दिसंबर तक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है युवक मंडल के अध्यक्ष राकेश शर्मा (रिशु) व महासचिव सरोज ठाकुर ने बताया कि यह क्रिकेट प्रतियोगिता कॉलेज मैदान धर्मपुर में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 3000 पर रहेगा और इसमें विजेता टीम को 30000 व उपविजेता टीम को 16000 दिया जाएगा। मैन ऑफ सिरीज को 500 जबकि मैन ऑफ द मैच को 201 से नवाजा जाएगा। युवक मंडल धर्मपुर के पदाधिकारी ने खेल प्रेमियों से अनुरोध किया है कि 14 दिसंबर से पहले अपनी टीम की एंट्री करवा ले।

**दिक्कत** धर्मपुर की सबतहसील टिहरा में बेसहारा पशु डालते हैं रात को डेरा

# मिनी सचिवालय टिहरा में मुख्य गेट न लगने से पसरी गंदगी

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

उपमंडल धर्मपुर की सब तहसील टिहरा में एक छत के नीचे लोगों को सभी सुविधाएं सरकार ने मुहैया तो करवाई लेकिन विडंबना यह है कि 7 मंजिला भवन के दो मुख्य द्वार हैं जिन पर गेट न लगने से रात को आवारा पशु डेरा डाले रखते हैं जिसकी वजह से सचिवालय परिसर में गंदगी का आलम बना रहता है और हर कोई व्यक्ति भी अपनी अपनी गाड़ियां सचिवालय के पार्किंग स्थल पर पार्क करके चले जाते हैं।

बता दें कि इस मिनी सचिवालय का शिलान्यास अप्रैल 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने काविना मंत्री महेंद्र सिंह की उपस्थिति में किया था। भवन पर करीब 10 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, और सितंबर 2022 में सचिवालय का लोकार्पण भी तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ठाकुर तथा केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और महेंद्र सिंह ठाकुर की मौजूदगी में किया।



ताज्जुब की बात यह है कि सचिवालय में पुलिस चौकी की व्यवस्था भी दी गई है, लेकिन उसका कार्य भी कछुआ चल रहा है और भी बहुत सारे कार्य सचिवालय में अभी करना शेष है। क्षेत्र के विनय कुमार, अमृतलाल, बीरबल सिंह, दिनेश कुमार, अनु, प्रवीण, हरि सिंह, पूर्ण, प्रेम सिंह, शेर सिंह, चमन लाल, त्रिलोकचंद, भूप सिंह सहित अन्य कई लोगों ने बताया कि इस भवन में मुख्य द्वार न होने से सचिवालय में समस्याओं व गंदगी का अंबार लगा रहता है।

उन्होंने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि मुख्य द्वार को प्राथमिकता के आधार पर लगाया जाए ताकि आवारा पशु सचिवालय के अंदर प्रवेश न कर सके और परिसर साफ सुथरा रह सके। इस संदर्भ में जब कार्यवाहक अधिशासी अभियंता धर्मपुर नरेंद्र राणा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला विचाराधीन है जल्दी ही मुख्य द्वार लगा दिए जाएंगे।

### 10 को शिविर में पशुओं का किया जाएगा उपचार

**अनंत ज्ञान, पधर।** पशु चिकित्सा अधिकारी पधर दीपक वर्मा ने बताया कि 10 दिसंबर प्रातः 10 बजे से उप मंडलीय पशु चिकित्सालय पधर में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दुधारू गाय, भैंस बच्चा देने के लिए 6 से 9 माह तक तथा बछड़ी तीन से पांच वर्ष तक गर्भवती नहीं होती है, तो उसे बांझ कहा जाता है। ऐसे पशुपालकों को निश्चित रूप से चिकित्सालय की सलाह जरूर लेनी चाहिए। इस शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों गाइनेकोलॉजिस्ट / मेडिसिन / सर्जरी के द्वारा पशुओं की जांच कि जाएगी।



## न्यूज ब्रीफ

### भंजाल स्कूल में आपदा बारे जागरूक किया



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में एनडीआरएफ 14 बीएन अधिकारी आदेश कुमार व उनकी टीम ने छात्रों, स्टाफ एवं आम जनमानस को आपदा प्रबंधन बारे जागरूक किया। टीम ने भूकंप से बचाव, बाढ़ व आग से बचाव करने के टिप्स दिए। इसके अलावा सड़क एक्सीडेंट की स्थिति में बचाव करने के बारे में व्यापक जानकारी दी। टीम ने बच्चों को बताया कि यदि किसी को सांप काट ले तो उस व्यक्ति को बिना देर किए अस्पताल ले जाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा व पाठशाला के स्टाफ ने एनआरडीएफ के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पंचायत उपप्रधान राजेश ठाकुर, एसएमसी प्रधान, अनु शर्मा, सीमा सोहाल, मनोज कुमार, रमणीक बंसल, सुनीता कुमारी, अंकुर सूद, संदीप कुमार, मनोज कुमार, मधु ठाकुर आदि उपस्थित थे। स्कूल के प्रिंसिपल राजन शर्मा ने पूरी टीम का छात्रों व स्टाफ को ज्ञानवर्धक जानकारी देने के लिए आभार जताया।

### बंगाणा कॉलेज में 'समसामयिकी' पर सेमिनार



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय बंगाणा के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'पंचायतीराज अधिनियम' और 'अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अधिनियम' पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को इन महत्वपूर्ण विधायिकाओं के प्रभाव और उनके समाज पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, प्रो. सिकंदर नेगी ने की। मंच का संचालन सह-सचिव तनु ठाकुर ने किया। सेमिनार में सेकंड इयर की छात्रा शिवानी शर्मा और नैन्सी ने पंचायतीराज अधिनियम पर अपने विचार प्रकट किए, जबकि फाइनल इयर की छात्रा तानिया ने अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अधिनियम पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने न केवल इन कानूनों की मूल बातें समझीं, बल्कि यह भी जाना कि किस तरह ये कानून समाज के कमजोर वर्गों के लिए अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने इस प्रकार के सेमिनारों के आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में प्रो. कृष्णा चंद, प्रो. कमलेश, राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनीता राणा, उपाध्यक्ष वासु शर्मा, महासचिव अंकिता मनकोटिया और सह-सचिव तनु ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### कल मनाया जाएगा सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लै. कर्नल एसके कालिया ने बताया कि 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाएगा। सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमें बहादुर शहीद सैनिकों की याद दिलाता है, जिन्होंने अनेक युद्धों में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए या अपंग हुए हैं। इन सब परिवारों की और ऐसे अशक्त सैनिकों के पुनर्वास के लिए केंद्रीय व राज्य सैनिक बोर्ड तत्पर कार्यरत हैं ताकि ऐसे परिवार व सैनिक समाज पर बोझ न बनें तथा गर्व से अपना जीवन यापन कर सकें। इन शहीद सैनिकों के परिवारों की देखभाल व अपंग सैनिकों के पुनर्वास का दायित्व हम पर है। उन्होंने बताया कि इस दिन जो धन राशि एकत्रित की जाती है, उसे शहीद सैनिकों के परिवारों/आश्रितों पर खर्च किया जाता है। उन्होंने समस्त जिलावासियों से आग्रह किया है कि इस दिवस पर यथायोग योगदान देकर इसके भागीदार बनें।

### नालसा के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना के सेमिनार हॉल में वीरवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश कुमार के मार्गदर्शन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिता शर्मा और सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओपी शर्मा भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण सत्र में नरेश कुमार ने बताया कि यह पहल बच्चों के लिए बाल मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाओं के लिए नालसा योजना का हिस्सा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिता शर्मा ने देश के भविष्य के रूप में बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर प्रकाश डाला कि सूचना उन बच्चों तक पहुंचे, जो मुख्यधारा के समाज से बाहर हैं। ऊना के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि यह प्रशिक्षण सत्र 6 दिसंबर को भी प्रात 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।



### दिव्यांग सहायता शिविर प्रेरणादायक उदाहरण



**बंगाणा।** उपमंडल अधिकारी बंगाणा कार्यालय में आज आयोजित दिव्यांगजन सहायता शिविर समाज सेवा और सशक्तिकरण का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस विशेष कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सक्रिय भागीदारी ने 30 से अधिक दिव्यांगों को आवश्यक यंत्र उपलब्ध कराकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया। कल्याण अधिकारी विवेक कुमार ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल दिव्यांगजनों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान खोजने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में समानता और संवेदनशीलता की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लखरूं के सूर्यांश बने राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के ग्राम पंचायत जसाना के वार्ड नंबर चार के गांव लखरूं के सूर्यांश ठाकुर अंडर 19 में बैडमिंटन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय चैंपियन बन चुका है। राष्ट्रीय चैंपियन सूर्यांश ठाकुर की प्राथमिक पढ़ाई केवी बंगाणा में हुई। वर्तमान में सूर्यांश ठाकुर डीएवी लाठियाणी का छात्र है। सूर्यांश ठाकुर के पिता राजेंद्र रिंकू भारतीय सेना में बड़े स्तर के खिलाड़ी रहे हैं औरर उन्होंने सूर्यांश ठाकुर को नेशनल स्तर पर बैडमिंटन कोचिंग देकर उसको खेल के लिए परिपक बनाया और आज उसने बनकर इतिहास रचा है। सूर्यांश ठाकुर को राष्ट्रीय बैंडमिंटन विजेता बनने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, भाजपा के स्टेट अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, युवा खेल सेवाएं एवं लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रवक्ता मदन राणा, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, स्थानीय पंचायत प्रधान अनीता राणा, उपप्रधान सूरम सिंह, प्रधान विजय शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### डॉ. डोगरा को बनाया अनुसूचित जाति आयोग का सदस्य



**ऊना।** दौलत राम ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल बंगाणा ने डॉ. विजय डोगरा को अनुसूचित जाति आयोग का सदस्य नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विधायकों द्वारा एक अच्छे व्यक्तित्व को यह जिम्मेदारी सौंपी है। डॉक्टर डोगरा ने कांग्रेस संगठन की मजबूती और एकजुटता बनाए रखने में बहुत बड़ा योगदान दिया है।

### कोई गारंटी पूरी नहीं कर पाई कांग्रेस सरकार : चौधरी



**विवेक शर्मा, अंब।** जिला भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार 11 दिसंबर को बिलासपुर में जो दो वर्षों के कार्यकाल का जश्न मनाने जा रही है, उसका पूरे प्रदेश में हर वर्ग के कर्मचारी विरोध कर रहे हैं क्योंकि इस दो वर्षों में विकास का कार्य तो हो नहीं सका, उल्टा जिन गारंटियों को जनता से वादे करके सरकार बनी थी, वे एक भी गारंटी पूरी नहीं हो सकी। जिला ऊना के उपमुख्यमंत्री होने के बावजूद जिले के विकास के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। यहां तक कि उपमुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला की पांचों विधानसभा में जल रक्षक पद के लिए साक्षात्कार तो करवाए, पर सभी नियुक्तियां अपने क्षेत्र से कीं और बाकी विधानसभाओं से एक भी नियुक्ति न हो सकी। लाखों बेरोजगारों को रोजगार देने के वादे पर भी सिर्फ अपनी बेटी को रोजगार देने के अलावा कुछ नहीं किया।

# मुच्छाली को नपं बनाने पर आम जनता पक्षधर

## कुछ ही जता रहे आपत्ति; नगर पंचायत के बनने से बेहतर तरीके से हो सकता है सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन और निगरानी

**विनोद शर्मा, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा की मुच्छाली पंचायत को नगर पंचायत बनने के कई लाभ हो सकते हैं, जो स्थानीय विकास और प्रशासनिक सुधारों को बढ़ावा देते हैं। नगर पंचायत के बनने से स्थानीय प्रशासन मजबूत होता है, जिससे सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन और निगरानी बेहतर तरीके से हो सकती है। इसको लेकर आम जनता पक्षधर है, जककि कुछ लोग ही आपत्ति जता रहे हैं।

**विकास योजनाओं का क्रियान्वयन :** नगर पंचायत बनने के बाद नगर की आधारभूत संरचनाओं सड़क, जल आपूर्ति, सीवरेज, आदि के विकास के लिए वित्तीय मदद मिलती है। इससे विकास कार्यों में तेजी आती है।

**सरकारी योजनाओं का लाभ :** नगर पंचायत बनने से स्थानीय निवासियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिक लाभ मिलता है, जैसे कि स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा आदि लाभ मिलता है।

**स्थानीय रोजगार का सृजन :** नगर पंचायत बनने से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेंगे,, जैसे सफाई कर्मी, ठेकेदार, निर्माण कार्यों से संबंधित श्रमिक और प्रशासनिक कार्यों में कर्मचारी मिलते हैं।

**निवासियों को बेहतर सुविधा :** नगर पंचायत बनने से नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, जल आपूर्ति, बिजली, और परिवहन जैसी सुविधाएं मिल सकती हैं, जो स्थानीय विकास को बढ़ावा देती हैं।

**स्थानीय शासन में सहभागिता :** नगर पंचायत के गठन से स्थानीय निवासियों को अपने क्षेत्र के प्रशासन में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलता है। यह लोकतंत्र को मजबूत करता है और नागरिकों की आवाज को प्रमुख बनाता है।

**कानूनी और संस्थागत ढांचा :** नगर पंचायत बनने से कानून और व्यवस्थाओं का पालन सख्ती से किया जाता है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बनी रहती है। इस प्रकार, नगर पंचायत का गठन स्थानीय विकास, प्रशासनिक सुधार, और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। नगर पंचायत बनने के कुछ नुकसान भी हो सकते हैं, जो किसी विशेष क्षेत्र या समुदाय को प्रभावित कर सकते हैं। जैसे अधिक प्रशासनिक खर्च। नगर पंचायत के गठन के बाद प्रशासनिक खर्च बढ़ सकते हैं, जैसे नए कर्मचारियों की नियुक्ति, कार्यालय की व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार। इससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।

**राजस्व की कमी :** नगर पंचायत को स्वायत्तता मिलने के बावजूद, अक्सर स्थानीय सरकार के पास सीमित संसाधन होते हैं। अगर नगर पंचायत के पास पर्याप्त राजस्व के स्रोत नहीं होते हैं, तो यह विकास कार्यों को प्रभावित कर सकता है। ज्ञात रहे बंगाणा नगर पंचायत बनने पर बंगाणा के कार्यालय भी उपमंडल मुख्यालय पर शिफ्ट होंगे और डीएसपी कार्यालय, कोर्ट आदि आधा दर्जन सभी सरकारी कार्यालय बंगाणा में खुलेंगे और जनता को तीस किमी की दूरी कम होगी। बंगाणा को बस स्टैंड के साथ पार्किंग की अलग सुविधा मिलेगी, जिससे बंगाणा बाजार में लग रहे जाम से भी निजात मिलेगी।

**केंद्र सरकार से विकास के लिए अलग होती है फंडिंग :** नगर पंचायतों के लिए केंद्र सरकार से विकास के लिए अलग फंडिंग होती है, जिससे नगर पंचायतों में थोक में विकास होता है। वहीं, नगर पंचायतों में साफ-सफाई शौचालय बाजार में लाइटिंग का विशेष प्रावधान होता है और रात के समय चौकीदार की विशेष व्यवस्था रहती है।

**सुलभ शौचालय के लिए वर्षों से तरस रहा है बंगाणा बाजार :** मुच्छाली पंचायत का हिस्सा बंगाणा बाजार जिसमें रोजाना हजारों की संख्या में लोग आते हैं, लेकिन वर्षों से बंगाणा बाजार सुलभ शौचालय के लिए तरस रहा है और आज भी दुकानदार और जनता खुले में शौच जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं स्थानीय प्रधान विजय शर्मा

स्थानीय पंचायत प्रधान विजय शर्मा का कहना है कि वर्तमान समय के आधार पर मुच्छाली पंचायत को राज्य सरकार द्वारा नगर पंचायत बनाने का फैसला स्वागत योग्य है। क्योंकि बंगाणा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर विकास को गति प्रदान होगी। ओर जन समस्याओं का समाधान होगा।

### व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार सेंटी ने क्या कहा

बंगाणा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार सेंटी का कहना है कि जिस प्रकार बंगाणा बाजार समस्याओं से जूझ रहा है उस के लिए बंगाणा की नगर पंचायत का दर्जा मिलना सौभाग्य की बात है। सेंटी ने कहा कि नगर पंचायत बंगाणा बनने से बंगाणा बाजार में सुलभ शौचालय बाजार में लाइट ओर अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी । ओर नगर पंचायत के बिकास के लिए केंद्र सरकार से अलग बजट मिलता है। इसलिए बंगाणा व्यापार मंडल मुच्छाली को नगर पंचायत बनाने की घोषणा का स्वागत करती है।

## एनएसएस का जिला स्तरीय शिविर आज ठठल में

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** एनएसएस का एकदिवसीय जिला स्तरीय शिविर 6 दिसंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ठठल में आयोजित होगा। इसमें जिलाभर से 324 एनएसएस के स्वयंसेवक भाग लेंगे। इस शिविर में जिला ऊना के शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र कौशल बतौर मुख्यातिथि होंगे।

**जिलेभर से 324 स्वयंसेवक लेंगे भाग**

इस बारे में जानकारी देते हुए ठठल स्कूल के प्रिंसिपल ब्यासदेव एनएसएस के जिला कार्डिनेटर मुकेश कुमार, राज्य सलाहकार समिति सदस्य राजन शर्मा ने बताया कि इस शिविर के माध्यम स ेकुल 82 एनएसएस के स्वयंसेवियों को 26 जनवरी हो हो वालीराज्य स्तरीय परेड के लिऐ चयनित किया जाएगा, जिसमें 41 लड़के व 41 लड़कियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा ।

## ईसपुर में प्रवासी मजदूरों की 12 झुग्गियां जलकर राख

**अनंत ज्ञान, हरोली**

उपमंडल हरोली के तहत पड़ते ईसपुर में वीरवार को प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में आग लग गई आगजनी में 12 झुग्गियां जल कर राख हो गईं तथा दमकल विभाग के अथक प्रयासों से 15 झुग्गियों को जलने से बचा लिया गया।



प्राप्त जानकारी अनुसार वीरवार दोपहर लगभग 3 बजे ईसपुर में प्रवासी मजदूरों द्वारा रहने के लिए बनाई गई झुग्गियों में अचानक आग लग गई। जिस समय यह आग लगी, उस समय अधिकांश मजदूर दिहाड़ी लगाने गए हुए थे। मजदूरों के बच्चे तथा कुछ मजदूर झुग्गियों में मौजूद थे। दोपहर के समय अचानक एक झुग्गी में लगी आग देखते ही देखते फैलने लगी। एक झुग्गी में लगी आग चंद सेकेंड में ही सभी झुग्गियों में फैलने लगी। स्थानीय लोगों ने आग भड़कते देखी तो उन्होंने दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। दमकल विभाग ऊना की तरफ से दो गाड़ियों को मौके पर आग पर काबू करने के लिए भेजा गया।

दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के चलते 12 झुग्गियों को तो नही बचा पाए, लेकिन 15 झूगिया को जलने से बचाने में सफल रहे। इस अग्निकांड में लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है।

## रामपुर में खुलेगा हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग का कार्यालय : कुलदीप

# गरीबों और दलितों की न्याय तक पहुंच होगी आसान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग का कार्यालय ऊना जिले के रामपुर में स्थापित किया जा रहा है। यह कार्यालय ऊना-संतोषगढ़ रोड पर कृषि विज्ञान केंद्र के सामने स्थित सरकारी भवन में खोला जाएगा। इसका विधिवत शुभारंभ जल्द ही किया जाएगा, जिससे आयोग अपनी पूरी क्रियाशीलता के साथ कार्य शुरू कर सके। आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने वीरवार को परिधिगृह ऊना में आयोजित नवगठित राज्य अनुसूचित जाति आयोग की प्रथम औपचारिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा तथा अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा और सदस्य सचिव का कार्यभार देख रहे सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा मौजूद रहे।

**रामपुर में कार्यालय स्थापना की तैयारियों का लिया जायजा :** आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने आयोग के सदस्यों के साथ रामपुर का दौरा कर कार्यालय स्थापना की तैयारियों का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि कार्यालय को शीघ्र ही पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा। इसके बाद आयोग अपनी क्रियाशीलता के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता से कार्य आरंभ कर देगा।



अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार और सदस्य।

**यह है नवगठित आयोग की संरचना :** उल्लेखनीय है कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चार बार विधायक रहे कुमार गगरेट और श्री चिंतपूर्णी विधानसभा हलकों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह हिमाचल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहने के अलावा वीरभद्र सिंह सरकार में उद्योग मंत्री और प्रदेश वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। आयोग के अन्य सदस्यों में ऊना जिले के बंगाणा की ग्राम पंचायत भ्यांबी के सुकड़याल गांव से संबंध रखने वाले अधिवक्ता विजय डोगरा और कांगड़ा जिले के ज्वाली के अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा शामिल हैं। सदस्य सचिव का कार्यभार ऊना के सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा देख रहे हैं।

### सीएम-डिप्टी सीएम का जताया आभार

कुलदीप कुमार ने हिमाचल प्रदेश सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऊना में कार्यालय स्थापित करने के फैसले से गरीब और पिछड़े वर्गों को विशेष लाभ होगा। उन्हें न्याय के लिए शिमला का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने घर-द्वार के पास ही सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय न केवल आयोग की कार्यक्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर न्याय और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग का प्राथमिक उद्देश्य दलित और पिछड़े वर्गों को न्याय और सहूलियत प्रदान करना है।

## अंबोटा स्कूल के इनडोर स्टेडियम का काम शीघ्र होगा पूरा : कालिया

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा के खेल मैदान में आधे अधूरे पड़े इनडोर स्टेडियम के तैयार होकर खिलाड़ियों को समर्पित होने की आस बंधी है। स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे विधायक राकेश कालिया ने ऐलान किया है कि इस इनडोर स्टेडियम का निर्माण भी उनके कार्याकल में शुरू हुआ था, बेशक इसके बाद रहे जनप्रतिनिधियों ने इसकी ओर ध्यान नहीं दिया लेकिन अब उनके ही कार्यकाल में इसे मकम्मल कर इसे खिलाड़ियों को समर्पित किया जाएगा।

उन्होंने स्कूल स्टेज के शैड के लिए साढ़े चार लाख रुपए व स्कूल के बाहर गंदे पानी की निकासी को ड्रेन निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए देने का ऐलान किया है। वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से खूब रंग बांधा।



अंबोटा स्कूल के वार्षिक समारोह में छात्रों व स्कूल स्टाफ के साथ विधायक राकेश कालिया।

उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में टाप टेन में जगह पाने वाले विद्यार्थी ज्यादातर सरकारी स्कूलों से ही हैं। यही नहीं बल्कि खेल गतिविधियों में भी सरकारी स्कूल अपना दबदबा कायम रखे हुए हैं। उन्होंने शिक्षकों का भी आह्वान किया कि स्कूली विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ऐसे कार्यक्रमों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इससे विद्यार्थियों का मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। स्कूल के प्रिंसीपल प्रेम दास ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए गांव के उन बुजुर्गों को भी याद किया जिन्होंने अंबोटा में शिक्षा का दीप प्रज्जवलित करने के लिए स्कूल के लिए भूमि दान की। भारतीय स्टेट बैंक की डीपी रोड शाखा के प्रबंधक पवनेंद्र शुक्ला व उप प्रबंधक अंजन केशव ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को 2100 रुपऐ प्रदान किए। विधायक ने शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

**अनंत ज्ञान**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, सुरेश कुमार** (60 वर्ष) पुत्र श्री बसन्त राम पुत्र श्री गंगू राम गांव वौट डाकघर बंगाणा, तहसील बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.) ब्यान करता हूं कि PNB MTLIFE Policy No. 23013998 में मेरे पिता का नाम BASNT RAM S/O. SH. GANGAU RAM दर्ज है। जबकि BASANT RAM S/O. SH. GANGU RAM व BASNT RAM S/O. SH. GANGAU RAM एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं। सर्बधित नोट करें।




## अनदेखी : धार के किलों और अन्य स्मारकों के जीर्णोद्धार की आवश्यकता

# सोलह सिंगी धार में पर्यटन की अपार संभावनाएं

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

सोलह सिंगी धार, जिसे जसवां धार श्रेणी के नाम से भी जाना जाता है, जो हिमाचल प्रदेश में एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है। सोलह सिंगी धार शृंखला एक उप-हिमालयी पहाड़ी शृंखला है, जो ब्यास नदी पर तलवारा के पास से शुरू होती है। उत्तर-पश्चिम-दक्षिण-पूर्व दिशा में चलती है। इस श्रेणी के प्रथम 14 किलोमीटर कांगड़ा जिले में है तथा यह श्रेणी एक पर्वत श्रेणी पर समाप्त होती है, जो कांगड़ा को ऊना जिले से अलग करती है।

सोलह सिंगी धार का सबसे ऊंचा स्थान 'भरवाईं' है जो समुद्र तल से 3000 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। सोलह सिगी किला जिसे कुटलैहड़ किला भी कहते हैं, समुद्र तल से 1,162 मीटर की ऊंचाई पर सोलह सिंगी धार श्रेणी पर स्थित है। इस किले का निर्माण कांगड़ा राज्य के शासक संसार चंद्र ने सन 1107 में करवाया था और 1809 में महाराजा रणजीत सिंह ने इसका जीर्णोद्धार कराया था। इसका मुख्य उद्देश्य सूबे की सुरक्षा और राजस्व एकत्रित करना था। किले की छतें बड़े पत्थर के स्लैब से बनी हैं। किलों में राजा, रानी और मंत्रियों के लिए अलग-अलग कक्ष बने हुए थे। किलों में जल संग्रह की भी उचित व्यवस्था थी।



सोलह सिंगी धार का प्रमुख किला।

कटोच वंश द्वारा बनाए गए दो किलों में एक डोलू गांव के पास और दूसरा जटहेड़ी के पास बहुत ही सुरक्षित और रणनीतिक जगह पर बनाए गए हैं। यहां पहाड़ियों का ढलान 60-80 डिग्री तक है। ये किले स्थापत्य कला के बेजोड़ दृश्य हैं। केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत व्यक्ति ही यहां तक पहुंच सकते हैं। वर्तमान में ये किले जर्जर हालत में हैं। पूरे परिसर में झाड़ियां और वृक्ष उग गए हैं। 'चौमुखा' स्थान पर महादेव का प्राचीन मंदिर है, जिसका सौंदर्यीकरण और विस्तारीकरण हो रहा है। एक अन्य स्थान पीपलू भी प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह पूरा क्षेत्र ट्रैकिंग के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। सोलह सिंगी धार के किलों और अन्य स्मारकों के संरक्षण और जीर्णोद्धार की आवश्यकता है, ताकि इस क्षेत्र में पर्यटन को नए पंख लग सकें और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।

पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव ने कहा कि इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विधायक विवेक शर्मा से विशेष रूप से अवगत करवाया है और उन्होंने इस विषय को गंभीरता से कार्य करने का आश्वासन दिया। विधायक को कुटलैहड़ दर्शन के लिए बस की आवश्यकता के बारे में भी बताया गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### 7 की बजाए 8 को होगा धरना-प्रदर्शन : अरविंद



**कुल्लू।** जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने कहा कि प्रदेश सरकार के खिलाफ पूर्व निर्धारित जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन की तिथि में प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि अब प्रदेश सरकार के खिलाफ जिला स्तरीय आक्रोश रैली का आयोजन 8 दिसंबर रविवार को होगा। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विपिन परमार के स्थान पर इस आक्रोश रैली में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर विशेष तौर पर शामिल होंगे। यह आक्रोश रैली रामबाग अखाड़ा बाजार से शुरू होकर मुख्य चौक ढालपुर पहुंचेगी। ढालपुर चौक पर प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व इस आक्रोश रैली को संबोधित करेगा। जिला अध्यक्ष ने जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं से अपील की है कि इस आक्रोश रैली में भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

### 31 दिसंबर से पहले करवाएं ई-केवाईसी

**आनी।** घरेलू बिजली बिल पर दी जाने वाली सब्सिडी के मद्देनजर 31 दिसंबर से पहले ई-केवाईसी करवाना जरूरी है, जिसके चलते बिजली उपमंडल आनी के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर ई-केवाईसी केंद्र स्थापित किए गए हैं। बिजली उपमंडल आनी के सहायक अभियंता इंजी. एमआर कश्यप ने बताया कि आनी उपमंडल के अंतर्गत विभिन्न केंद्रों पर ई-केवाईसी करवाने की तिथियां 7 से 18 दिसंबर तक निर्धारित की गई हैं। ई-केवाईसी करवाने के लिए जाने वाले उपभोक्ता को अपना आधार कार्ड और अपना नया या पुराना बिजली का बिल या कस्टमर आईडी नंबर साथ लेकर केंद्र पहुंचना जरूरी है। बिजली उपमंडल आनी के अंतर्गत 7 को अमरबाग, पुनन खड्ड, 9 को चवाई, गुगरा, 10 को खनाग, चौहणी, 11 को कमांद, कंडुगाड, 12 को कराना, कुंगश, 13 को विनन, चिमनी कैंची, 14 को शवाड, लगौटी, 16 को रोहड़ीधार, कोटासेरी, 17 को बांशा और टिकरीदढ़, 18 को चौकी, जुंडवा और 19 को हरिपुर में बिजली उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की जाएगी। उन्होंने सम्बंधित क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं से ई-केवाईसी केंद्र पहुंचकर अपनी ई-केवाईसी करवाने की अपील की है। इसके अलावा किसी भी कार्य दिवस में उपमंडल कार्यालय आकर भी ई-केवाईसी अपडेट करवाई जा सकती है और जिसकी ई-केवाईसी पहले से अपडेट है, उन्हें फिर से अपडेट करवाने की जरूरत नहीं है।

### रूप को खेलो इंडिया विंटर गेम्स कंडक्ट टेक्निकल कमेटी के चेयरमेन की कमान



**मनाली।** स्कीइंग में मनाली के रूप चंद नेगी खेलो इंडिया विंटर गेम्स कंडक्ट टेक्निकल कमेटी के चेयरमेन बनाए गए हैं। स्कीइंग के चैंपियन रहे रूप चंद नेगी विंटर गेम्स एसोसिएशन सहित ओलंपिक संघ में बड़े पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके अनुभव व ईमानदारी को देखते हुए उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। नेगी लेह में 23 से 27 जनवरी को व 22 से 25 फरवरी को आयोजित होने वाले विंटर गेम्स खेलो इंडिया में अपनी सेवाएं देंगे। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में रूप चंद नेगी ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स कंडक्ट टेक्निकल कमेटी के सह अध्यक्ष बनाए जाने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व खेल मंत्री मनसुख मंडाविया सहित इंडियन ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा, विंटर गेम्स एसोसिएशन की एडॉक कमेटी के चेयरमेन शिवा केशवन, हिप्र. विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर चंद ठाकुर व समस्त सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि युवाओं में छुपी प्रतिभाओं, पात्र खिलाड़ी को उचित मौका देने सहित पारदर्शिता प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि अपने पुराने अनुभव का प्रयोग करते हुए बेहतरीन सेवाएं देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2014 में अमेरिका में आयोजित अल्पाइन स्कीइंग चैंपियनशिप में 2019 में रशिया में आयोजित आइस स्केटिंग व स्कीइंग में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 2017 में स्विजरलैंड में तथा 2021 में इटली में आयोजित शीत कालीन खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### लंबित वित्तीय अदायगी को जल्द दे सरकार

**बंजार।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड बंजार की मासिक बैठक प्रधान जंगवीर मिस की अध्यक्षता में कमला माता मंदिर सैंज में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के प्रचार सचिव जै सिंह महंत विशेष रूप से उपस्थित रहे। संघ के सदस्य प्रेम सिंह शैंशर का आकस्मिक निधन होने पर बैठक में दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक का संचालन करते हुए संघ के महासचिव मोहन शास्त्री ने वर्ष 2025-27 के लिए नए सदस्य बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लिए रसीद बुक का वितरण किया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष ने सरकार को चेताया कि सब पेंशनर्स के सब्र का बांध टूटने वाला है वर्ष 2016 से जनवरी 2022 के पेंशनर्स की जो वित्तिय अदायगी अभी तक अदा नहीं की गई है, वे समय रहते जारी की जाए।

### ब्यास में रेस्क्यू करने के गुर सीख रहे स्वयंसेवी

**कुल्लू।** देश के सात राज्यों में अब आपदा के समय में स्वयंसेवी भी लोगों की मदद कर सकेंगे। कुल्लू के राफ्टिंग सेंटर पिरड़ी में 70 युवा आपदा के गुर सीख रहे हैं। मनाली के अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के तत्वावधान में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, उत्तरप्रदेश, पुडुचेरी, कर्नाटक और झारखंड से स्वयंसेवी प्रशिक्षण लेने पहुंचे हैं। क्याकिंग के माध्यम से रेस्क्यू करना और पहाड़ पर चढ़ने की तकनीक सिखाई गई। युवाओं को सभी प्रकार की बारीकियां सिखाई जा रही हैं, जिससे मुश्किल समय में वे अपना कौशल दिखा सकें। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद युवाओं का टेस्ट लिया जाएगा। इसमें पास होने के बाद संस्थान प्रमाण पत्र भी जारी करेगा। प्रशिक्षण हासिल कर रहीं कीर्ति, पुरुषोत्तम कुमार और दिव्या भारती ने कहा कि यह उनके लिए बिल्कुल अलग अनुभव है। प्रशिक्षण में हर दिन नया सीखने को मिल रहा है।

# उदयपुर बाजार में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ व्यापार मंडल और स्थानीय लोगों का विरोध

## पटन घाटी के 50 से अधिक गांवों की जमीन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की जानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पट्टन घाटी के सैकड़ों किसान और व्यापारी प्रशासन की ओर से भूमि अधिग्रहण के नोटिफिकेशन को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि सरकार उनकी कीमती जमीनों को कम कीमतों में अधिग्रहित कर रही है। इसके अलावा, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से स्थानीय दुकानदारों और उनके परिवारों का रोजगार छिनने का खतरा पैदा हो गया है। 40-50 वर्षों से राशन, कपड़े, बर्तन और अन्य व्यवसाय चला रहे छोटे-बड़े दुकानदार इस प्रक्रिया से सबसे अधिक प्रभावित होंगे। भूमि अधिग्रहण के चलते सड़क किनारे स्थित दुकानों और ढाबों को तोड़ा जाएगा, जिससे उनका कारोबार पूरी तरह बंद हो सकता है। किसान और व्यापारी प्रशासन की नीतियों को जबरदस्ती और अन्यायपूर्ण बता रहे हैं। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों ने किसानों और व्यापारियों की बेहतरी के वादे किए थे, लेकिन अब कोई भी उनकी समस्याओं को लेकर आवाज नहीं उठा रहा है।



### तांदी से टिंडी तक सड़क को किया जाएगा चौड़ा

**बीआरओ** (बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा पटन घाटी के 50 से अधिक गांवों की जमीन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की जानी है। इस सड़क का चौड़ीकरण तांदी से टिंडी तक किया जाएगा। सड़क का बड़ा हिस्सा घरों और खेतों से होकर गुजरेगा, जिसके लिए सैकड़ों बीघा जमीन अधिग्रहित की जा रही है।

### स्थानीय मांगें

**प्रशासन** ने भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिफिकेशन जारी करते हुए केवल दो महीने का समय दिया है, ताकि लोग अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकें। हालांकि, स्थानीय लोग और व्यापार मंडल इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि कलक्टर रेट को रिवाइज किए बिना जमीन अधिग्रहण करना अन्यायपूर्ण है। किसानों और व्यापारियों ने स्थानीय विधायक के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें सड़क के अलाइनमेंट में बदलाव की मांग की गई है, ताकि नुकसान कम हो और उनका रोजगार बच सके। हालांकि, सड़क के अलाइनमेंट में बदलाव की मांग को लेकर एसडीएम उदयपुर को दिए गए ज्ञापन को एसडीएम ने संबंधी विभागों को भेज दिया है।

# प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन बारे दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



जल शक्ति विभाग व जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की ओर से पानी की शुद्धता, स्वच्छ रखरखाव, ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति के कार्यों, गठन व इसके लाभों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तीसरे दिन जाणा व अरछंडी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कर गीत संगीत व नाटक के माध्यम से जानकारियां दी गई।

मंच के संयोजक नवनीत भारद्वाज ने कार्यक्रम संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में मंच के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति के कार्यों, जिनमें पानी के संपूर्ण रखरखाव, पेयजल की स्वच्छता के लिए समय-समय पर पानी की जांच करना, ताकि जल जनित रोगों से बचाव हो, प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण व संवर्धन बारे विस्तृत जानकारियां दीं। सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं सहायक अभियंता अमित ने कार्यक्रमों संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले की सभी पंचायतों में ग्रामीण पेयजल स्वच्छता कमेटियों का गठन किया गया है। पानी की जांच के लिए पंचायत के हर गांव की पांच महिलाओं को विभाग द्वारा पेयजल की गुणवत्ता की जांच करने के लिए प्रशिक्षण के साथ-साथ जल जांच किटें भी दी जा रही हैं, ताकि महिलाएं गांव में पेयजल की समय-समय पर जांच कर सके।

# हलाण-1 में वासुकी नाग शाही स्नान के लिए वशिष्ट रवाना



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

हलाण प्रथम के आराध्य देवता वासुकी नाग वीरवार को शाही स्नान के लिए वशिष्ट रवाना हुए।

देवता आठ साल बाद सैकड़ों देवलू और कारकूनों की उपस्थिति में आठ दिसंबर को वशिष्ट में शाही स्नान करेंगे। वासुकी नाग देवता के कारदार अंकित ने जानकारी देते हुए बताया कि देवता वीरवार को 2016 के उपरांत आठ साल बाद अपने देवालय से अपने नए करडू (रथ) में विराजमान होकर शाही स्नान करने के लिए वशिष्ट को रवाना हुए और रविवार को वशिष्ट में शाही स्नान करेंगे। देवता करंजा और मनसारी के मध्य बर्माणू पोट जो देवते का स्थान है, वहां रुकेंगे। आज देवता अपनी यात्रा कर आठ दिसंबर को वशिष्ट में शाही स्नान कर 11 को शाम के समय अपने देवालय लौटेंगे और 12 को देवता के देवालय में देव भोज आयोजित किया जाएगा।

# वोल्वो बस स्टैंड में खड़ी नहीं हो सकती वोल्वो बसें : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**



पर्यटन नगरी मनाली में वोल्वो बस स्टैंड बनकर तैयार हो गया है।

इस बस स्टैंड को वोल्वो बस स्टैंड के नाम से जाना जाता है, लेकिन वोल्वो बसों को ही यहां पर पार्क करने की अनुमति नहीं है। बसें सड़क किनारे खड़ी हो रही हैं, जिससे लंबा जाम लग रहा है। मनाली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार विकास कार्यों को लटकाने और जनता को भटकाने का कार्य कर रही है। भाजपा सरकार के दौरान मनाली में वोल्वो बस स्टैंड का कार्य शुरू किया गया था। वह आज बनकर तैयार है, लेकिन सुक्खू सरकार में उद्घाटन का फट्टा लगाने के चक्कर में वोल्वो बसों को सड़क किनारे खड़े होने पर मजबूर किया जा रहा है, जिस कारण वहां लगातार जाम लग रहा है और मनाली पहुंचे पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार मनाली के विकास कार्यों को लगातार लटकाने और भटकाने का काम कर रही है। वामतट के सभी पुलों को भाजपा शासन में तैयार किया गया, जिस पर कांग्रेस का कोई योगदान नहीं है। इसी तरह रायसन का पुल भी पूर्व सरकार की देन है। उसे भी इसीलिए रोक कर रखा है, ताकि वे अपना फट्टा लगा सकें। मनाली नगर परिषद का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव बिना किसी कारण ढाई महीने तक लटकाया गया, जिस कारण मनाली शहर के विकास कार्यों पर विराम लग गया, अब दोनों ही पदों पर चुनाव हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का शपथ समारोह करने में जानबूझ कर देरी कर रहा है। उन्होंने कहा कि नप में अभी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ही नहीं कार्यकारी अधिकारी अपनी मर्जी से पार्किंग का ठेका दे रहे हैं। मनाली की सबसे बड़ी संस्था मनाली होटलियर एसोसिएशन भी आज बिना अध्यक्ष के चल रही है। राजनीतिक दबाव के कारण पिछले तीन महीने से प्रशासन यहां भी चुनाव नहीं करवा पाया है।

## पूर्व मंत्री की प्रशासन को नसीहत, विवेक से करें काम, गलत हस्तक्षेप से बचें

**मनाली।** प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की है कि वे भाजपा के धैर्य और संयम को कमजोरी न समझें। उन्होंने कहा कि सरकारें समय-समय पर बदलती रहती हैं, लेकिन अधिकारियों को हमेशा अपने विवेक का उपयोग करना चाहिए और निष्पक्ष निर्णय लेने चाहिए। उन्होंने मनाली नगर परिषद के ईओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर परिषद ने मनाली में पार्किंग स्थलों के आवंटन में अनियमितताएं की हैं। जहां बिना अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की सहमति के पुराने ठेकेदारों को यह आवंटन 10 प्रतिशत बढ़ाकर किया गया। यह निर्णय प्रक्रियागत नियमों का उल्लंघन है और इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने होटल एसोसिएशन के चुनावों में हो रही देरी पर भी सवाल उठाए। गोविंद ने कहा कि डीसी कुल्लू का बयान कि एसडीएम मनाली ने रिपोर्ट नहीं भेजी, जबकि एसडीएम का कहना है कि रिपोर्ट भेजी जा चुकी है, इस प्रशासनिक भ्रामकता से स्पष्ट होता है कि सरकारी संस्थाओं में गलत हस्तक्षेप हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द होटल एसोसिएशन के चुनाव करवाए जाएं, ताकि इस मुद्दे का समाधान हो सके। पूर्व मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार भाजपा के कार्यों का श्रेय लेने में लगी हैं, जबकि उनके द्वारा किए गए वादों में से एक भी पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार मनाली क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है और जनता को भरोसा दिलाया कि भाजपा हमेशा जनता के हित में खड़ी रहेगी। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की कि वे व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में अपना योगदान दें और प्रशासनिक कार्यों में विवेकपूर्ण निर्णय लें।

# डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के छात्रों ने जीते कई पदक

**अनंत ज्ञान, मनाली**



डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, मनाली के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में भारत के सभी डीएवी स्कूलों के 20000 छात्रों ने भाग लिया था।

इनमें से डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के छात्रों ने विभिन्न प्रकार की खेल में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। स्कूल के खिलाड़ियों ने कराटे और बास्केटबॉल जैसे खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए, जिसमें से अंडर-19 कराटे प्रतियोगिता में प्रशांत ने स्वर्ण पदक, चांय शर्मा ने रजत पदक तथा अभी शर्मा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर-17 में अर्जुन सोनी ने रजत पदक तथा अंडर-14 में शौर्य राशपा ने स्वर्ण पदक तथा यश नेगी ने रजत पदक हासिल किया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश की बास्केटबॉल टीम के मुख्य खिलाड़ी ऋषभ ने स्वर्ण पदक हासिल कर अपने अभिभावक तथा विद्यालय के नाम में चार चांद लगाए। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने न केवल अपनी उत्कृष्टता साबित की, बल्कि खेल भावना और टीमवर्क का भी बेहतरीन उदाहरण पेश किया। कराटे में जहां छात्रों ने अपनी तकनीकों से स्वर्ण पदक हासिल किए। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे मनाली क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानाचार्य आरएस राणा तथा विद्यालय के सभी अध्यापकों ने विद्यालय वापस पहुंचने पर विजयी छात्रों का मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्रों ने यह साबित कर दिया कि मनाली जैसे छोटे शहर के युवाओं में भी बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का जज्बा है।

# आनी में मापतोल विभाग का कैंप 9 से

**आनी।** मापतोल विभाग का कैंप 9, 10 और 11 दिसंबर को आनी के विश्राम गृह परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस कैंप में रामपुर से मापतोल विभाग के निरीक्षक दीपक शर्मा और उनकी टीम आएगी। कैंप में मापतोल यंत्रों की जांच और उनका नवीनीकरण किया जाएगा।

उन्होंने आनी कस्बे और आसपास के सभी दुकानदारों, ढाबा-होटल संचालकों, उचित मूल्य की सहकारी व अर्धसहकारी और दूध उत्पादन केंद्र को निर्देश दिए कि वे अपने साथ पिछला सत्यापन प्रमाणपत्र और अपने बट्टे, तराजू, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, मीटर, लीटर आदि भी साथ लेकर लाएं। 9 को लुहाल, खनाग, शुश, रशांडी, सराली, चौकी, कमांद, खण्णी, खुन्न, कोहिला, बुछैर, लढागी, तराला, कुटवा, ओलवा, थनोग पुनन, अमरबाग और आसपास के क्षेत्रों और 10 को गुगरा, चवाई, हरिपुर, निगान, समोली, बराड, कंडुगाड, जाबन क्षेत्र के देवरी, जिखटी, निगाली कैंची और 11 को आनी कस्बा, नालदेरा, बराड़, रवाह, रोपड़ी, शमशर और आसपास के क्षेत्रों के दुकानदारों, ढाबा और होटल, रेस्टोरेंट संचालकों के बटे, तराजू बिजली के कांटे, लीटर-मीटर व अन्य सभी प्रकार के मापतोल यंत्र के निरीक्षण के बाद नवीकरण विश्राम गृह आनी में किया जाएगा।






**आयोजन** पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की बैठक आयोजित

# निगम के पेंशनर्स को समय पर प्रदान की जाए पेंशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की बैठक में मौजूद पेंशनर्स।

पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की बैठक लीला गोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मुख्यातिथि सुरेश चंद्र विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने उनकी मासिक पेंशन प्रबंधन समय पर प्रदान नहीं कर रहा है इस पर गहरी चिंता व्यक्त की और सरकार एवं प्रबंधन से मांग की गई कि उनकी पेंशन समय अनुसार हर माह की पहली तारीख को प्रदान की जाए क्योंकि पेंशन समय पर उपलब्ध न होने के कारण सभी पेंशनर्स को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। 12 अक्तूबर को निगम के 50 वर्ष पूर्ण होने पर निगम द्वारा स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री सुक्खू एवं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह घोषणा की थी कि सभी पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का भुगतान जल्द कर दिया जाएगा, लेकिन आज तक मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो पाया है। बैठक में प्रस्ताव पारित किया कि मेडिकल बिलों का भुगतान जल्द किया जाए, ताकि बीमार एवं उपचाराधीन पेंशनर्स को राहत मिल सके। पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन द्वारा 65/70/ 75 आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स को क्रमशः 5 फीसदी, 10 फीसदी एवं 15 फीसदी बढ़ोतरी के संदर्भ में दायर पटीशन के संदर्भ में उच्च न्यायालय द्वारा 20 को निर्णय पेंशनर्स के पक्ष में सुनाया गया, उस निर्णय के अनुसार उपरोक्त पेंशनर्स को इसका लाभ जल्द प्रदान किया जाए। वर्ष 2016 से जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें नए वेतनमान के अनुसार जल्द ही लंबित वित्तीय लाभ प्रदान किए जाएं। बैठक में संगठन के महामंत्री गौरी लाल भारती, संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष टेकचंद, संगठन के मुख्य सलाहकार प्यारे लाल कश्यप, संगठन के कानूनी सलाहकार अमरचंद, उपप्रधान करतार सिंह, संगठन के वरिष्ठ सलाहकार खुशाल चंद, संयुक्त सचिव करम सिंह, कार्यालय सचिव रूपचंद, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सलाहकार समिति के सदस्य अरुण कुमार, पतराम एंव हेमचंद आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर हिमाचल पथ परिवहन से सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधक रशीद शेख, हिमाचल पथ परिवहन निगम केलांग क्षेत्र से सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधक राधा चौधरी, हेमराज गुलेरिया, मुख्य निरीक्षक नारायण सिंह, नीरत राम ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

# स्वयंसेवियों की समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना को किया उजागर

**अनंत ज्ञान बंजार**



अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस के उपलक्ष्य पर कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उपमंडलाधिकारी नागरिक बंजार पंकज शर्मा मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह तथा अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर स्वयंसेवियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा मुख्यातिथि पंकज शर्मा को राष्ट्रीय सेवा योजना टोपी पहनाकर व पुष्प गुच्छ तथा खतग भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी कंगना वशिष्ठ द्वारा किया गया। डॉ. श्रवण कुमार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने बताया कि इस अवसर पर इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा भाषण, नारा लेखन, काव्य पाठ, गायन तथा नृत्यों की विविधरंगी प्रस्तुत देकर स्वयंसेवियों की समाज तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना को उजागर किया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवी अक्षता द्वारा सभी का औपचारिक स्वागत किया गया, जबकि स्वयंसेवी डोलमा द्वारा सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह द्वारा एसडीएम बंजार का स्वागत करते हुए उन्हें कॉलेज की अकादमिक तथा गैर-अकादमिक गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने भविष्य में कॉलेज के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्राथमिकता आधार पर सहयोग देने का आग्रह किया। इसके पश्चात मुख्यातिथि ने सभी स्वयंसेवियों को अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।




## न्यूज ब्रीफ

### एसपी ऑफिस में नए सिरे से लगाई टाइलें

**सोलन।** मिनी सचिवालय में बीते दिनों एसपी कार्यालय के फर्श की टाइलें उखड़ जाने से पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो गए थे पर अब नए सिरे से टाइलें लगाई गई हैं। हालांकि अभी रहस्य बना हुआ है कि टाइलें अचानक कैसे चटक गई। अब मिनी सचिवालय की बिल्डिंग की स्थिति का पता लगाने के लिए आईआईटी रुड़की की टीम मौके का सर्वे करेगी। बता दें कि सोलन के मिनी सचिवालय में बने एसपी ऑफिस की टाइलें चटकनी शुरू हो गई थी, जिसको लेकर लोक निर्माण विभाग सवालों के घेरे में आ गया था कि आखिर एसपी सोलन गौरव सिंह के कार्यालय की टाइलें टूटी कैसे, जिसको लेकर मिनी सचिवालय के बनने पर भी सवाल खड़े हो गए थे, जिसका पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें एसपी सोलन गौरव सिंह के कार्यालय में ही टाइलें चटकी थी, जबकि मिनी सचिवालय की हालत बेहतर है, जिसको लेकर अब लोक निर्माण विभाग द्वारा सोलन के एसपी के कार्यालय में टाइल लगाने का कार्य जोरो शोरों पर किया जा रहा है। इस विषय पर जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग के एक्शन रवि भट्टी ने बताया कि सोलन के एसपी कार्यालय में दोबारा से टाइलें लगाने का कार्य पूरा हो गया।

### आयरन की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव पर की चर्चा



**सराहां।** स्वास्थ्य खंड पच्छाद के अंतर्गत बीआरसीसी कार्यालय नारग में नोडल अध्यापकों का वीकली आयरन एंड फोलिक एसिड वितरण के बारे में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा खंड नारग के सभी विद्यार्थियों के नोडल अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यापकों को जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारग डॉ. प्रवेश चौधरी ने शरीर में आयरन की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सप्ताह में एक बार प्रत्येक स्कूल में विभाग द्वारा आयरन की गोली वितरित की जा रही है, जिससे बच्चों में खून की कमी को पूरा किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त बच्चों को जंक फूड छोड़ कर घर से बना हुआ संतुलित भोजन करना चाहिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नरवीर शर्मा ने अध्यापकों से आयरन की गोलियों का पर्याप्त स्टॉक रखने व समय पर रिपोर्टिंग करने का आग्रह किया।

### पोस्टर प्रतियोगिता में दीक्षा पहले स्थान पर





**सोलन।** राजकीय डिग्री कॉलेज (जीडीसी) जयनगर के रेड रिबन क्लब और एनएसएस इकाई ने एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हिमाचल में चल रहे एक माह लंबे अभियान का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और इस बीमारी के बारे में जानकारी देना था। पहले दिन पोस्टर बनाने और नारे लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में दीक्षा ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि नीरज ने दूसरा और ज्योतिका लांजीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में नीरज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन रील मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रील मेकिंग प्रतियोगिता में नीरज ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि आकांक्षा कुमारी ने दूसरा स्थान हासिल किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कोमल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### रिकांगपिओ में भाजपा का प्रदर्शन 10 को

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** सूरत नेगी ने रिकांगपिओ में कहा कि प्रदेश सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल विफल रहा है और विकास के सभी कार्य ठप पड़े हुए हैं। ऐसे में 10 को विकास कार्यों में विफलता के खिलाफ रिकांगपिओ में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जाएगी। उन्होंने कहा कि दो वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने लोगों से केवल झूठे आश्वासन व घोषणाएं की हैं। प्रदेश सरकार ने 10 झूठी गारंटियों को मैदान में सही तरीके से अबतक नहीं उतारा है, न ही लोगों को प्रदेश सरकार की किसी योजना का लाभ मिल रहा है, जिस कारण प्रदेश की जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल के सभी विकास कार्यों को प्रदेश के अंदर कांग्रेस के कैबिनेट मंत्री उद्घाटन व दोबारा से शिलान्यास कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# हार्ट अटैक के रोगियों की जान बचाएगा टेनेक्टाप्लेस इंजेक्शन

**आर मोहन चौहान, सोलन**



▶ सोलन स्वास्थ्य विभाग ने 24 एमओ को दी ट्रेनिंग

ठंड के मौसम की वजह से हाइपरटेंशन और दिल के मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। ऐसे में इन रोगियों को अपनी सेहत का खास ध्यान रखना पड़ता है फिर भी यदि हार्ट अटैक पड़ने के छह घंटे के अंदर अगर मरीज अस्पताल पहुंच जाए, तो उनकी जान बचाई जा सकती है। इस स्थिति में मरीज को टेनेक्टाप्लेस इंजेक्शन लग जाए, तो वह आसानी से स्वस्थ हो जाता है।

सोलन सहित प्रदेश के अन्य अस्पतालों में भी टेनेक्टाप्लेस इंजेक्शन का स्टॉक उपलब्ध करवाने की योजना है। इस इंजेक्शन को लगाने के लिए सोलन स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 24 एमओ को ट्रेनिंग करवाई है। अब जल्द ही सभी डॉक्टर अपने- अपने क्षेत्र में हार्ट अटैक आने के समय इस इंजेक्शन को लगा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

### मरीजों को घर के पास मिलेगी सुविधा

**सोलन** के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में यह सुविधा पहले ही मिल रही है। यहां पर ईसीजी की सुविधा भी है और मेडिसिन विशेषज्ञ भी हैं। इसके चलते सोलन अस्पताल में यह सुविधा काफी समय से मिल रही है। बता दें कि हार्ट अटैक के समय लगने वाला यह इंजेक्शन बहुत महंगा है। पहले तो इसकी कीमत 70 से 80 हजार रुपए थी। हालांकि अब करीब 40 हजार रुपए में यह इंजेक्शन मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से हार्ट अटैक के मरीजों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। हार्ट अटैक के समय लगने वाला इंजेक्शन अभी सिर्फ सोलन अस्पताल में ही लग रहा है, लेकिन विभाग अब इसे अन्य अस्पतालों में भी लगाने की योजना बना रहा है।

> अटैक के समय लगने वाला इंजेक्शन अब अधिकतर अस्पतालों में उपलब्ध करवाने की योजना है। अभी फिलहाल इसके लिए जिले में कार्यरत 24 एमओ को ट्रेनिंग करवाई गई है। योजना को लागू होने में कुछ समय लग सकता है।
>
> **डॉ. गगनदीप, जिला कार्यक्रम अधिकारी।**

### पहले होगी जांच और टेस्ट

**जानकारी** के अनुसार हार्ट अटैक के समय सबसे पहले मरीज का ईसीजी किया जाता है, ताकि पता लगाया जा सके कि उसे हार्ट अटैक है या कुछ और ऐसे में सोलन के जिन भी सरकारी अस्पतालों में ईसीजी की सुविधा है। वहां के मेडिकल ऑफिसर उसका ईसीजी करेंगे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ईसीजी की व्हाट्सऐप के माध्यम से नोडल ऑफिसर से सलाह ली जाएगी। इसके बाद ही उपचार होगा। इसके लिए सोलन अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. तरूण शास्त्री को नोडल अफसर बनाया गया है।

# पॉलीथिन प्रयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश

▶ डीसी सिरमौर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति तथा जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक डीसी सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में हुई।

उन्होंने बताया कि सिरमौर में वर्तमान में 132495 राशनकार्ड धारक हैं, जिनको अगस्त से नवंबर, 24 तक 116290 मीट्रिक टन गुणवत्ता पूरक खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध करवाई गई। इस बैठक का संचालन करते हुए जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सिरमौर नरेंद्र धीमान ने बताया कि खाद्यान्नों की गुणवत्ता के लिए समय-समय पर नमूनों को एकत्रित कर निदेशालय को जांच के लिए भेजा जाता है। अगस्त से नवंबर माह तक 33 नमूने जांच के लिए भेजे गए, जिनमें से 31 नमूने सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सही पाए गए तथा शेष की रिपोर्ट आना बाकी है। सिरमौर में 16 गैस एजेंसियों के माध्यम से 158051 उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से उपलब्ध करवाई जा रही है। सिरमौर में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीद के लिए दो खरीद केंद्र धौलाकुआं तथा एपीएमसी पांवटा साहिब में स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से नवंबर तक 8446 मैट्रिक टन धान खरीद कर 1829 किसानों को लाभान्वित किया गया। डीसी ने समस्त खाद्य निरीक्षकों को समय-समय पर दुकानों का निरीक्षण करने तथा विशेषकर पॉलीथिन प्रयोग करने वाले दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जिला सिरमौर में ग्रामीण स्तर पर 266965 लाभार्थियों और शहरी स्तर पर 14138 लाभार्थियों को चयनित करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से ग्रामीण स्तर पर 233681 तथा शहरी स्तर पर 10896 लाभार्थियों का चयन कर लिया गया है।

# एसडीएम पच्छाद ने बैठक आयोजित कर सर्दियों की तैयारियों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, सराहां**

एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने एसडीएम कार्यालय में उपमंडल के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर सर्दियों की तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सर्दी के मौसम में आम जनमानस को क्या-क्या एहतियात बरतनी चाहिए और किसी भी तरह की आपदा होने पर विभिन्न विभागों को क्या-क्या तैयारियां करनी चाहिए। इन सभी मुद्दों को लेकर एसडीएम ने चर्चा की। इस दौरान बिजली के शार्ट सर्किट, कोयले के इस्तेमाल से होने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड के प्रभाव से बचाव, अधिक बर्फबारी होने पर पानी की पाइप जम जाना, बेघर लोगों को सर्दी से बचाने के लिए पंचायत स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई तथा मौसम विभाग द्वारा पहले से मौसम संबंधी जानकारी व चेतावनी को समय से आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को उन क्षेत्रों में पर्याप्त राशन और ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा जहां बर्फबारी और सड़क अवरोध के कारण सर्दी के मौसम में संपर्क कट जाता है।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को रणनीतिक रुप से अपने संसाधनों की तैनाती करने के लिए कहा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर समयबद्ध तरीके से सड़क बहाली का काम किया जा सके। उन्होंने बिजली व जल शक्ति विभाग तथा दूर संचार के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में दूरसंचार, बिजली व पानी जैसी आवश्यक बुनियादी व्यवस्था सुचारू रखने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक दवाइयों व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करें।

# विकलांग क्रिकेट प्रतियोगिता : इंडियन फाइटर ने जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



क्योरटेक ग्रुप के सीईओ सुमित सिंगला साथ में विकलांग क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया व अन्य पदाधिकारी।

विकलांग क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया पीसीसीएआई द्वारा हरियाणा के भिवानी शहर में दो दिवसीय नॉर्थ जोन विकलांग क्रिकेट टूर्नामेंट (डीपीएल) का भव्य आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में उत्तरी भारत के 6 राज्यों से 45 दिव्यांग खिलाड़ियों की तीन टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में इंडियन फाइटर टीम ने एक संघर्षपूर्ण फाइनल मैच में इंडियन टाइगर टीम को 41 रनों की बढ़त से पराजित किया। विकलांग क्रिकेट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में 6 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचे। विकलांग क्रिकेट खिलाड़ियों में कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हुए। प्रतियोगिता में दिन और रात के मैच खेले गए, जिनमें फाइनल के पश्चात विजेताओं को पुरस्कार क्योरटेक ग्रुप के सीईओ अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन सुमित सिंगला ने अपने कर कमलों से वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रुप की ओर से मैच की विजेता इंडियन फाइटर टीम को 21000, दूसरे स्थान पर आने वाली इंडियन टाइगर टीम को 11000 और सेकेंड रनरअप टीम इंडियन हीरो को भी 11000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया। इस अवसर पर भिवानी के एडीसी हर्षित सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के विजेताओं को सम्मानित करने के पश्चात सुमित सिंगला ने हिमाचल और अन्य राज्यों के उद्योगपति वर्ग से अपील की कि वह अपने राज्यों का गौरव बढ़ाने के लिए खिलाड़ियों को उत्साहित करें। क्योरटेक ग्रुप और अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा हिमाचल प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम को गोद लिया हुआ है। उन्होंने कहा कि मई 2025 में स्व. अमित सिंगला की याद में दूसरी दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बद्दी क्षेत्र में किया जाएगा।

# शूलिनी विंटर क्रिकेट प्रीमियर लीग में टीम अकात्सुकी चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



शूलिनी विश्वविद्यालय में विंटर क्रिकेट प्रीमियर लीग में चैंपियन टीम मुख्यातिथि के साथ।

शूलिनी विश्वविद्यालय ने हाल ही में शूलिनी विंटर क्रिकेट प्रीमियर लीग की मेजबानी की। शूलिनी विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण कार्यालय के तहत खेल विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच फिटनेस और टीम वर्क को प्रोत्साहित करना है।

प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा, एसोसिएट डीन छात्र कल्याण ने कहा कि टूर्नामेंट ने एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कई मैचों के बाद, कप्तान मयंक के नेतृत्व में टीम अकात्सुकी चैंपियन बनकर उभरी। रोहित नेगी के नेतृत्व में उपविजेता बेबी बूमर्स ने पूरे टूर्नामेंट में कड़ी टक्कर दी। टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। शूलिनी विश्वविद्यालय के संचालन निदेशक ब्रिगेडियर एसडी मेहता ने पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के बीच अनुशासन, टीम वर्क और लचीलापन बनाने के तरीके के रूप में खेल को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह टूर्नामेंट समग्र विकास के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है। समारोह के दौरान व्यक्तिगत कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। अनमोल को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला। मैदान पर लगातार प्रयास के लिए आशीष शर्मा को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का खिताब दिया गया। इस आयोजन को डेकाथलॉन सोलन से समर्थन मिला, जिसने ट्रॉफियां और खेल उपकरण प्रदान किए। विक्रांत चौहान ने कहा कि यह टूर्नामेंट विश्वविद्यालय में खेल संस्कृति और फिटनेस जागरूकता को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर था, जिसने भविष्य की पहल के लिए मंच तैयार किया।

# कोलका में लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

द हंस फाउंडेशन की टीम ने पंचायत कोटली के गांव कोलका में नशे की लत पर जागरूकता फैलाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में टीम ने लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। टीम ने बताया कि धूम्रपान और शराब पीने से न केवल शरीर को नुकसान होता है, बल्कि परिवार को भी स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से नुकसान होता है इसलिए नशे से दूर रहना और स्वस्थ जीवन जीना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी उमा ठाकुर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिल्पा ठाकुर, फार्मासिस्ट उमा भारती आदि ने भाग लिया।

### डीसी ने कहा, आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा जिला प्रशासन की प्राथमिकता

# सीमा देवी के पति के उपचार के लिए 20 हजार रुपए स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने निर्देश पर सोलन में जनसमस्याओं की सुनवाई एवं उनका निकारण सुनिश्चित बनाया गया। डीसी मनमोहन शर्मा ने अपने कार्यालय में लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनीं और उनका निकारण सुनिश्चित बनाया। आम लोगों को उनके घरद्वार के समीप विभिन्न समस्याओं के समाधान सुनिश्चित बनाने की यह पहल सोलन में एक महिला के लिए वरदान सिद्ध हुई।

कंडाघाट उपमंडल के भाट गांव की रहने वाली सीमा देवी डीसी के समक्ष अपनी फरियाद लेकर पहुंची कि उनके पति कैंसर पीड़ित हैं और गरीबी के कारण उन्हें अपने पति के इलाज में अनेक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सीमा देवी की समस्या पर डीसी ने त्वरित निर्णय लिया उनके पति के उपचार के लिए तुरंत प्रभाव से 20 हजार रुपए की सहायता स्वीकृत की। उन्होंने सीमा देवी को अपने पति के उपचार के लिए अस्पताल से संपूर्ण विवरण प्रस्तुत करने को कहा, ताकि मुख्यमंत्री राहत कोष से रोगी के उपचार के लिए समुचित सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सीएम ने सभी डीसी एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं वीरवार को कार्यालय में जन समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि सीएम के निर्देशानुसार यदि किसी कारणवश डीसी एवं पुलिस अधीक्षक सोमवार एवं वीरवार को कार्यालय में उपस्थित नहीं हैं, तो जन समस्याओं की सुनवाई अगले कार्य दिवस की जा सकती है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन यह सुनिश्चित बना रहा है कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ लक्षित वर्गों तक समय पर पहुंचें। वीरवार को 8 व्यक्ति अपनी समस्याओं के समाधान के लिए डीसी कार्यालय पहुंचे। डीसी ने सभी को आश्वस्त किया कि नियमानुसार सभी समस्याओं का समयबद्ध निपटारा किया जाएगा।

# 11 नहीं, अब 13 दिसंबर को पंचायतों में होगी ग्राम सभा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी मनमोहन शर्मा ने कहा कि जन योजना अभियान-2024 के तहत पंचायत विकास योजना 2025-26 के अनुमोदन के लिए ग्राम सभा की विशेष बैठकों में आंशिक संशोधन किया गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि विकास खंड धर्मपुर, कंडाघाट, पट्टा, कुनिहार, सोलन तथा नालागढ़ की सभा की बैठक 11 के स्थान पर अब 13 को आयोजित की जाएगी।

विकास खंड धर्मपुर के अंतर्गत पंचायत गुल्हाड़ी तथा कोटला, विकास खंड कंडाघाट की पंचायत ममलीग, काहला, सतड़ोल तथा कनैर, विकास खंड कुनिहार की पंचायत पलानियां, दधोगी, दानोघाट, बरायली, दावटी, घनागुघाट, पारनु, दाड़ला, डुमेहर, कोठी, कशलोग, ग्याणा, सारमा तथा जघून में ग्राम सभा की बैठक अब 13 को आयोजित होगी। विकास खंड भटोली कलां, सौड़ी तथा जाडला, विकास खंड सोलन की पंचायत मशीवर, नौणी-मझगांव, नेरी कलां, ओच्छघाट, पड़ग, पट्टा बरौरी, रणो, सलोगड़ा, सन्होल, सपरून, सेन बनेड़ा तथा सेरी, विकास खंड नालागढ़ की पंचायत माजरा, ढांग निहली, राजपुरा, रडियाली, प्लासीकलां, मंझौली, खेड़ा, सनेड़, किरपालपुर, गागुवाल, ढेला, लोधीमाजरा, थाना, बधोखरी तथा छियाछी में बैठक 13 को होगी।

# गैस कनेक्शन धारक करवाएं केवाईसी : दिले राम

**सोलन।** सोलन के चिल्ड्रन पार्क स्थित सिविल सप्लाई गैस एजेंसी के प्रभारी दिलेराम ने कहा कि सोलन शहर के उपभोक्ता जल्द कार्यालय में आकर अपनी केवाईसी करवाएं। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता केवाईसी करवाने में कम रूचि ले रहे हैं। उपभोक्ता अपनी गैस पासबुक व आधार कार्ड लेकर आएं और केवाईसी करवाएं। दिलेराम ने बताया कि सिविल सप्लाई की गैस की गाड़ी सोमवार को शक्तिनगर, मंगलवार को करोल विहार, बावरा, एचएफसीएफ, फ्रेंड्स कालोनी, बुधवार को चंबाघाट, सन्नी साइड, सेर क्लीन, वीरवार को सलोगड़ा व ब्रुअरी क्षेत्र, शुक्रवार को क्लीन, बाईपास और शनिवार को कथेड़ व न्यू कथेड़ गैस की गाड़ी आती है। इसके अलावा हर माह के दूसरे और चौथे शनिवार को गैस गाड़ी चामुंडा कालोनी आती है। गैस एजेंसी प्रभारी दिले राम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह जिस एरिया में गाड़ी की टर्न है, उस क्षेत्र में एक दिन पहले ऑनलाइन बुकिंग करवाएं और अगले दिन सिलेंडर उनके घर पहुंच जाएगा।




**आयोजन** मेयर उषा शर्मा ने बिजली बोर्ड की पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम के तहत त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता की, कहा-

# लोगों को दी जाएगी बिजली आपूर्ति से संबंधित जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर निगम की मेयर उषा शर्मा।

सोलन शहर में बिजली बोर्ड की सहायता से बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याओं को हल करने के तरीके निकालने के प्रयास किए जाएंगे। यह जानकारी सोलन नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने बिजली बोर्ड की पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम के तहत त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को बिजली आपूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बिजली बोर्ड के उपस्थित अधिकारियों से बिजली उपभोक्ता मित्र कार्यक्रम चलाने का आग्रह किया। उन्होंने शहर वासियों को बिजली बचत, बिजली सुरक्षा, बिजली आपूर्ति में व्यवधानों की दिशा में शिकायत निवारण प्रणाली के बारे में जागरूक करने की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित बिजली बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने कहा कि बिजली उपभोक्ता के अधिकारों को सुनिश्चित बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड ने बिजली आपूर्ति में व्यवधानों और अन्य सुचनाओं के लिए टोल फ्री 1800-180-8060 या 1912 नंबर स्थापित किए हैं और बिजली उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए प्रदेश भर में पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर सोलन शहर में बिजली आपूर्ति स्थिति की विस्तृत जानकारी बिजली उपमंडल के सहायक अभियंता ई विमल अत्री ने दी। इस अवसर पर उपस्थित पार्षद रजनी, रेखा साहनी तथा सीमा ने बहुमुल्य सुझाव दिए। इस अवसर पर बिजली उपमंडल नं.-2 के सहायक अभियन्ता ई. विपुल कश्यप तथा स्किल डवलपमेंट सेंटर सोलन के सहायक अभियंता ई. राजेंद्र शर्मा भी उपस्थित थे। इसके उपरांत कंडाघाट कॉलेज में बिजली संबंधी सूचना प्रबंधन पर एक गोष्ठी का अयोजन किया गया। इस गोष्ठी में कॉलेज के अध्यापक और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पांच छात्राएं नेशनल पर खेलेंगी थ्रो बॉल

**दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन की पांच छात्राओं का चयन 34वीं जूनियर थ्रो बॉल नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य बीआर वर्मा ने बताया कि 9 से 11 तक इंदौर मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली 34वीं जूनियर नेशनल थ्रोबॉल प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की पांच छात्राओं का चयन हुआ है। इन छात्राओं का चयन हिमाचल प्रदेश थ्रो बॉल संगठन द्वारा लिए गए ट्रायल में हुआ था। बीआर वर्मा ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि यह छात्राएं नेशनल प्रतियोगिता में भी अपना अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एचडीएफसी बैंक का रक्तदान शिविर आज

**चंडीगढ़।** एचडीएफसी बैंक अपनी प्रमुख सीएसआर पहल व परिवर्तन के तहत अपने राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान के 16वें संस्करण का आयोजन करने जा रहा है। 6 दिसंबर को सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक चलने वाला यह अभियान भारत के 1100 से अधिक शहरों में चलाया जाएगा। इस वर्ष बैंक को पिछले साल की तुलना में अधिक भागीदारी की उम्मीद है और इस रक्तदान अभियान के तहत 6 लाख यूनिट से अधिक रक्त एकत्र करने की उम्मीद है। प्रतिभागियों में एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी, ग्राहक, कॉर्पोरेट, रक्षा बलों के सदस्य, छात्र और सामान्य समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। यह पहल समुदाय कल्याण के लिए बैंक की प्रतिबद्धता पर जोर देती है और भारत की रक्त आपूर्ति चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैंक के उपप्रबंध निदेशक कैजाद भरुचा ने कहा कि एचडीएफसी बैंक में हम समुदाय द्वारा संचालित पहलों की परिवर्तनकारी शक्ति में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। हमारे 16वें अखिल भारतीय रक्तदान अभियान के माध्यम से, हमारा उद्देश्य नागरिकों को समाज में सार्थक योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

### मोबाइल टावर लगाने में जुटी बीएसएनएल

**उत्तराखंड।** सार्वजनिक दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल उत्तराखंड के पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों में प्रमुख स्थानों पर मोबाइल टावर लगा रही है ताकि चीन




और नेपाल की सीमा से सटे इलाकों में भारतीय नेटवर्क की उपलब्धता हो सके। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि सीमावर्ती इलाकों में दूरसंचार टावर लगाए जाने से स्थानीय लोगों को मोबाइन कनेक्टिविटी के लिए नेपाली नेटवर्क पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगले साल मार्च से पहले दारमा, व्यास और चौदास घाटियों में भारत-नेपाल और भारत-चीन सीमाओं के पास का पूरा इलाका बीएसएनएल नेटवर्क से कवर हो जाएगा। बीएसएनएल के महाप्रबंधक महेश निखुर्पा ने कहा कि भारत-नेपाल और भारत-चीन सीमाओं पर सीमावर्ती क्षेत्र और सीमा चौकियों (बीओपी) को संचार नेटवर्क के दायरे में लाने के लिए कुल 31 मोबाइल टावर लगाए जाने हैं। उन्होंने कहा कि 25 में से सात टावर पहले ही चालू हो चुके हैं और बाकी टावर लगाने की दिशा में काम चल रहा है।

### आतंकी नारायण तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला करने वाले आरोपी नारायण सिंह चौड़ा को वीरवार को अमृतसर कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। जब पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करने के लिए लाई थी तो कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस की ओर से अदालत में दलील दी गई कि आतंकी चौड़ा से पूछताछ के लिए सात दिन रिमांड चाहिए, लेकिन कोर्ट ने तीन दिन का रिमांड मंजूर किया है। पुलिस की तरफ से आरोपी चौड़ा के घर पर भी रेड की गई और वहां से काफी सामान भी कब्जे में लिया है। इस संबंधी चौड़ा के परिवार वालों ने अदालत में एक एप्लीकेशन फाइल की है। इसके अलावा चौड़ा के परिवार का कहना है कि पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर की कापी भी उन्हें नहीं दी जा रही है। इसके अलावा वीरवार को जब आरोपी चौड़ा को पुलिस ने अदालत में पेश किया तो वहां पर एक महिला पहुंची। महिला के हाथों में मिठाई का डिब्बा था और वह चौड़ा का मुंह मीठा करवाने के लिए आई थी। महिला ने आते ही कहा कि चौड़ा ने जो काम किया है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है और इसलिए वह उसका मुंह मीठा करवाने आई है। इसके बाद उक्त महिला को भी पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया और फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

### बीआरएस नेता हरीश राव को किया गिरफ्तार



**हैदराबाद।** पूर्व मंत्री और बीआरएस के वरिष्ठ नेता हरीश राव को पुलिस ने वीरवार को गिरफ्तार कर लिया। राव ने पार्टी विधायक कौशिक रेड्डी के घर जाने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कौशिक रेड्डी के खिलाफ बुधवार को बंजारा हिल्स थाने में पुलिस की ड्यूटी में बाधा डालने और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, कौशिक रेड्डी को गिरफ्तार करने के लिए बड़ी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने हरीश राव को उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी।

### दिल्ली मेट्रो की केबल चोरी, ब्लू लाइन पर सेवाएं प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की 'ब्लू लाइन' पर मोती नगर और कीर्ति नगर स्टेशन के बीच 'केबल' चोरी होने के कारण वीरवार को सेवाएं प्रभावित रहीं जिससे यात्रियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने कहा कि प्रभावित खंड पर पूरे दिन मेट्रो का परिचालन धीमी गति से होगा।

### आईसीआईसीआई बैंक के ठिकानों पर रेड

**मुंबई।** महाराष्ट्र जीएसटी विभाग ने भारत के दूसरे सबसे बड़े निजी लेंडर आईसीआईसीआई बैंक के तीन ऑफिस में तलाशी शुरू किया है। छापेमारी महाराष्ट्र जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 67(1) और (2) के तहत चल रही जांच का हिस्सा है। हालांकि, बैंक ने विस्तृत जानकारी नहीं दी है, लेकिन उसने अधिकारियों के साथ सहयोग की पुष्टि की है।

### संभल हिंसा में शामिल लोगों के लगेंगे पोस्टर

**संभल (उप्र)।** संभल जिला प्रशासन 24 नवंबर को जिले में हुई हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर लगाए जाएंगे। संभल के जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद 400 से अधिक उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है और अभी तक 32 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### दुष्कर्म मामले में कुलदीप सेंगर को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने वीरवार को भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को चिकित्सा आधार पर दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी, जो 2017 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक नाबालिग से बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सुखबीर सिंह बादल ने की पंजाब के तख्त केशगढ़ साहिब में 'सेवा'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

जानलेवा हमले में बाल-बाल बचने के एक दिन बाद वीरवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब के रूपनगर जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच तख्त केशगढ़ साहिब के बाहर 'सेवादार' के रूप में सेवा दी।

'जेड प्लस' सुरक्षा प्राप्त पूर्व उपमुख्यमंत्री बादल सुरक्षाकर्मियों के घेरे में आनंदपुर साहिब पहुंचे। वह 'सेवादार' की नीली वर्दी में एक हाथ में भाला लेकर गुरुद्वारे के प्रवेश द्वार पर सुबह नौ बजे से एक घंटे के लिए बैठे। व्हीलचेयर पर बैठे शिअद नेता बादल (62) ने बाद में कीर्तन सुना तथा सामुदायिक रसोईघर में बर्तन भी धोये। वह 2007-2017 के बीच पंजाब में शिअद सरकार और पार्टी द्वारा की गई 'गलतियों' के लिए सिखों के सर्वोच्च धार्मिक निकाय अकाल तख्त द्वारा सुनाई गई धार्मिक सजा का पालन कर रहे हैं। अकाल तख्त ने उन्हें अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के अलावा तख्त केशगढ़, तख्त दमदमा साहिब तथा मुक्तसर के दरबार साहिब एवं फतेहगढ़ साहिब में दो-दो दिन के लिए 'सेवादार' के रूप सेवा करने का निर्देश दिया है।



हमले के एक दिन बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पंजाब के तख्त केशगढ़ साहिब में 'सेवा' करते हुए।

स्वर्ण मंदिर में अपने प्रायश्चित के दूसरे दिन बुधवार को बादल तब बाल-बाल बच गए, जब पूर्व खालिस्तानी आतंकवादी नारायण सिंह चौड़ा ने उन पर नजदीक से गोली चलाई। बादल बच गए क्योंकि वहां सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हमलावर को पकड़ लिया, जिससे उसका निशाना चूक गया। गोली बादल के बजाय पीछे दीवार में लगी। वीरवार को पुलिस ने तख्त केशगढ़ साहिब में बादल के पहुंचने से पहले व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। रूपनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुलनीत सिंह खुराना ने कहा कि अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था की गई है। शिअद नेता विक्रम सिंह मजीठिया, दलजीत सिंह चीमा, बलविंद्र सिंह भुंदड़, हीरा सिंह एवं अन्य भी गुरुद्वारे में मौजूद हैं। वे भी प्रायश्चित कर रहे हैं।

# रक्तदान ही रक्त एकत्रण का विकल्प: संजय टंडन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि रक्त ऐसी चीज है, जिसे बनाया नहीं जा सकता है।

इसकी आपूर्ति का कोई विकल्प नहीं है, बल्कि रक्तदान के जरिये ही रक्त एकत्रित किया जा सकता है। एक बार रक्तदान करने से किसी को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-44 मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला बढ़ाया। शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में पहुंचने पर मुख्यातिथि संजय टंडन का एमडब्ल्यूए अध्यक्ष अनिल वोहरा, चेयरमैन विजय जौहरी व कोषाध्यक्ष दिलजीत ठुकराल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं, शिविर की अध्यक्षता चंडीगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष चरणजीत सिंह और पार्षद जसमनप्रीत सिंह ने की। टंडन ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और रक्त संचार भी बेहतर होता है। इसलिए युवाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए।

अध्यक्ष अनिल वोहरा ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं, श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, आजाद टैक्सी यूनियन व पार्क अस्पताल का रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर में सहयोग करने पर आभार जताया। इस अवसर पर अरविंद्र सिंह, रमेश दुग्गल, अजय घई, संदीप धूपर, अनिल गुप्ता, राजिंद्र जोशी, टीएस हुंडल, खुशविंद्र सिंह, कमलजीत सिंह, बलजिंद्र गुजराल, महासचिव, राजन महाजन, प्रीतपाल सोढ़ी सलाहकार, संजीव ग्रोवर, उपाध्यक्ष हरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली मार्च को लेकर किसी भी स्थिति से निपटने को दिल्ली पुलिस तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पंजाब के किसानों के छह दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च से पहले, दिल्ली पुलिस ने वीरवार को कहा कि वे सिंघू सीमा पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अभी सिंघू सीमा पर सुरक्षाकर्मियों की कोई अतिरिक्त तैनाती नहीं है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च से पहले दिल्ली-चंडीगढ़ राजमार्ग पर सिंघू सीमा पर एक बड़े स्तर पर तैनाती की योजना बनाई है। हम स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं और अगर हमें किसानों के आंदोलन के बारे में कोई खुफिया जानकारी मिलती है, तो उसके अनुसार निर्णय लिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि अभी तक सिंघू सीमा पर कोई अतिरिक्त तैनाती नहीं की गई है, लेकिन हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में, सिंघू सीमा पर स्थानीय पुलिस द्वारा चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी)-चार उपायों और कानून व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए चेक पोस्ट लगाए गए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसानों ने पहले 13 फरवरी और 21 फरवरी को दिल्ली की ओर मार्च करने का प्रयास किया था, लेकिन उन्हें पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर शंभू और खनौरी में सुरक्षा बलों ने रोक दिया था।

## पंजाब पुलिस ने मार्च से पहले शंभू में किसान नेताओं के साथ की बैठक

# शांतिपूर्ण तरीके से करेंगे मार्च, नहीं लेकर जाएंगे ट्रैक्टर-ट्रॉली

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब पुलिस ने दिल्ली कूच से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को शंभू सीमा पर किसान नेताओं के साथ बैठक की। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और अपनी कई अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय राजधानी तक पैदल मार्च करेंगे। पटियाला संभाग के पुलिस उप महानिरीक्षक मनदीप सिंह सिद्धू एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह ने वीरवार को किसान नेताओं सरवन सिंह पंधेर एवं सुरजीत सिंह फूल से मुलाकात की।

सिद्धू ने कहा कि किसान नेताओं ने पुलिस को आश्वासन दिया है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से मार्च करेंगे और



इसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर नहीं ले जाएंगे। उन्होंने कहा, 'वे पैदल जाएंगे।' किसान 13 फरवरी से पंजाब एवं हरियाणा के बीच शंभू तथा खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। इससे पहले सुरक्षा बलों ने किसानों के दिल्ली मार्च को रोक दिया गया था।

हरियाणा में अंबाला प्रशासन ने बुधवार को किसानों से अपने मार्च पर पुनर्विचार करने का अग्रह करते हुये उन्हें दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद ही किसी भी कार्रवाई पर विचार करने को कहा था। स्थानीय प्रशासन ने पहले ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है, जिससे जिले में पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और शंभू सीमा के पास विरोध स्थल पर नोटिस जारी किए गए हैं। पंधेर समेत दो किसान नेताओं के पंजाब स्थित घरों पर भी नोटिस भेजे गए हैं। पहले यह घोषणा की गई थी कि किसानों के पहले जत्थे का नेतृत्व सतनाम सिंह पन्नू, सुरिंद्र सिंह चौटाला, सुरजीत सिंह फूल और बलजिंद्र सिंह करेंगे। 21 फरवरी को खनौरी सीमा पर झड़प के दौरान पंजाब के किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी, जब प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली की ओर मार्च करने की कोशिश की थी। सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले भी दागे थे।

एमएसपी के अलावा, किसान कृषि ऋण माफी, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं, पुलिस मामलों की वापसी और 2021 लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं।

## देश-विदेश

# कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे ने ईडी को बताया गुलाम निदेशालय

**एजेंसी, कर्नाटक**



कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने वीरवार को ईडी को 'गुलाम निदेशालय' बताया। प्रियांक ने 'एक्स' पर कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक गुलाम निदेशालय बन गया है। वे भाजपा सरकार की असहाय और लाचार कठपुतलियों के अलावा कुछ नहीं हैं। मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी मामले में सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ ईडी की जो रिपोर्ट लीक की गई है, वह पूरी तरह से मनगढ़ंत है।

### सलमान खान के शूटिंग सेट पर घुसा संदिग्ध

**मुंबई।** मुंबई के जोन-5 में एक संदिग्ध बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के शूटिंग स्थल में घुस गया और उसने कथित तौर पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर धमकी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध को तुरंत पकड़ लिया है।

### केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के खिलाफ मानहानि का मामला बंद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के खिलाफ आपराधिक मानहानि की कार्यवाही को रद्द कर दिया है। मुरुगन के खिलाफ दिसंबर 2020 में एक प्रेस वार्ता के दौरान उनके कथित मानवाधिकार बयानों के लिए चेन्नई स्थित मुरासलोली ट्रस्ट की ओर से दायर की शिकायत पर आपराधिक मानहानि की कार्यवाही शुरू की थी।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर अमेरिका ने जताई चिंता

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर अत्याचार की खबरों को अमेरिका ने वीरवार को 'काफी चिंताजनक' करार दिया। अमेरिका ने कहा कि वह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार समेत अपने सभी साझेदारों के साथ चर्चा में इस बात पर जोर देता है कि हर व्यक्ति को उसके धर्म और विश्वास के मुताबिक जीने की आजादी मिलनी चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता मार्गरेट मक्लाउड ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों पर संवाददाताओं से कहा कि बांग्लादेश से आ रही इन खबरों को अमेरिकी प्रशासन काफी चिंताजनक समझता है।

# इसराइल ने किया गाजा में विस्थापितों के शिविर पर हमला, 21 की मौत

**एजेंसी, गाजा पट्टी**



**इसराइल** के हवाई हमलों में दक्षिणी गाजा में विस्थापित फिलिस्तीनियों के शिविर में रह रहे 21 लोग मारे गए। इसराइल की सेना ने कहा कि उसने क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल शीर्ष हमास आतंकवादियों को निशाना बनाया।

हालांकि, इसराइल की सेना ने कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी और कहा कि उसने इस बात की पूरी सावधानी बरती कि हमले में नागरिक हताहत नहीं हों। मुवासी तंबू शिविर पर हमला बुधवार को गाजा पट्टी में हुए कई घातक हमलों में से एक था। फिलिस्तीनी चिकित्सकों के अनुसार, मध्य गाजा में इसराइली हमले में कम से कम 10 और लोग मारे गए, जिनमें चार बच्चे भी शामिल हैं। हमास के अक्तूबर 2023 के हमले के बाद करीब 14 माह से जारी गाजा में इसराइल के विनाशकारी युद्ध के खत्म होने के कोई संकेत नहीं हैं। हमास ने अब भी कई इसराइली नागरिकों को बंधक बना रखा है।

# दक्षिण कोरिया मार्शल लॉ विवाद: रक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार, रिटायर्ड आर्मी जनरल लेंगे उनकी जगह

**एजेंसी, सोल**

**दक्षिण** कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल ने रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। देश में मार्शल लॉ लागू होने में उनकी कथित भूमिका को लेकर बढ़ते विवाद के बीच यह इस्तीफा हुआ है। राष्ट्रपति यून सुक-योल ने मंगलवार रात को मॉर्शल लॉ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि, बुधवार सुबह उन्हें अपना फैसला पलटना पड़ा।

मार्शल लॉ कुछ ही घंटे तक लागू रहा। आरोप है कि किम ने कथित तौर पर मार्शल लॉ घोषित करने का प्रस्ताव रखा था। उनके इस्तीफे की मांग विपक्षी ही नहीं बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से भी गई। यून के चीफ ऑफ स्टाफ चुंग जिन-सुक ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि राष्ट्रपति ने किम के उत्तराधिकारी के रूप में चोई ब्युंग-हुक को नामित किया, जो एक रिटायर्ड फोर स्टार आर्मी जनरल हैं और वर्तमान में सऊदी अरब में दक्षिण कोरिया के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद्द की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने वीरवार को केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के खिलाफ दिसंबर 2020 में प्रेसवार्ता के दौरान उनके कथित मानहानिकारक बयानों को लेकर चेन्नई स्थित मुरासोली ट्रस्ट की ओर से दायर शिकायत पर आपराधिक मानहानि की कार्यवाही को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह आदेश तब पारित किया जब मुरुगन के वकील ने कहा कि नेता का कभी ट्रस्ट को बदनाम करने या उसकी प्रतिष्ठा को कोई नुकसान पहुंचाने का इरादा नहीं था।



पीठ ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से उपस्थित वकीलों ने विनम्रतापूर्वक कहा है कि चूंकि मुरुगन ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका ट्रस्ट को बदनाम करने या उसकी छवि को नुकसान पहुंचाने या चोट पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था, इसलिए वे अभियोजन जारी रखने का इरादा नहीं रखते हैं।

# भाजपा को झटका, पूर्व विधायक जितेंद्र शंटी 'आप' में शामिल




**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पद्मश्री** पुरस्कार से सम्मानित और सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह शंटी अगले वर्ष फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले वीरवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए।

जितेंद्र भाजपा की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। शहीद भगत सिंह (एसबीएस) फाउंडेशन के अध्यक्ष शंटी को कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान उनके मानवीय प्रयासों के लिए पहचान मिली। शंटी, शहीद भगत सिंह सेवा दल के संस्थापक भी हैं। यह एक गैर सरकारी संगठन है, जो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार और हिंदू व सिख परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार के बाद के अनुष्ठान करने के जाना जाता है।

### ट्रंप ने पूर्व सैनिक डेनियल पी. ड्रिस्कॉल को सैन्य सचिव चुना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उन्होंने इराक युद्ध में हिस्सा ले चुके पूर्व सैनिक को अपना सैन्य सचिव चुना है। नॉर्थ कैरोलाइना से ताल्लुक रखने वाले डेनियल पी. ड्रिस्कॉल, उपराष्ट्रपति पद के लिए चुने गए जेडी वेंस के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम कर चुके हैं। डेनियल की वेंस से मुलाकात तब हुई थी जब दोनों 'येल लॉ स्कूल' में पढ़ रहे थे। उन्होंने 2020 में नॉर्थ कैरोलाइना कांग्रेस सीट के लिए रिपब्लिकन प्राइमरी में हिस्सा लिया था, लेकिन असफल रहे थे।



# सेंसेक्स में 809 और निफ्टी में 240 अंक का आया उछाल

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** वीरवार को दिन के निचले स्तर 80,467 से 1,298 अंक संभला। दिनभर के कारोबार के बाद यह 809 अंक की तेजी के साथ 81,765 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी दिन के निचले स्तर 24,295 से 413 अंक संभला। यह 240 अंक की तेजी के साथ 24,708 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी और 2 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में तेजी और 9 में गिरावट रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स में सबसे ज्यादा आईटी सेक्टर 1.95 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ, जबकि पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.30 फीसदी की तेजी और कोरिया के कोस्पी में 0.90 की गिरावट रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.12 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।

### दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास ने राजनीति से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं शाहदरा से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक रामनिवास गोयल ने अपनी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए चुनावी राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर गोयल (76) के फैसले को एक भावुक क्षण बताया। दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी, 2025 में होने हैं। गोयल 2015 से दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष हैं और पूर्वी दिल्ली के शाहदरा निर्वाचन क्षेत्र से दो बार विधायक रहे हैं।



# सांस लेने लायक हुई दिल्ली की हवा, 161 पहुंचा एक्यूआई



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्लीवालों** को दिसंबर महीने के 5वें दिन भयंकर प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली है।

एक्यूआई में कमी आने के बाद आसमान साफ नजर आ रहा है और खिली धूप नजर आ रही है, जिसके बाद लोगों ने यहां राहत की सांस ली है। करीब दो महीने से में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' और 'गंभीर श्रेणी' में चल रही थी, लेकिन अब दिल्लावालों को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली है। सुबह शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 161 दर्ज किया गया, जो कि 'मध्यम' श्रेणी में आता है। ये दिसंबर का अब तक का सबसे साफ हवा वाला दिन है।

# मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे रोहित, गुलाबी गेंद से बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगा भारत

## दिन-रात्रि टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा मुकाबला आज से

**एजेंसी, एडिलेड**

रोहित शर्मा ने आदर्श कप्तान की मिसाल पेश करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में मध्यक्रम में खेलने का फैसला किया है, जिसमें पहले टेस्ट में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम गुलाबी गेंद से अपने रिकॉर्ड में सुधार करने की कोशिश करेगी।

रोहित पितृत्व अवकाश के कारण पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने अब वापसी पर मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने का फैसला किया है ताकि अच्छी फॉर्म में चल रहे यशस्वी जयसवाल और लोकेश राहुल पारी का आगाज कर सकें। इन दोनों ने पहले टेस्ट मैच में भारत की दूसरी पारी में बड़ी शतकीय साझेदारी निभाई थी। शुभमन गिल भी अंगूठे की चोट से उबर कर इस मैच में वापसी करेंगे। भारतीय टीम ने पर्थ में पहले टेस्ट मैच में तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए 295 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की सीरीज में शुरुआती बढ़त हासिल की।



एडिलेड में मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र में पसीना बहाते टीम इंडिया के खिलाड़ी।

यह पहला अवसर नहीं है जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर अच्छा प्रदर्शन किया हो। इससे पहले वह पिछले दो अवसरों पर भी ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर सीरीज में हरा चुका है।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौर में एडिलेड में खेले गए दिन-रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 36 रन पर आउट हो गया थी लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी करके सीरीज जीती थी। इस बार भारतीय टीम पहले मैच में जीत से उत्साह से लबरेज है। जहां तक ऑस्ट्रेलिया की बात है तो उसके लिए अपने प्रमुख बल्लेबाजों की फॉर्म बड़ी चिंता का विषय है। अगर उसे सीरीज बराबर करनी है तो फिर स्टीवन स्मिथ, उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन जैसे बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की चिंता केवल बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं है।

### एडिलेड में टीम इंडिया का प्रदर्शन

**13** टेस्ट भारतीय टीम ने एडिलेड में खेल

**02** जीते और आठ में हार मिली, तीन मैच ड्रॉ रहे




### मैच : सुबह 9:30 बजे से

### संभावित टीमें

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जयसवाल, लोकेश राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप। प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर में से।

**ऑस्ट्रेलिया।** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पीएम मोदी ने की भारतीय जूनियर हॉकी टीम के बेजोड़ कौशल की प्रशंसा




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरुष जूनियर एशिया कप जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम की सराहना करते हुए गुरुवार को कहा कि उनके बेजोड़ कौशल, अटूट धैर्य और अविश्वसनीय टीम वर्क ने इस जीत को इस खेल के गौरवशाली इतिहास में दर्ज कर दिया। मोदी ने एक्स पर लिखा, ''हमें अपने हॉकी चैंपियन पर गर्व है। हमारी पुरुष जूनियर टीम ने जूनियर एशिया कप 2024 का खिताब जीता है। यह भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।'' गत चैंपियन भारत ने अरजीत सिंह हुंदल के चार गोल की मदद से बुधवार को मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप के फाइनल में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर खिताब की हैट्रिक लगाई। भारत का जूनियर एशिया कप में यह 5वां खिताब है। इससे पहले उसने 2004, 2008, 2015 और 2023 में यह खिताब जीता था।

### ऊना में अंडर-14 क्रिकेट के लिए 170 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

**संजीव पुरी, ऊना।** जिला ऊना की अंडर-14 प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट टीम का ट्रायल स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में आयोजित किया गया। ट्रायल में लगभग 170 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें से कैंप के लिए 36 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। कैंप में खिलाड़ियों के प्रैक्टिस मैच खिलाए जाएंगे और जिसके आधार पर जिस खिलाड़ी की परफॉर्मेंस अच्छी होगी, उसका चयन किया जाएगा। अंडर-14 का टूर्नामेंट 24 दिसंबर से आरंभ हो रहा है। टूर्नामेंट का आयोजन ऊना, पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़, और जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला में किया जाएगा। इस चयन प्रक्रिया के लिए तीन सिलेक्टर नियुक्त किए गए थे, जिसमें जोगिंदर पुरी, राहुल शर्मा और असीम कुमार शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

### सारा की खूबसूरती का कोई जवाब नहीं

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर सारा ग्लेन की खूबसूरती का भी कोई जवाब नहीं है। जितना वे अपने क्रिकेट प्रदर्शन को लेकर चर्चा में रहीं, उससे ज्यादा सोशल मीडिया पर उनकी खूबसूरती के चर्चे होते हैं। अपनी बोल्ड तस्वीरों से सारा सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं।



### मध्य प्रदेश-झारखंड सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी के फाइनल में

**सिकंदराबाद।** मध्य प्रदेश और झारखंड ने गुरुवार को यहां क्रमश: मिजोरम और ओडिशा के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने कड़े मुकाबले में मिजोरम को 3-2 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने नियमित समय में मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद ओडिशा को शूट आउट में 3-2 से शिकस्त दी। फाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा जबकि उसी दिन मिजोरम और ओडिशा के बीच तीसरे स्थान का प्ले ऑफ मुकाबला भी होगा।



## महिला वनडे

### ऑस्ट्रेलिया वुमंस टीम ने भारत को पांच विकेट से दी शिकस्त

# मात्र 100 रनों पर सिमटी महिला टीम

**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण भारत को पहले महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया से 202 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.2 ओवर में 100 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर तीन मैच की सीरीज में शुरुआती बढ़त हासिल की।

छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया भी बीच में थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गया था, जब तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (45 रन देकर तीन विकेट) ने एक ओवर में दो विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को इसके अलावा हालांकि लक्ष्य हासिल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

अपना पहला वनडे खेल रही सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल (42 गेंदों पर नाबाद 46) ने सहजता से बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की आसान जीत सुनिश्चित की। उन्होंने अपनी पारी के दौरान रेणुका सिंह पर काउ कॉर्नर क्षेत्र में दर्शनीय छक्का भी लगाया था।

उनकी सलामी जोड़ीदार फोएबे लीचफील्ड (29 गेंदों में 35 रन) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। लीचफील्ड ने लगातार छह चौके लगाए, जिनमें से चार रेणुका और दो अपना पहला वनडे खेल रही तेज गेंदबाज टिटास साधु की गेंदों पर लगे। दूसरा वनडे आठ दिसंबर को यहां एलन बॉर्डर फील्ड में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत की नींव तेज गेंदबाज मेगन शुट्ट ने रखी। उन्होंने 19 रन देकर पांच विकेट लिए और भारतीय टीम को सस्ते में समेटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की तरफ से 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 गेंदों में 23 रन बनाए।



आउट होने के बाद निराश भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना।

**202** गेंद शेष रहते जीता मेजबान ऑस्ट्रेलिया

**19** रन देकर पांच विकेट झटके मेगन शुट्ट ने

### सात ओवर में सलामी बल्लेबाज आउट

भारतीय महिला टीम ने पहले सात ओवरों में ही सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। प्रिया पुनिया (03) अपनी वापसी को यादगार नहीं बना पाई। अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (08) ने शुट्ट की बाहर जाती आउटस्विंगर पर विकेट के पीछे कैच दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) को तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। रोड्रिग्स बीच में तब तक सहज दिख रही थीं, जब तक कि किम ग्राथ ने उन्हें थर्ड मैन पर गेंद पहुंचाने की कोशिश में बोल्ड नहीं कर दिया। भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 62 रन था, लेकिन इसके बाद उसकी पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। जेमिमा और हरमनप्रीत के अलावा हरलीन देओल (19) और रिचा घोष (14) ही दोहरे अंक में पहुंच पाई। भारत ने अपने अंतिम 3 बल्लेबाज 100 रन के स्कोर पर गंवाए।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतकर आखिरी किला फतह करना चाहते हैं कमिंस

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अपने करियर में वनडे विश्व कप, एशेज और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती है, लेकिन वह अभी तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं और उनका लक्ष्य इस बार यह आखिरी किला भी फतह करना है।



कमिंस ने इसके साथ ही कहा कि पहले टेस्ट मैच में करारी हार झेलने के बावजूद उनकी टीम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कमिंस ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, लेकिन उन्होंने भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच 2017 में खेला था। ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाया है। पर्थ में पहले टेस्ट मैच में 295 रन की करारी हार के बाद ऑस्ट्रेलिया पांच मैच की सीरीज में 0-1 से पीछे चल रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा,'' ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम में मौजूद कई खिलाड़ियों ने अभी तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है। हमारे कई खिलाड़ियों के लिए अंतिम किला फतह करने जैसा है। पिछले कुछ वर्षों में हमने चुनौतियों का डटकर सामना करके अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें इस सीरीज में भी ऐसा करने की जरूरत है।''

## बुमराह महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित

**एजेंसी, दुबई**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में पहले टेस्ट मैच में टीम की कप्तानी करते हुए भारत को 295 रन से बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को नवंबर माह के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित किया गया है।



जसप्रीत बुमराह

बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में भारतीय टीम का नेतृत्व किया, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाए थे। भारत के इस तेज गेंदबाज को दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन और पाकिस्तान के हारिस रऊफ के साथ नामांकित किया गया है। बुमराह ने नवंबर में आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी की थी और अब उनका लक्ष्य महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतना होगा। रोहित की अनुपस्थिति में टीम की कमान संभालने वाले बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी में 30 रन देकर पांच और दूसरी पारी में 42 रन देकर तीन विकेट लिए थे। भारत ने यह मैच जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

महिलाओं के वर्ग में महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए बांग्लादेश की शर्मिन अख्तर, दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क और इंग्लैंड की डैनी व्याट-हॉज दावेदारों में शामिल हैं।

## सैयद मुश्ताक : बड़ौदा ने ट्वेंटी-20 में बनाए 349 रन, सबसे बड़ा स्कोर

**एजेंसी, इंदौर**

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गुरुवार को नए रिकॉर्ड बने जब बड़ौदा ने टी-20 क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, जबकि पंजाब के अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद में शतक के साथ इस प्रारूप में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। ये दोनों रिकॉर्ड हालांकि घरेलू क्रिकेट की कमजोर टीम के खिलाफ बने।

बड़ौदा ने इंदौर में सिक्किम के खिलाफ 20 ओवर में पांच विकेट पर 349 रन बनाए जबकि अभिषेक ने राजकोट में मेघालय के खिलाफ तूफानी पारी खेलकर किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। गुजरात के उर्विल पटेल ने भी 28 गेंद में शतक जड़ा था। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ यह कारनामा किया था। अभिषेक ने 29 गेंद में नाबाद 106 रन की पारी खेली जिससे पंजाब ने 143 रन के लक्ष्य को सिर्फ 9.3 ओवर में हासिल कर लिया।



भानु पानिया

इंदौर में बड़ौदा ने अपने विशाल स्कोर के दौरान रिकॉर्ड 37 छक्के लगाए। यह किसी भारतीय टीम का 300 रन से अधिक का पहला स्कोर है।

बड़ौदा की ओर से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे भानु पानिया ने 51 गेंद में पांच चौकों और 11 छक्कों की मदद से नाबाद 134 रन बनाए। सिक्किम को सात विकेट पर 86 रन के स्कोर पर रोककर बड़ौदा ने 263 रन से जीत दर्ज की।

## क्रिकेट

### 36 वर्षीय शाह आईसीसी चेयरमैन बनने वाले सबसे युवा और 5वें भारतीय

# क्रिकेट को 'अभूतपूर्व ऊंचाइयों' पर ले जाएंगे : जय शाह

**एजेंसी, दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनियुक्त चेयरमैन जय शाह ने गुरुवार को खेल की वैश्विक संचालन संस्था के प्रमुख के तौर पर इसके मुख्यालय का पहली बार दौरा करने के बाद क्रिकेट को 'अभूतपूर्व ऊंचाइयों' पर ले जाने का संकल्प लिया। अगस्त में निर्विरोध चुने गए 36 वर्षीय शाह आईसीसी चेयरमैन बनने वाले सबसे युवा और 5वें भारतीय हैं। उनका कार्यकाल एक दिसंबर से शुरू हुआ।

शाह ने चेयरमैन के तौर पर पहली बार दुबई में आईसीसी मुख्यालय का दौरा किया और इसे प्रेरणादायक बताया। शाह ने कहा, ''मैंने जो देखा उससे मैं उत्साहित हूं, लेकिन मैं मानता हूं कि यह तो बस शुरुआत है।'' उन्होंने कहा, ''क्रिकेट को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कड़ी मेहनत अब शुरू हो गई है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब मिलकर इस लक्ष्य को हासिल करेंगे।'' आईसीसी बोर्ड के निदेशकों और कर्मचारियों के साथ बैठक के बाद बोलते हुए शाह ने क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''इस यात्रा ने आईसीसी बोर्ड में मेरे सहयोगियों से जुड़ने का एक बहुमूल्य अवसर प्रदान किया जहां हमने इस अविश्वसनीय खेल के भविष्य को आकार देने के लिए शुरुआती खाके और रणनीतियों पर चर्चा की।''



जय शाह

शाह ने कहा, ''क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाली समर्पित आईसीसी टीम से मिलकर मुझे भी उतनी ही खुशी हुई।'' शाह ने ग्रेग बार्कले का स्थान लिया, जो 2020 से आईसीसी के चेयरमैन का पद संभाल रहे थे।

आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा ने खेल के लिए शाह के महत्वाकांक्षी 'विजन' की सराहना की। ख्वाजा ने कहा, ''बोर्ड की ओर से मैं जय शाह का इस पद पर स्वागत करना चाहता हूं।''

उन्होंने कहा, ''शाह की महत्वाकांक्षा और अनुभव आईसीसी और खेल का भविष्य में मार्गदर्शन करने में सहायक होंगे। यह सभी के लिए बहुत ही फलदायक यात्रा रही है और हम सफलता हासिल करने के लिए उनके, सदस्यों और आईसीसी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।''

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप

### गुकेश और लिरेन के बीच 9वीं बाजी भी ड्रॉ




**सिंगापुर।** भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 9वीं बाजी भी गुरुवार को यहां ड्रॉ रही, जिससे यह मुकाबला बराबरी पर बना हुआ है। यह लगातार छठी बाजी और मुकाबले की कुल 7वीं बाजी है जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने अंक बांटे। इस ड्रॉ के बाद दोनों खिलाड़ियों के समान 4.5 अंक हो गए हैं जो चैंपियनशिप जीतने के लिए जरूरी 7.5 अंक से तीन अंक कम हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने 54 चाल के बाद बाजी को ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। शुक्रवार को आराम का दिन है जिसके बाद दोनों खिलाड़ी शनिवार को फिर मुकाबला शुरू करेंगे।